फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 286 प्रभात जयपुर, सोमवार 19 मई, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**The Battle Of Khalubar Top** It became clear to the Gorkhas that they would have to physically fight the enemy and evict him bunker by bunker. It was now that some of the most heroic deeds of valour took place on Khalubar

**Not the Last Word**

**Greening the Heat: A Summer Call to Plant and Protect**

# पाकिस्तान यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को एसेट की तरह विकसित कर रहा था

## पहलगाम आतंकी घटना के बाद आईबी ने ज्योति मल्होत्रा का नाम संदिग्धों की सूची में शामिल किया था

हिसार, 18 मई। जासूसी के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा के हिसार की ज्योति मल्होत्रा को लेकर अब तरह तरह के खुलासे हो रहे हैं। कोर्ट ने शनिवार को ही उसे पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा और माना जा रहा है कि पूछताछ में कई तरह के खुलासे होंगे। इस कड़ी में अब एक नई बात सामने आ रही है।

- **यूट्यूबर ज्योति तीन बार पाकिस्तान जा चुकी है। दानिश के कहने पर ज्योति के पाकिस्तान में ठहरने व घूमने का प्रबंध उसके जानकार अली अहवान ने किया था।**

एसपी हिसार शशांक कुमार सावन ने रविवार को बताया कि पाकिस्तान उसे एक एसैट की तरह विकसित कर रहा था। इसके अलावा ज्योति प्रायोजित यात्राओं पर पाकिस्तान जाती थी। वह पहलगाम हमले से पहले पाकिस्तान में थी। पूछताछ में पता चला है कि उसके साथ कुछ और लोग भी शामिल हैं, जिनके बारे में पता किया जा रहा है।

तीन बार पाकिस्तान जा चुकी ज्योति को पहलगाम आतंकी घटना और ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी आईबी ने संदिग्धों की सूची में शामिल किया था। देश की खुफिया सूचनाएं साझा करने का इनपुट मिलने के बाद से ज्योति के मोबाइल फोन और सोशल मीडिया अकाउंट ट्रैक किए जा रहे थे।

हिसार के डीएसपी कमलजीत ने बताया कि न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन कॉलोनी निवासी ज्योति "ट्रैवल विद जो" नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाती है। जांच में पता चला है कि वह 2023 में वीज़ा लगवाने के लिए पाकिस्तान हाई कमीशन गई थी। वहां उसकी मुलाकात एहसान उर रहीम उर्फ दानिश से हुई। इसके बाद उसने दानिश से फोन पर संपर्क शुरू कर दिया और तीन बार पाकिस्तान की यात्रा की। पाकिस्तान में दानिश के कहने पर वह अली अहवान से मिली।

अली अहवान ने ज्योति के ठहरने व घूमने का प्रबंध करने के साथ उसकी मुलाकात पाकिस्तानी इंटेलीजेंस के अधिकारियों से कराई। ज्योति ने पुलिस को बताया कि दानिश के कहने पर वह पाकिस्तानी इंटेलीजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) के शाकिर उर्फ राणा शाहबाज से मिली और उसका मोबाइल नंबर भी लिया।

डीएसपी ने बताया कि ज्योति ने शाकिर का फोन नंबर अपने मोबाइल में जट रंधावा नाम से सेव किया। भारत आने के बाद वह शाकिर सहित अन्य से वॉट्सऐप, स्नैप चैट, टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क में रहने लगी और देश विरोधी सूचनाएं उन तक पहुंचाने लगी। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने दानिश को जासूसी के आरोप में वांछित घोषित कर रखा है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ज्योति ने भारतीय सैन्य ठिकानों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान भेजी। पाकिस्तानी एजेंसियों ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की सकारात्मक छवि दिखाने के लिए सक्रिय रूप से ज्योति का इस्तेमाल किया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ज्योति के पीआईओ के एक व्यक्ति के साथ नजदीकी संबंध हैं। ज्योति पाकिस्तान के अलावा इंडोनेशिया में बाली की भी यात्रा कर चुकी है।

बता दें कि हिसार पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले छह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके यूटयूबर ज्योति मल्होत्रा तथा उसके पांच साथी शामिल हैं।

# गंगानगर में तापमान 46 डिग्री पहुँचा

जयपुर, 18 मई। राजस्थान में गर्मी का प्रकोप अपने चरम पर है। प्रदेश में अधिकतम तापमान का स्तर 46 डिग्री तक पहुंच गया है। हालांकि अप्रैल के अंत में प्रदेश का पारा 47 डिग्री को छू चुका है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों में पारे का मिजाज और बढ़ सकता है। दिन के साथ रातें भी झुलसा रही हैं। रात्रि के समय भी कई जिलों में पारा 30 डिग्री से अधिक पहुंच गया है। गंगानगर में न्यूनतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। कई अन्य शहरों में भी न्यूनतम तापमान का स्तर 30 डिग्री से अधिक रहा।

- **मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में पारा और बढ़ सकता है।**

बीते 24 घंटों में राजस्थान में गंगानगर सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश के ज्यादातर शहरों में अधिकतम पारा 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों में राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्र, जोधपुर तथा बीकानेर में धूल भरी हवाएं चलेंगी और हीट वेव का भी जबरदस्त असर देखने को मिलेगा। सीमावर्ती जिलों में पारा 45 से 46 डिग्री के आस-पास रह सकता है। राज्य के उत्तरी भागों में 19 और 20 मई को मेघगर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है।

# केरल कांग्रेस ने शशि थरूर विवाद से दूरी बनाई

## केरल के नेताओं का कहना है कि थरूर कार्यसमिति के सदस्य हैं, उन पर केन्द्रीय नेतृत्व ही राय दे सकता है

नई दिल्ली, 18 मई। केरल में कांग्रेस ने शशि थरूर द्वारा केंद्र सरकार के आमंत्रण पर बहु-दलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के फैसले के बाद पैदा हुए विवाद से खुद को अलग कर लिया। पार्टी ने रविवार को यह स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर टिप्पणी करना पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का विषय है।

विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने एक पत्रकार के सवाल के जवाब में कहा कि शशि थरूर कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य हैं और उनके जैसे नेता पार्टी अनुक्रम में उनसे ऊपर हैं। एक सीडब्ल्यूसी सदस्य का पद काफी अहम होता है। इस विषय पर पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व अपनी राय देगा, और हम वही राय साझा करेंगे। हालांकि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता तिरुवंचूर राधाकृष्णन ने थरूर से, कांग्रेस सांसद के रूप में अपनी "मुख्य जिम्मेदारी" निभाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि पूर्व संयुक्त राष्ट्र राजनयिक अंतर्राष्ट्रीय अवसरों की तलाश कर सकते हैं, लेकिन ऐसा पार्टी नेतृत्व की अनुमति से ही होना चाहिए। एक टीवी चैनल से बात करते हुए राधाकृष्णन ने कहा, थरूर की दो भूमिकाएं हैं-एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनके विचारों और संबंधों की वजह से, और दूसरी कांग्रेस सांसद के रूप में।

- **विपक्ष के नेता सतीसन ने कहा कि पूर्व संयुक्त राष्ट्र राजनयिक अंतर्राष्ट्रीय अवसरों की तलाश कर सकते हैं, लेकिन पार्टी नेतृत्व की अनुमति से ही ऐसा होना चाहिए।**

उन्होंने आगे कहा, स्वाभाविक है कि उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व की जानकारी और मंजूरी के साथ ही आगे बढ़ना चाहिए। वह अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में काम कर सकते हैं, लेकिन वह पार्टी को कमजोर नहीं कर सकते, जिसका वे वर्तमान में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। राधाकृष्णन ने कहा कि उन्हें पहले अपने संसदीय कर्तव्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान के खिलाफ भारत का रुख सामने रखने के लिए विदेश भेजे जाने वाले एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के केंद्र के निमंत्रण को थरूर ने स्वीकार कर लिया है, जिसके मद्देनजर कांग्रेस नेताओं ने ये प्रतिक्रियाएं दी हैं। शशि थरूर के फैसले पर इसलिए विवाद पैदा हुआ है कि केंद्र सरकार के अनुरोध पर कांग्रेस की ओर से दिए गए नामों में उनका नाम नहीं था। थरूर ने अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें इस मामले में कोई राजनीति नहीं दिखती।

# आरएसएस मुख्यालय हमले का मास्टर माइंड सैफुल्लाह मारा गया

## आतंकी सैफुल्लाह को सिंध में मतली फलकारा चौक के पास अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी

नयी दिल्ली, 18 मई। ऑपरेशन सिंदूर से सहमे पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका लगा है। पाकिस्तान के सिंध में लश्कर-ए-तैयबा और जमात का आतंकवादी रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह मारा गया। पाकिस्तान के सिंध में मतली फलकारा चौक के पास अज्ञात हमलावरों ने सैफुल्लाह को गोली मार दी। सूत्रों के हवाले से यह सूचना सामने आई है।

ज्ञातव्य है कि सैफुल्लाह नेपाल में लश्कर के मॉड्यूल पर काम कर रहा था और भारत में आतंकियों की घुसपैठ और आर्थिक मदद जुटाने जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहा था। सैफुल्लाह लश्कर के ऑपरेशनल कमांडर आजम चीमा उर्फ बाबाजी का सहयोगी था। सैफुल्लाह 2006 में नागपुर के आरएसएस मुख्यालय पर हुए हमले में शामिल था। इसके अलावा रामपुर स्थित सीआरपीएफ कैंप पर हुए आतंकी हमले और आईआईएससी बेंगलुरु पर हमले की साजिश में भी इसका हाथ था। सैफुल्लाह खालिद

- **लश्कर-ए-तैयबा और जमात का आतंकवादी अबु सैफुल्लाह लश्कर के नेपाल मॉड्यूल पर काम कर रहा था तथा भारत में आतंकियों की घुसपैठ व आर्थिक मदद जुटाने जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहा था।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमृतसर में 102 करोड़ की हेरोइन के साथ 3 गिरफ्तार

अमृतसर, 18 मई। पंजाब में सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर ने एक अंतर्राष्ट्रीय तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया और 10.248 किलोग्राम हेरोइन के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 102 करोड़ से अधिक बताई जा रही है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी संदीप सिंह पिछले छह वर्षों से सीमा पार से पाकिस्तानी तस्करों के संपर्क में था। उसकी गिरफ्तारी से तस्करी के एक प्रमुख नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एनडीपीएस अधिनियम के तहत एफआईआर इस्लामाबाद पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है।

# ट्रंप सोमवार को पुतिन और ज़ैलेंस्की से फोन पर बात करेंगे

वाशिंगटन, 18 मई। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि वह सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोदिमिर ज़ैलेंस्की से अलग-अलग बात करेंगे ताकि दोनों देशों के बीच युद्धविराम समझौते को आगे बढ़ाया जा सके। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, मैं सोमवार को सुबह दस बजे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बात करूंगा। उन्होंने कहा कि इस बातचीत का विषय 'खूनखराबे' को रोकना होगा, जिसमें औसतन हर सप्ताह पांच हजार से ज़्यादा रूसी और यूक्रेनी सैनिक मारे जा रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि वह इसके बाद वे यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ैलेंस्की से बात करेंगे और फिर राष्ट्रपति ज़ैलेंस्की के साथ नाटो के विभिन्न सदस्यों से बात करेंगे।

- **ट्रंप ने कहा, औसतन हर सप्ताह पाँच हजार से ज्यादा रूसी और यूक्रेनी सैनिक मारे जा रहे हैं।**

# हैदराबाद के गुलज़ार हाउस में आग से 17 की मौत

## सुबह 6 बजे ग्राउण्ड फ्लोर पर दुकानों में लगी आग तेजी से ऊपर की मंजिलों में फैल गई।

हैदराबाद, 18 मई। आंध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलज़ार हाउस में रविवार तड़के भीषण आग लगने से 17 लोगों की मौत हो गयी। जिनमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। घटना के समय इमारत में 30 से ज्यादा लोग मौजूद थे। इनमें से 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख जताया है और मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की है।

तेलंगाना राज्य आपदा प्रतिक्रिया और अग्निशमन सेवा विभाग के अनुसार चारमीनार के गुलज़ार हाउस में सुबह 6:16 बजे भूतल पर आग लगी जो तेजी से ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। अग्निशमन, तलाश और बचाव अभियान एक साथ शुरू किया गया।

अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने पहली मंजिल पर फंसे सत्रह व्यक्तियों को बचाया और इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया। कुछ देर बाद विभिन्न स्थानों से कुल 12 अग्निशमन उपकरण घटनास्थल पर पहुंचे। कड़ी मुशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पा लिया।

- **इमारत में 30 से अधिक व्यक्ति थे। इनमें से 15 से अधिक को रेस्क्यू किया गया। बिल्डिंग में सिर्फ एक संकरी सीढ़ी थी। लोग इससे बाहर नहीं निकल सके और दम घुटने से मौत हुई।**

ब्रोंटो स्काईलिफ्ट हायड्रॉलिक प्लेटफॉर्म और फायर रोबोट ने इस अभियान में अहम भूमिका निभाई।

आग लगने के कारणों की फिलहाल पता नहीं चल पाया है। संपत्ति के नुकसान का आकलन अभी नहीं हो पाया है। पुलिस के मुताबिक, बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर जूलरी की दुकानें थीं और ऊपर के फ्लोर पर लोग रहते थे। आग दुकानों में लगी और ऊपर तक फैल गई। बिल्डिंग में सिर्फ एक संकरी सीढ़ी थी, जिससे लोग बाहर नहीं निकल सके और दम घुटने से मौत हो गई।

मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और तत्काल बचाव और राहत उपायों के आदेश दिए।

# केरल ने दसवीं के विद्यार्थियों के लिये रोबॉटिक्स शिक्षा अनिवार्य की

तिरुवनंतपुरम, 18 मई। दो जून से नए शैक्षिणक वर्ष से दसवीं कक्षा के सभी 4.3 लाख विद्यार्थियों के लिए रोबॉटिक्स शिक्षा अनिवार्य करने वाला, केरल, भारत का पहला राज्य बन गया है।

दसवीं कक्षा के सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईसीटी) पाठ्यपुस्तक में रोबॉटिक्स को शामिल करने से विद्यार्थियों को आकर्षक गतिविधियों के माध्यम से मौलिक रोबॉटिक्स अवधारणाओं का पता लगाने में मदद मिलेगी। पहले खंड में 'रोबॉट्स की दुनिया' नामक छठे अध्याय से इनमें सर्किट निर्माण, सेंसर और एक्ट्ययूएटर्स का उपयोग करना और कंप्यूटर प्रोग्रामिंग का उपयोग करके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नियंत्रित करना शामिल है। यह महत्वाकांक्षी पहल सभी सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आर्टिफिशल डंटैलिजैंस सीखने को सुलभ बनाने में केरल की पिछली सफलता पर आधारित है, जो पिछले शैक्षिणक वर्ष में हासिल की गई एक और राष्ट्रीय उपलब्धि है। एआई लर्निंग को अब कक्षा 8, 9 और 10 के लिए आईसीटी पाठ्यपुस्तकों में भी शामिल किया गया है।

- **पिछले वर्ष केरल ने सातवीं के विद्यार्थियों के लिए एआई शिक्षा प्रारंभ की थी, जो बहुत सफल पहल थी।**

# सोलापुर की टैक्सटाइल फैक्टरी में आग से 8 की मौत

मुंबई, 18 मई। महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में रविवार तड़के एक फैक्टरी में लगी भीषण आग में आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन महिलाएं और एक डेढ़ साल का बच्चा शामिल हैं। यह हादसा सोलापुर एमआईडीसी स्थित सेंट्रल टेक्सटाइल मिल्स में सुबह करीब 3:45 बजे हुआ।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, फैक्टरी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। मृतकों में फैक्टरी के मालिक हाजी उस्मान हसनभाई मंसूरी, डेढ़ वर्ष के पोते सहित उनके परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं। अग्निकांड में चार श्रमिक भी मरे हैं।

- **मरने वालों में फैक्टरी का मालिक, उसके परिवार के तीन सदस्य तथा चार श्रमिक हैं।**

एक अधिकारी ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि उसे काबू में करने में दमकल विभाग को करीब पांच से छह घंटे लग गए। अभी भी आग बुझाने का काम जारी है। फैक्टरी में लगी आग के कारण हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# चेतावनी के बाद वरिष्ठ अधिकारी सी.जे.आई के स्वागत में पहुँचे

## बार एसोसिएशन के स्वागत समारोह में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक की अनुपस्थिति पर गवई ने टिप्पणी की थी

मुंबई, 18 मई। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई ने न्यायिक अधिकारों को लेकर जारी बहस के बीच आज अपने गृह राज्य महाराष्ट्र की यात्रा के दौरान प्रोटोकॉल संबंधी खामियों की ओर इशारा किया। साथ ही कार्यपालिका को लेकर की गई एक टिप्पणी में उन्होंने कहा कि यदि जज प्रोटोकॉल तोड़ते हैं तो अनुच्छेद 142 के बारे में चर्चा शुरू हो जाती है, जो सर्वोच्च न्यायालय को विशेष शक्तियां प्रदान करता है। पिछले महीने देश के शीर्ष न्यायिक पद पर आसीन होने वाले और इस पद पर पदोन्नत होने वाले दूसरे दलित मुख्य न्यायाधीश ने मुंबई में एक सम्मान समारोह में भाग लिया और फिर बाबासाहेब अंबेडकर के स्मारक, चैत्य भूमि का दौरा किया।

महाराष्ट्र और गोवा बार काउंसिल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में अपने संबोधन के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने तीन प्रमुख अधिकारियों, महाराष्ट्र के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और मुंबई पुलिस आयुक्त की अनुपस्थिति की ओर इशारा किया।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, "लोकतंत्र के तीन स्तंभ न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका समान हैं। प्रत्येक संवैधानिक संस्था को अन्य संस्थाओं के प्रति सम्मान दिखाना चाहिए। जब महाराष्ट्र का कोई व्यक्ति भारत का मुख्य न्यायाधीश बनता है और पहली बार महाराष्ट्र का दौरा करता है तो अगर महाराष्ट्र के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक या मुंबई पुलिस आयुक्त को उपस्थित होना उचित नहीं लगता है तो उन्हें इस पर विचार करने की जरूरत है। प्रोटोकॉल कोई नई चीज नहीं है, यह एक संवैधानिक संस्था द्वारा दूसरे को दिए जाने वाले सम्मान का सवाल है।"

- **भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने कहा कि प्रत्येक संवैधानिक संस्था को अन्य संस्थाओं के प्रति सम्मान दिखाना चाहिए, प्रोटोकॉल कोई नई चीज़ नहीं है।**

उन्होंने कहा, "जब किसी संवैधानिक संस्था का प्रमुख पहली बार राज्य का दौरा करता है तो उसके साथ जिस तरह का व्यवहार किया जाता है, उस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। अगर हम में से कोई होता तो अनुच्छेद 142 के बारे में चर्चा होती। ये छोटी-छोटी बातें लग सकती हैं, लेकिन जनता को इनके बारे में जागरूक किया जाना चाहिए।"

जब सीजेआई चैत्य भूमि की ओर बढ़े तो महाराष्ट्र की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला और मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती वहां मौजूद थे। साफ जाहिर है कि उन्हें सीजेआई की टिप्पणी के बारे में पता चला होगा।

# पाकिस्तानी बमबारी में बिना फटे 42 बम बरामद

जम्मू, 18 मई। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों को तबाह करने के बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर न सिर्फ ड्रोन-मिसाइल से हमले किए बल्कि लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर जमकर गोलीबारी और बमबारी भी की। लेकिन पाकिस्तान के कई बम दिवाली वाले फुस्स बम जैसे साबित हुए। ये बम पाकिस्तान की तरफ से भारत तो आ गए, लेकिन फट नहीं सके। केवल जम्मू कश्मीर के पुंछ इलाके में ही भारतीय सेना ने ऐसे 42 बम बरामद किए, जो पाकिस्तान की तरफ से भारत तो आए लेकिन फट नहीं सके।

- **भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में मिले इन बमों को डिफ्यूज़ किया।**

रविवार को भारतीय सेना ने पाकिस्तान से आए इन सभी 42 बमों को डिफ्यूज़ किया। पुंछ के अलावा जम्मू कश्मीर के अन्य क्षेत्र, पंजाब, राजस्थान, गुजरात से लगी इंटरनेशनल सीमा के पास भी पाक की ओर से की गई बमबारी के बाद कई बम मिलने की आशंका जताई जा रही है। उन क्षेत्रों में तैनात सेना के जवान और अधिकारी डिफ्यूज करेंगे।

## विचार बिन्दु

एकता का किला सबसे सुरक्षित होता है। न वह टूटता है और न उसमें रहने वाला कभी दुःखी होता है। –अज्ञात

# डेटा सुरक्षा: सावधानी को अपना कवच बनाएं!

आप किसी रेस्तरां में जाते हैं। बैठते ही या फिर भुगतान करते समय आपसे मोबाइल नम्बर पूछा जाता है, और आप सहज भाव से बता देते हैं। आप किसी स्टोर में जाते हैं, कुछ ख़रीददारी करते हैं। जब बिलिंग काउंटर पर जाते हैं तो आपसे आपका मोबाइल नम्बर पूछा जाता है। कुछ लोग तुरंत बता देते हैं। कुछ ना-नुकर करते हैं। इस पर बिलिंग करने वाला कहता है कि आप जो मोबाइल नम्बर देंगे उसी पर आपको कैशमीमो भेजा जाएगा। आप नंबर दे देते हैं। बहुत कम लोग हैं जो यह कहें कि स्टोर वाला उन्हें बिल दे न दे, वे मोबाइल नम्बर नहीं देंगे।

आप किसी वेबसाइट पर जाते हैं और उसकी किसी सुविधा का उपभोग करना चाहते हैं। आपसे कुछ अनुमतियां मांगी जाती हैं, और आप बग़ैर पढ़े खटाखट सारी अनुमतियां दे देते हैं।

आप गूगल प्ले स्टोर से कोई मुफ्त का एप डाउनलोड करके जब अपने मोबाइल में उसे इंस्टॉल करते हैं, तो आपसे कुछ अनुमतियां ली जाती हैं। क्या आपने कभी यह पढ़ने का कष्ट किया है कि वे अनुमतियां किन बातों की हैं? क्या आपने कभी यह प्रयत्न भी करके देखा है कि अगर आप वे अनुमतियां न दें तो क्या होगा?

आप किसी वेबसाइट पर जाते हैं और आपसे अनुमति ली जाती है कि वह वेबसाइट कुछ कुकीज़ का प्रयोग करना चाहती है। कुछ विकल्प भी होते हैं। आप जानते हैं कि कुकीज़ क्या होती हैं और आपको किस तरह की अनुमति देनी चाहिए और किस तरह की अनुमति नहीं देना चाहिए?

ऐसी बहुत सारी बातें हैं। इन सबका सार यह है कि हम अपनी साइबर सुरक्षा के प्रति, अपने निजी डेटा की रक्षा के प्रति बहुत कम सजग हैं।

सन् 2024 के आंकड़ों के अनुसार भारत में इंटरनेट के अस्सी करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। और यह संख्या लगातार तथा बहुत तेज़ी से बढ़ती जा रही है। स्मार्ट फ़ोन सुलभ हैं, इण्टरनेट सस्ता है, इधर अपने लेन-देने में यूपीआई का चलन खूब बढ़ा है। उससे आसानी भी बहुत हो गई है। पहले की तुलना में अब अधिक लोग क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करने लगे हैं। जो लोग थोड़े ज़्यादा एडवांस्ड हैं वे अपना बहुत सारा काम कंप्यूटर पर करते हैं और इंटरनेट उनकी ज़िंदगी का अभिन्न अंग बन चुका है। ई-कॉमर्स बढ़ता जा रहा है। हम बाज़ार जाकर ख़रीददारी करने की बजाय किसी ई कॉमर्स साइट (जैसे अमेज़ॉन, फ्लिपकार्ट आदि) पर जाकर अपनी ज़रूरत का सामान मंगवाना अधिक सुविधाजनक मानते हैं। खाने-पीने के शौकीन अपने शौक के लिए या कामकाज़ी लोग अपनी व्यस्तता की वजह से स्विगी-ज़ोमैटो जैसे सेवा प्रदाताओं की मदद से घर पर खाना मंगवाना सुविधाजनक मानने लगे हैं। स्थानीय परिवहन के लिए उबर-ओला-रैपिडो जैसी सेवाओं का उपभोग आम चला है। शौकिया रूप से भी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का उपभोग करने वाली की संख्या बहुत बड़ी है। इधर अनेक कारणों से वॉट्सएप हमारी ज़िंदगी का अभिन्न अंग बन चुका है। भले ही निजी रूप से मुझे वह पसंद नहीं है, मेरा काम भी उसके बग़ैर नहीं चलता है, मुझे भी सका उपयोग करना ही पड़ता है।

मोबाइल, कंप्यूटर-इंटरनेट के इस बढ़ते जा रहे उपभोग के दौरान हम अपनी बहुत सारी जानकारियां साझा करते हैं, जैसे मोबाइल नम्बर, नाम, जन्म तिथि, पता, तस्वीर वगैरह। यह सब करते हुए हम अपना बहुत सारा निजी डेटा न केवल साझा करते हैं, उसके दुरुपयोग की संभावनाओं का भी विस्तार करते हैं। कुछ-कुछ वैसी ही बात है कि आप अपने घर के खिड़की दरवाज़े खुले छोड़ दें, और इस तरह चोरों को अमंत्रित करें कि आओ, हमारे यहां चोरी कर लो। यह कहने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए कि आज डेटा एक बहुत कीमती वस्तु बन चुका है और चोर-लुटेरे उसे हासिल करने का कोई मौका छोड़ नहीं रहे हैं। इसी कारण साइबर फ्रॉड बढ़ते जा रहे हैं। डेटा चोरी की वजह से हमारी पहचान की चोरी, उसका दुरुपयोग, वित्तीय हानि और मानसिक तनाव में इज़ाफा – कुछ भी हो सकता है। साइबर अपराधों की वजह से अकेले भारत में हर साल अरबों रुपये का नुकसान हो रहा है।

**याद किया जा सकता है कि सन 2023 में कई निजी और सरकारी डेटाबेसों पर साइबर अटैक किए गए थे। फिशिंग के रूप में फ़र्ज़ी ईमेल या मैसेज भेज कर उपयोगकर्ताओं की निजी जानकारियां प्राप्त कर उन्हें नुकसान पहुंचाने की वारदातें होती ही रहती हैं। विभिन्न कम्पनियों और संगठनों के शिथिल सुरक्षा प्रबंधों के कारण बहुत सारा मूल्यवान डेटा अपराधियों के पास पहुंच जाता है जिसका वे मनमाना उपयोग, बल्कि दुरुपयोग करके हमें क्षति पहुंचाते हैं।**

भारत सरकार ने हमारे डेटा के संरक्षण के लिए एकाधिक प्रयास किए हैं। यह याद दिलाना प्रासंगिक है कि हमारे सर्वोच्च न्यायालय ने 2018 में डेटा सुरक्षा के संदर्भ में गोपनीयता को मौलिक अधिकार घोषित किया था और उसके बाद से ही हमारे यहां डेटा संरक्षण को गंभीरता से लिया जाने लगा। इसके बाद आता है सन् 2000 का आईटी एक्ट जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम में डेटा सुरक्षा और साइबर अपराध विषयक प्रावधान हैं। सन् 2023 में लाया गया डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट। यह एक्ट डेटा संग्रह, प्रसंस्करण और भंडारण के बारे में कड़े प्रावधान करते हुए यूज़र्स को अपने डेटा पर अधिक नियंत्रण प्रदान करते हुए उन्हें हटाने या सुधारने के अधिकार प्रदान करता है।

परंतु इन उम्दा प्रयासों और प्रावधानों के बावज़ूद हमारा डेटा और हमारी निजता सुरक्षित नहीं है। साइबर अपराधी कमज़ोर सिस्टम में लगातार सेंध लगा रहे हैं। याद किया जा सकता है कि सन 2023 में कई निजी और सरकारी डेटाबेसों पर साइबर अटैक किए गए थे। फिशिंग के रूप में फ़र्ज़ी ईमेल या मैसेज भेज कर उपयोगकर्ताओं की निजी जानकारियां प्राप्त कर उन्हें नुकसान पहुंचाने की वारदातें होती ही रहती हैं। विभिन्न कम्पनियों और संगठनों के शिथिल सुरक्षा प्रबंधों के कारण बहुत सारा मूल्यवान डेटा अपराधियों के पास पहुंच जाता है जिसका वे मनमाना उपयोग, बल्कि दुरुपयोग करके हमें क्षित पहुंचाते हैं।

ऐसे में जहां सरकार से हमारी अपेक्षाएं बढ़ जाती हैं, वहीं हमारी अपनी सजगता और ज़िम्मेदारी भी बढ़ जाती है। यह जो हर जगह हमसे हमारा मोबाइल नम्बर मांगा जाता है उसे बहुत सोच-समझकर हमें देना चाहिए। किसी रेस्तरां को हम अपना नम्बर क्यों दें? हो सकता है उसके मन में उस डेटा के दुरुपयोग का कोई भाव न हो लेकिन उसकी असावधानी से हमारा डेटा किसी अवांछित तत्व के पास भी तो पहुंच सकता है। इसी तरह जब हम इंटरनेट का उपयोग करें तो हमें मज़बूत और अभेध्य पासवर्ड का प्रयोग करना चाहिए। प्रायः शॉर्टकट अपनाते हुए हम अपने किसी प्रियजन के नाम या जन्म स्थान वगैरह को अपना पासवर्ड बना लेते हैं जिसे बहुत आसानी क्रैक किया जा सकता है। आजकल तो बहुत सारे पासवर्ड मैनेजर भी हमारी मदद करने को तैयार रहते हैं। हमारी कोशिश यही होनी चाहिए कि पासवर्ड इतना जटिल हो कि कोई उसकी कल्पना कर ही न सके। अपने इंटरनेट खातों, बैंक खातों, सोशल मीडिया खातों वगैरह के लिए हमें दो चरणों वाला प्रमाणीकरण अनिवार्यतः प्रयोग करना चाहिए। जब हम ऑनलाइन हों तो किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से पहले कई बार सोचें, और अगर ऐसा करने को टाला जा सके तो टाल ही दें। किसी भी अविश्वसनीय लालच में न फंसें। सोचें कि कोई भी हमें कुछ भी मुफ्त में क्यों देगा? ऐसे प्रस्तावों को पहली नज़र में ही अस्वीकार कर दें, इसी में आपकी भलाई है। गूगल प्ले स्टोर जैसे विश्वसनीय स्त्रोत से ही कुछ डाउनलोड करें। संदिग्ध एप्स कभी डाउनलोड न करें। मुफ्त एप्स को डाउनलोड करने के लालच से बचें। अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे जन्म तिथि, फोन नम्बर, घर का पता, फोटो वगैरह को साझा करने में जितनी ज़्यादा कृपणता बरतेंगे उतने ही सुरक्षित रहेंगे। और इस क्रम में आखिरी बात। पाइरेटेड सॉफ्टवेयर से बचें। उनकी जगह, चाहे वे महंगे ही क्यों न हों, ऑरिजिनल सॉफ्टवेयर काम में लें और उन्हें नियमित रूप से अपडेट करें। उनके साथ ही किसी विश्वसनीय एंटी वायरस का भी उपयोग ज़रूर करें।

जैसे-जैसे हमारे जीवन में तकनीक का उपयोग बढ़ता जा रहा है, उससे हमारा जीवन सुगम हो रहा है, उसके कारण नए खतरे भी चुनौती बन कर हमारे सामने आ रहे हैं। आज कोई आपकी जेब शायद न काटे, लेकिन वह आपके बैंक खाते में सेंध लगाकर आपको सड़क पर ला सकता है। जिसकी आपसे किसी भी तरह की शत्रुता है वह आपके किसी डेटा को चुराकर उसका मनचाहा दुरुपयोग कर आपको नुकसान पहुंचा सकता है। इस सबसे बचाव का एक ही तरीका है और वह है सावधानी बरतना। हमारे बैंक आदि नियमित रूप से हमें आगाह करते हैं। हमें उनके सुझावों और निर्देशों को गंभीरता से लेना चाहिए। शैक्षिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, विभिन्न समूहों को भी समय-समय पर साइबर सुरक्षा के लिए अभियान चलाने चाहिएं ताकि लोग सुरक्षित रह सकें। सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी तो ख़ुद हमारी है। जितने सावधान रहेंगे उतने ही सुरक्षित रहेंगे।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# इस परिणाम के बाद सरकारी स्कूलों में रुझान बढ़ेगा



राजेन्द्र जोशी

**परम्पराएं,** मूल्य और सांस्कृतिक परिवेश पीढ़ी दर पीढ़ी हमारी धरोहर बनी हुई हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी विद्यालय बच्चों के ज्ञान का केंद्र रहा हैं। हमारे विद्यालय जीवन मूल्यों का आधार होने के साथ ही भरोसेमंद भी रहे है। नई शिक्षा नीति हर स्तर पर शिक्षकों को समाज में उच्चतर सम्मान और गुरुकुल का स्थान देने में संभवत सहायता करेगी। सरकारी विद्यालयों में जहां बुनियादी क्षमताओं के साथ उच्चतर स्तर की तार्किक और समस्या समाधान संबंधी संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास स्पष्ट रूप से देखा जा सकता हैं। देश में शिक्षा का बजट औसत रूप से अभी भी उतना नहीं है जितना होना चाहिए। बावजूद इसके सरकारी स्कूलों में संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। आज भी सरकारी स्कूलों में अभिभावक अपने बच्चों को विश्वास के साथ भर्ती करवाते हैं।

सरकारी स्कूलों के संदर्भ में समाज में धारणाएं अभी भी निजी स्कूलों के मुकाबले ठीक नहीं हैं। अभिभावकों का मानना है कि पढ़ाई-लिखाई के मामले में सरकारी स्कूल के अध्यापक ध्यान नहीं देते जितना निजी स्कूलों में दिया जा रहा हैं। निजी स्कूलों की मोटी फीस और तामजाम अभिभावकों को आकर्षित करते रहे हैं। आंकलन किया जाए तो इनके मुकाबले सरकारी विद्यालयों में खर्च अधिक, स्टाफ प्रशिक्षित और मोटे वेतन के अध्यापक होने के बावजूद यह धारणा क्यों बनी है? इसका एकमात्र कारण निजी स्कूलों का परीक्षा परिणाम।

समाज का यह मानना है कि समुचित सुविधाओं के बावजूद सरकारी स्कूल अनुशासित तरीके से संकल्पित होकर बेहतर परिणाम क्यों नहीं दे पाते। फिलहाल सीबीएसई के 10वीं और 12वीं के नतीजे सुकून देने वाले आये हैं। निजी स्कूलों को सरकारी के मुकाबले अधिक उपयोगी माना जा रहा है। यह नतीजा स्पष्ट रूप से साबित करते हैं कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत वर्ष भर विद्यार्थियों को अतिरिक्त कक्षाओं के माध्यम से अध्ययन करवाना, बच्चों के शैक्षणिक स्तर को सुधारना और निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार बच्चों काम अधिक से अधिक समय बिताना। वैसे अगर देखा जाए तो पिछले वर्षों में सरकारी स्कूलों में एनसीईआरटी के पाठ्यक्रमों के आधार पर परिणाम बेहतर होने लगे हैं। यह स्थितियां बनी रही तो अभिभावकों का रुझान सरकारी विद्यालयों की तरफ और अधिक होगा। सरकारी विद्यालय का परीक्षा परिणाम जिस तरीके से उछाल पर आया है उससे ऐसा लगता है की समाज में बनी धारणाएँ निजी स्कूलों का प्रोपेगेंडा तो नहीं है।

विचारणीय विषय तो यह है सरकारी स्कूलों के प्रशिक्षित अध्यापक इस चैलेंज को स्वीकार करें और अपनी प्रतिष्ठा को कायम रख सके। सरकारी स्कूलों में उच्च स्तरीय पाठ्यक्रम से पढ़ाई होती है, केंद्रीय विद्यालयों के शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया और उनके वेतन में पहले से काफी सुधार हुआ हैं, अनुभवी शिक्षक होने के साथ ही स्कूलों का वातावरण सुधरने लगा हैं, वर्तमान नतीजे स्पष्ट करते हैं की विद्यालय का वातावरण और अधिक खुशनुमा बनाया जाए, बच्चों को प्रोत्साहित किया जाए, शिक्षकों की कमी को दूर किया जाए, विद्यार्थियों पर और अधिक ध्यान दिया जाए तो निश्चित रूप से परिणाम और अधिक बेहतर हो सकते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत शिक्षा में अवसर उपलब्ध कराए जाए तो परिणाम बेहतर हो सकते हैं। केंद्रीय विद्यालयों की संख्या में भी बढ़ोतरी की जानी चाहिए। शहरी क्षेत्र में केवल सरकारी कार्मिकों के बच्चों के ऐडमिशन ही केंद्रीय विद्यालयों में हो रहे हैं। सरकार को केंद्रीय विद्यालयों की संख्या में बढ़ोतरी की जानी चाहिए।

केंद्रीय संगठन विद्यालयों पर सरकारी तरीके से नहीं बल्कि गैर सरकारी तरीके से शिक्षा को सरस्वती का मंदिर मानते हुए ध्यान दें, बेहतर अवसर उपलब्ध हो तो सरकारी विद्यालय कहीं भी किसी भी स्तर पर बेहतर परिणाम दे सकते हैं। समय-समय पर सरकारी तरीके से निरीक्षण ना हो बल्कि फ्रेंडली वातावरण के तहत अधिकारियों का अवलोकन हो तो निजी स्कूल सरकारी स्कूलों से आगे नहीं निकल सकती। जवाहर नवोदय विद्यालय जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत होने के बावजूद शत-प्रतिशत परिणाम के निकट पहुंच गए।

इस परिणाम के बाद सरकारी स्कूलों की तरफ विद्यार्थियों और अभिभावकों का रुझान बढ़ेगा, निजी स्कूलों का दिखावा कम होगा। मोटी फीस, बोझिल बस्ते और लटके-झटको से दूरी बनेगी। इस परिणाम से सरकारी स्कूल के वातावरण में जहां सुधार होगा वही बच्चों में विस्तृत ज्ञान और विविधता के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता विकसित होगी। जरूरी यह है की केंद्रीय विद्यालयों के शिक्षक इस उपलब्धि को बरकरार कैसे रखें, यह अवसर मिला है कि जब समाज में सरकारी स्कूलों के प्रति एक सकारात्मक रवैया बनाया जा सकता हैं। यह तभी संभव होगा जब उपलब्ध संसाधनों का भरपूर उपयोग किया जाए। और विद्यार्थी और अभिभावकों के साथ मेल-जोल बढ़ाया जाये। अनावश्यक बस्ते के बोझ को कम किया जाये और वर्ष भर शैक्षिक तंत्र में गुणवत्ता और जवाबदेही की बुनियादी प्रक्रिया स्थापित की जाए। वंचित और विशेष ध्यान देने योग्य विद्यार्थियों पर बराबर ध्यान केंद्रित हो।

**–राजेन्द्र जोशी,**
**शिक्षाविद-साहित्यकार**

# करणीसर भाटियान में खेजड़ी के 179 पेड़ काटे, पटवारी ने मौका रिपोर्ट डंठल की बनाई

## तहसीलदार ने एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को पत्र लिखा तो वापस लौटा दिया

**बीकानेर,** (निसं)। नोखा दहिया और जयमलसर में खेजड़ी के पेड़ काटने पर दो साल में एक ही कंपनी और उसके सहयोगियों पर 11 बार जुर्माना लगाया गया है। गजनेर स्थित उपनिवेशन तहसीलदार ने वर्ष 2023 और 2024 में खेजड़ी के पेड़ों की कटाई की शिकायतों की जांच कर सहायक आयुक्त उपनिवेशन के समक्ष 11 परिवाद पेश किए थे। यह सभी मामले दिल्ली और जोधपुर की फर्म व अन्य के विरुद्ध थे। इन सभी मामलों में राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 86 के तहत 25900 रुपए जुर्माना वसूला गया था, यानी चोरी और वन अधिनियम की कार्रवाई के झंझट में नहीं फंसना पड़ा।

पूगल तहसील के करणीसर भाटियान में खेजड़ी के 179 पेड़ों पर आरी चल गई, लेकिन पटवारी ने मौका रिपोर्ट डंठल की बना डाली। तहसीलदार ने एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को पत्र लिखा तो वापस लौटा दिया गया। अब केवल जुर्माना वसूली की कार्रवाई करके फाइल को बंद कर दिया जाएगा। सोलर एनर्जी की आड़ में जिले के कमांड और अनकमांड क्षेत्रों में हरियाली चौपट हो रही है। राज्य वृक्ष खेजड़ी की बलि दी जा रही है। पर्यावरणप्रेमी इसे बचाने में लगे हुए हैं, जबकि कार्रवाई के नाम पर केवल जुर्माना लगाकर छोड़ा जा रहा है। ताजा मामला पूगल तहसील के करणीसर भाटियान का है, जहां हलका पटवारी ने खेजड़ी के 179 पेड़ काटने की पुष्टि अपनी रिपोर्ट में की है, लेकिन मौका रिपोर्ट डंठल की बनाकर इतिश्री कर डाली। कटी हुई खेजड़ी का क्या हुआ, यह रिपोर्ट में दर्ज ही नहीं है। मौका रिपोर्ट की कार्रवाई के दौरान मौजूद पर्यावरण प्रेमियों ने जेसीबी मशीन और ट्रैक्टरों के निशान तक पटवारी को दिखाए थे। जिन्हें रिपोर्ट का हिस्सा नहीं बनाया गया।

इसी रिपोर्ट के आधार पर पूगल तहसीलदार ने पूगल थाना एसएचओ को एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र लिखा, जिसे वापस लौटा दिया गया। इतना ही नहीं पेड़ों की चोरी और अवैध परिवहन के मामले में पुलिस और वन विभाग ने भी चुप्पी साध ली है। अब पता चला है कि इस प्रकरण में अब राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 86 में कार्रवाई कर रफा दफा करने की तैयारी की जा रही है, जिसके तहत एक पेड़ पर 100 रुपए जुर्माना लगाने का प्रावधान है। सौर प्लेटों की सफाई के लिए बड़ी मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है। इसकी तिरछी प्लेटों पर जब सूरज की किरणें सीधी पड़ती है तब स्थानीय तापमान में वृद्धि होती है। वनस्पति नष्ट होने से स्थानीय जीवों का खात्मा तय है। दूसरी और सौर ऊर्जा के लिए जो खेजड़ी, जाल, रोहिड़ा जैसे बड़े पेड़ काटे जाते हैं उससे पारिस्थितिकी का संतुलन नष्ट हो रहा है, क्योंकि ये पेड़ मरुस्थल के जल चक्र, भूमि की उत्पादकता, शाकाहारी और मांसाहारी जीवों के भोजन चक्र, स्थानीय जलवायु व इस पर निर्भर अर्थव्यवस्था के निर्धारक है।

राजस्थान राइजिंग ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में केवल बीकानेर जिले के लिए 19 लाख करोड़ रुपए के एमओयू किए गए हैं। इनमें एक गीगावाट तक के सोलर प्लांट लगाए जाने हैं। यानी मतलब साफ है, यदि हरियाली को बचाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो पर्यावरण को और भी अधिक नुकसान होना तय है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में करीब 19 सोलर कंपनियां ग्रामीण क्षेत्रों में प्लांट लगा रही हैं। यह सभी प्लांट नोखा दहिया, जयमलसर, रणधीसर, भानीपुरा, कावनी, जलालसर, खीचीया, कानासर, नूरसर, बदरासर, बांदवाला, सोनासर, भरूखेरा, करणीसर भाटियान, जालवाली, केला, बरारला, बरजु, मेहरासर, लाखूसर, नाथों की ढाणी, राजासर भाटियान, कालासर, हापासर, जामसर, जगदेवाला, सूरासर, रामसर, अमरपुरा, छीला कश्मीर, बीइनोक, बीकमपुर, देवड़ों की ढाणी, नाल बड़ी, नाल छोटी, कोडमदेसर, डाइया, गजनेर, खारी चारणान, गंगापुरा, गोविंदसर, गड़ियाला, गिर्राजसर, दियातरा, आकावाली, डेय, छत्तरगढ़, सत्तासर, गोरीसर, करणीसर, शुभलाई आदि गांवों में लग रहे हैं।

# बड़बर गांव में सड़क निर्माण के प्लांट से निकलने वाले धुएं से लोग परेशान

## प्लांट से निकलने वाली धुआं से दो किलोमीटर के दायरे में चारों ओर प्रदूषण फैला रहा है, जिसके विरोध में दर्जनों लोगों ने प्लांट पर विरोध प्रदर्शन किया

**बुहाना,** (निसं)। बडबर गांव में सूरजगढ़-बुहाना सड़क मार्ग पर तीन वर्ष से एक सड़क निर्माण ठेकेदार ने डामर रोडी मिक्सचर प्लांट लगा रखा है। जिसमें तोड़ी गई पुरानी सड़कों का डामर व रोड़ी इस प्लांट में फिर से तैयार करते हैं। जिसका धुआं अधिक बनता है व जहरीला भी होता है। जिससे उठने वाले धुआं ने आस-पास रहने वाले लोगों का जीना दूभर कर रखा है। इस प्लांट से निकलने वाली धुआं से दो किलोमीटर के दायरे में चारों ओर प्रदूषण फैला रहा है। जिसके विरोध में दर्जनों लोगों ने प्लांट पर विरोध प्रदर्शन किया।

लोगों ने बताया कि पास-पड़ौस में रहने वाले घरों के बच्चों व बूढ़ों के स्वास्थ्य प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आमजन व पशु अनेक बीमारियों से घिरते जा रहे हैं। इस प्लांट के आस-पास रहने वाले लोग गर्मी के मौसम में रात्रि को अपने घरों के बाहर नहीं सो सकते। सुबह उठते हैं तो सभी जगह काली धुआं की परत जमी रहती है। बाहर गलती से कोई कपड़ा रह गया तो सुबह उस पर कालिख जमी मिलती है। इतना ही नहीं किसानों के पशुओं के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस प्लांट के जहरीले धुएं से फसलों को भी नुकसान होता है। इस प्लांट के दो किमी के चारों ओर दायरे में होने वाला पशु चारा व घास एवं सूखे चारे को पशु मन मारकर खाते हैं। ग्रामीणों ने बताया समय रहते इस प्लांट को नहीं हटाया गया तो इस प्लांट के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने को विवश होना पड़ेगा। इस अवसर पर राजकुमार यादव, रामनिवास कौर्याणा, डेडराज, शीशराम गुर्जर, धनपत स्वामी, जयपाल, रामवतार गुर्जर, विजय यादव, हवलदार राजेंद्र यादव, अमित कुमार, अमीलाल यादव, सतवीर गुर्जर, रामप्रताप यादव आदि लोग मौजूद थे।



**बडबर गांव में सूरजगढ़-बुहाना सड़क मार्ग पर डामर रोडी मिक्सचर प्लांट से निकलने वाले धुएं से आसपास रहने वाले ग्रामीण परेशान हो रहे हैं।**

- **तीन वर्ष से एक सड़क निर्माण ठेकेदार ने डामर रोडी मिक्सचर प्लांट लगा रखा है**
- **तोड़ी गई पुरानी सड़कों का डामर व रोड़ी इस प्लांट में फिर से तैयार करते हैं, जिसका धुआं जहरीला होता है**

खेत मालिक ने बताया कि मैने खेत ठेकेदार को रोड़ी डालने के लिए दिया था। उसने अपनी मनमर्जी से यह प्लांट लगा लिया, जो गलत है। इस प्लांट की धुएं से राजकुमार यादव की सात वर्षीय बालिका इतनी बीमार हो गई, जिसका इलाज जयपुर चल रहा है। डॉक्टरों ने यहां से घर छोड़कर दूसरी जगह रहने की सलाह दी है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 19 मई, 2025**

ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, श्रवण नक्षत्र सायं 7:30 तक, शुक्ल योग प्रातः 5:52 तक, वणिजकरण प्रातः 6:12 तक, चन्द्रमा आज मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-मकर, मंगल-कर्क, बुध-मेष, गुरू-मिथुन, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-सिंह राशि में।

आज कुमार योग सूर्योदय से प्रातः 6:12 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से सायं 7:30 तक है। रवियोग सायं 7:30 तक है। महापात योग दिन 10:25 से दिन 3:25 तक है।

भद्रा प्रातः 6:12 से सायं 6:12 तक रहेगी।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** अमृत सूर्योदय से 7:22 तक, शुभ 9:02 से 10:43 तक, चर 2:04 से 3:44 तक, लाभ अमृत 3:44 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:41, सूर्यास्त 7:05

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति एवं व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका धन प्राप्त होगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। वाणी की कटुता के कारण परेशानी हो सकती है।

**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य से संबंधित यात्रा संभव है।

**सिंह**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कन्या**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**तुला**
परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित मामलों में उचित सोच-विचार हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**मकर**
मानसिक तनाव दूर होगा। मनःस्थिति में सुधार होगा। घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ**
आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### प्राध्यापक अर्थशास्त्र परीक्षा पेपर लीक मामला

# परीक्षा पूर्व पेपर प्राप्त कर प्राध्यापक बनी वांछित आरोपी महिला गिरफ्तार

## आरोपी महिला प्राध्यापक को तीन दिन के रिमांड पर लिया



आरोपी कविता लखेरा

- आरोपी कविता लखेरा दोनों दिनों के पेपर को पढ़कर एग्जाम दिया और 20 नंबर मेरिट क्रमांक पर उत्तीर्ण हुई

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने कार्रवाई करते हुए प्राध्यापक अर्थशास्त्र (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2022 पेपर लीक मामले में फरार चल रही महिला प्राध्यापक महिला को गिरफ्तार किया गया है। एसओजी की ओर से रविवार सुबह कोर्ट में पेश कर आरोपी महिला प्राध्यापक को तीन दिन के रिमांड पर लिया है। इससे पहले पेपर लीक मामले में उसके भाई को गिरफ्तार किया गया था। जानकारी में सामने आया कि परीक्ष से पहले पेपर पढ़कर परीक्षा पास करने के एवज में 25 लाख रुपए में सौदा करना सामने आया है।

**फिलहाल एसओजी की टीम पूछताछ करने में जुटी है:-**

एडीजी (एसओजी) वीके सिंह ने बताया कि प्राध्यापक अर्थशास्त्र (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2022 पेपर लीक मामले में फरार चल रही आरोपित महिला कविता लखेरा (35) पत्नी श्यामसुन्दर लखेरा निवासी सांगानेर जयपुर हाल मदरामपुरा सांगानेर को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी में सामने आया की परीक्षा से पहले पेपर पढ़कर आरोपी कविता लखेरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जालिया प्रथम ब्लॉक जवाजा ब्यावर की प्राध्यापक (प्रोफेसर) अर्थशास्त्र (स्कूल शिक्षा) लगी थी। एसओजी की ओर से मामले में आरोपी भाई दीपक लक्षकार को गिरफ्तार किया गया। इसका पता चलने पर आरोपी कविता लखेरा फरार हो गई। एसओजी टीम ने दबिश देकर आरोपी कविता को गिरफ्तार किया। एसओजी की ओर से कोर्ट में पेश कर आरोपी कविता लखेरा का तीन दिन का रिमांड लिया गया है। पेपर माफिया गिरोह के सदस्यों व परीक्षा पूर्व जिन अभ्यर्थियों ने पेपर पढ़ा उनके सम्बन्ध में जांच पड़ताल की जा रही है। एसओजी की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी कविता लखेरा ने अपने भाई दीपक लक्षकार के जरिए पेपर माफियाओं से 25 लाख रुपए में एग्जाम से पहले पेपर पढ़ने का सौदा किया। एग्जाम से एक दिन पहले काफी कैंडिडेट को एक स्थान विशेष में रात को रुकवाया गया। एग्जाम से पहले पेपर सभी को पेपर पढ़ाया गया। एग्जाम से कुछ समय पहले ही एग्जाम सेंटर पर रवाना किया गया। आरोपी कविता लखेरा भी दोनों दिनों के पेपर को पढ़कर एग्जाम दिया और 20 नंबर मेरिट क्रमांक पर उत्तीर्ण हुई। इससे पहले कविता लखेरा बहुत-सी एग्जाम दे चुकी है। लेकिन किसी में भी वह पास नहीं हुई थी। गौरतलब है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की ओर से 15-16 अक्टूबर-2022 को प्राध्यापक अर्थशास्त्र (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2022 आयोजित की गई थी। एसओजी की जांच में भारी गड़बड़ी के साथ ही परीक्षा से पहले पेपर लीक होने का पता चला। एसओजी की ओर से 10 अप्रैल-2025 को मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

# शास्त्री नगर में इंटरलॉकिंग टाइल्स का काम शुरू

## विधायक शर्मा ने किया शिलान्यास

- बनीपार्क विस्तार योजना में वार्ड 35 स्थित शास्त्री नगर पोस्ट ऑफिस के पीछे ई- ब्लॉक में इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं फुटपाथ का कार्य होगा

**जयपुर ।** बनीपार्क विस्तार योजना में वार्ड 35 स्थित शास्त्री नगर पोस्ट ऑफिस के पीछे ई- ब्लॉक में रविवार को इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं फुटपाथ का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा रहे। विधायक शर्मा ने तत्कालेश्वर महादेव मंदिर के बाहर भूमि पूजन करके इंटरलॉकिंग फुटपाथ टाइल्स लगाए जाने के कार्य की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि जयपुर नगर निगम हैरिटेज की ओर से 25 लाख रुपए की लागत से प्रारंभ किए गए इस विकास कार्य से मंदिर और पोस्ट ऑफिस आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। श्रद्धा और सुविधा का संगम अब और सुदृढ़ होगा।

विधायक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार में विकसित राजस्थान का संकल्प साकार हो रहा है। वार्ड-वार्ड में विकास कार्यों की गंगा बहने लगी है। ये सभी कवायद प्रधानमंत्री के विजन 2047 को साकार करने की दिशा में अहम कदम है।

इस अवसर पर जयपुर नगर निगम हैरिटेज की अतिक्रमण निरोधक समिति के चेयरमैन एवं स्थानीय पार्षद मनोज मुदगल, फुटकर व्यापार पुनर्वास समिति के चेयरमैन रविप्रकाश सैनी, पार्षद प्रत्याशी मनोज रावत, संजय राजपुरोहित, श्याम सुंदर अग्रवाल, कालीचरण शर्मा, प्रकाश चौधरी, अनुपम शर्मा, राजेंद्र निरानिया, अमिता शर्मा, सुनीता बंसल, रासबिहारी मिश्रा, जीतू पटेल, विनीत शर्मा, राजकुमार शर्मा, मुकेश बंसल, अनिल पारीक, शंकर अग्रवाल, मनोहर खंडेलवाल, नीलम अग्रवाल, श्याम सुंदर खंडेलवाल, मंडल उपाध्यक्ष अमित मोदी, महामंत्री संजय नंदवाना, कोषाध्यक्ष रितेश डालमिया, पूर्व अध्यक्ष रामबाबू झालानी, आलोक पारीक, अजीत गौड़ सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### 'भगवान महावीर स्वामी की जयकारों के साथ श्री जैन रामायण कथा शुरू



**जयपुर।** मालवीय नगर के विधायक, कालीचरण सराफ ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। झंडारोहण का सौभाग्य नंदकिशोर एवं प्रमोद पहाड़िया परिवार को प्राप्त हुआ। मंडप उद्घाटन का कार्य सुरेश सबलावत परिवार द्वारा संपन्न हुआ। सराफ का स्वागत प्रदीप , विनोद जैन कोटखावदा,चेतन जैन निमोडिया,मनोज पाटनी, समाज के पदाधिकारी एवं आयोजन समिति द्वारा किया गया।

### पड़ोसी ने किया सौलह वर्षीय लड़की से दुष्कर्म

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी थाना इलाके में सौलह वर्षीय एक लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि परिजनों की गैरमौजूदगी में आरोपी पड़ोसी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और गर्भवती होने पर नाबालिग लड़की का गर्भपात भी करवाया। इस संबंध में नाबालिग पीड़िता के भाई ने थाने में मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच जुटी है। पुलिस ने बताया कि ब्रह्मपुरी इलाके में रहने वाले युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी सौलह वर्षीय बहन के साथ पड़ोसी ने दुष्कर्म किया। पड़ोस में रहने के कारण आरोपी का घर पर आना-जाना था। उसके साथ ही नाबालिग बहन से भी आरोपी की बातचीत होती थी। आरोप है कि परिजनों की गैरमौजूदगी में आरोपी घर आया। घर पर नाबालिग बहन के अकेला मिलने पर उसके साथ आरोपी ने जबरदस्ती की। विरोध करने पर डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस बारे में किसी को बताने को लेकर भी धमकाया। दुष्कर्म से गर्भवती होने पर नाबालिग का गर्भपात करवाया। डरी-सहमी नाबालिग पीड़िता ने हिम्मत कर परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद नाबालिग पीड़िता के भाई थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया।

### खाखले की आड़ में पकडा एक करोड का मादक पदार्थ डोडाचूरा



**जयपुर।** चित्तौड़गढ़ जिले की बेगूं थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को कोटा नेशनल हाइवे पर नाकाबंदी के दौरान एक पिकअप में गेहूं के भूसे (खाखला) की आड़ मे अवैध अफीम डोडा चूरा परिवहन करते हुए एक आरोपी बनवारी लाल यादव निवासी श्रीमाधोपुर जिला सीकर को गिरफ्तार कर प्लास्टिक के 29 कट्टों में भरा 698.190 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत 1 करोड़ रुपए से अधिक है। फिलहाल आरोपित तस्कर से पूछताछ की जा रही है।पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले की बेगूं थाना पुलिस की ओर से मैनाल मे कोटा नेशनल हाईवे 27 पर स्थित हाईवे पार्किंग पर पहुंच नाकाबन्दी की गई।नाकाबन्दी के दौरान एक पिकअप जिसमें गेहूं का भूसा (खाखला) भरा था, जो लाडपुरा से मैनाल की तरफ आ रहा था। जिसको रूकवाने का ईशारा किया तो उसमें सवार चालक ने गाड़ी को भगाने का प्रयास किया। पुलिस टीम घेरा देकर पकड़ा और पिकअप में भरे खाखला को खाली करवाकर चैक किया गया तो कुल 29 कट्टो मे अधकूचला व पीसा हुआ डोडाचूरा मिला। जिसका कुल वजन 6 क्विंटल 98 किलो 190 ग्राम था। पुलिस ने अवैध डोडा चूरा व पिकअप जब्त कर आरोपी चालक बनवारी लाल यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपित से मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### नारायणा हॉस्पिटल में लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी की शुरुआत

**जयपुर।** नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर ने लिवर ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देश के प्रसिद्ध लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. संजय कुमार गोजा द्वारा नियमित ओपीडी की शुरुवात करने जा रहे है । इस अवसर पर होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित प्रेस वार्ता में नारायणा हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर बलविंदर सिंह वालिया, क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ. प्रदीप गोयल और हेपेटोलॉजिस्ट व लिवर ट्रांसप्लांट फिजिशियन डॉ. राहुल राय एवं डॉ सुभाष मिश्र जीआई, एचपीबी सर्जरी एवं लिवर ट्रांसप्लांट ने कहा कि यह ओपीडी जयपुर और राजस्थान के मरीजों के लिए अत्यधिक सुविधाजनक साबित होगी। अब लिवर संबंधित गंभीर बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों को दिल्ली या मुंबई नहीं जाना पड़ेगा। नारायणा हॉस्पिटल,जयपुर में पहले से ही गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट,हेपेटोलॉजिस्ट और ट्रांसप्लांट सर्जनों की एक अनुभवी और समर्पित टीम कार्यरत है, और यहाँ नियमित रूप से लिवर ट्रांसप्लांट किए जा रहे हैं। इस नई ओपीडी जो की महीने के दूसरे सोमवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक होगा और इसके माध्यम से मरीजों को सटीक जांच, विशेषज्ञ परामर्श और आवश्यकता अनुसार लिवर ट्रांसप्लांट जैसी जटिल सर्जरी की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी।

### दुपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे



**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने जवाहर सर्किल थाना इलाके में दुपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के दो बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से चुराए गए पांच दुपहिया वाहनों को भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि दोनो वाहन चोर लोगों की ऑन डिमांड पर बाइक चोरी करते थे। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुन्दन कंवरिया ने बताया कि सीएसटी ने जवाहर सर्किल थाना इलाके में दुपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह के शातिर वाहन चोर जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने दो बदमाशों पंकज बगतानी उर्फ पंकू एवं दीपांशु उर्फ मिर्ची को गिरफ्तार किया गया है और दोनो ही आरोपित जवाहर सर्किल इलाके के रहने वाले है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनो ही आरोपी नशे के सामान के लिए दोनों बाइक चोरी करते थे। आरोपी अपने पास पुरानी चाबी रखते थे। इसी चाबी से बाइक के लॉक खोल उसे चुराकर फरार हो जाते थे।

# हजरत मुहम्मद साहब की शिक्षाओं पर आज होगा व्याख्यान

- हजरत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम के 1500वें जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर 19 मई को सुबह 10 बजे हिरा इंगलिश सीनियर सैकेंडरी स्कूल में होगा व्याख्यान
- अमीर सुन्नी दावते इस्लामी हजरत मौलाना मोहम्मद शाकिर अली नूरी साहब (मुंबई) मुख्य अतिथि होंगे

**जयपुर।** हजरत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम के 1500वें जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर 19 मई को सुबह 10 बजे पहाड़गंज स्थित हिरा इंगलिश सीनियर सैकेंडरी स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम होगा। जिसमें अमीर सुन्नी दावते इस्लामी हजरत मौलाना मोहम्मद शाकिर अली नूरी साहब (मुंबई) मुख्य अतिथि होंगे। वे हुजूर सल्ललाहु अलैहि वसल्लम का अखलाकी इंकलाब विषय पर कुरान व हदीस की रोशनी में प्रकाश डालेंगे।

कार्यक्रम संयोजक अल्हाज मौलाना सैय्यद मुहम्मद कादरी साहब के अनुसार मुफ्ती-ए-शहर जयपुर हजरत मुफ्ती अब्दुस्सत्तार साहब की सरपरस्ती में आयोजित इस कार्यक्रम में हजरत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम की जीवनी पर विभिन्न वक्ता विस्तार से प्रकाश डालेंगे। इस मौके पर चारदीवारी क्षेत्र में विशेष सजावट की जाएगी। गरीबों को खाद्य साम्रग्री, जेल व अस्पतालों में जरुरतमंदों को फल वितरित किए जाएंगे। सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर, नूरी सुन्नी सेंटर विकास समिति और वाहिद मेमोरियल सोसायटी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का आगाज हजरत मौलाना मोहम्मद शाकिर अली नूरी परचम लहराकर करेंगे। इससे पूर्व इनका एक व्याख्यान हुजूर सल्ललाहु अलैहि वसल्लम का अखलाकी इंकलाब विषय पर होगा। सलातो सलाम व दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# जेडीए का दायरा 6000 वर्ग किमी. हुआ तो 10 रीजनल और 11 नए जोन ऑफिस खोले जाएंगे

- वर्तमान में करीब 3000 वर्ग किलोमीटर जेडीए रीजन है, जिसमें कुल 679 नए गांव शामिल किए जाएंगे

**जयपुर।** जेडीए रीजन में दुगुनी बढ़ोतरी के बाद शहर में दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को विभिन्न कार्यों के लिए जेडीए मुख्यालय नहीं आना पड़े, उन्हें अपने घर के नजदीक की यह सुविधा उपलब्ध हो जाए. उसको लेकर जेडीए ने एक अहम प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा है। जिसमें जेडीए रीजन में दुगुनी बढ़ोतरी के चलते पूरे रीजन को संभालने के लिए जरूरी स्टाफ का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है।

जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से राज्य सरकार को पिछले दिनों अपने क्षेत्राधिकार में दुगुनी बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजा गया था। इसके तहत करीब 3000 वर्ग किलोमीटर मौजूदा जेडीए रीजन को बढ़ाकर करीब 6000 वर्ग किलोमीटर किया जाना है। इसके लिए जेडीए रीजन में कुल 679 नए गांव शामिल किए जाएंगे।

जेडीए रीजन में वर्तमान में कुल 725 राजस्व ग्राम हैं। नए राजस्व ग्राम शामिल होने के बाद जेडीए रीजन में कुल 1354 राजस्व ग्राम हो जाएंगे। जेडीए रीजन में बढ़ोतरी के भेजे गए इस प्रस्ताव पर राज्य सरकार में मंथन किया गया। राज्य सरकार की ओर से जेडीए को कहा गया कि जेडीए रीजन में दुगुनी बढ़ोतरी के चलते पूरे रीजन को संभालने के लिए जोनों में बढ़ोतरी व जरूरी स्टाफ को प्रस्ताव पहले भेजा जाए। इस प्रस्ताव की मंजूरी के बाद ही जेडीए रीजन में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी. जेडीए के मौजूदा जोनों में बढ़ातरी और जरूरी स्टाफ का आकलन करने के लिए जेडीए सचिव निशांत जैन की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी ने विस्तृत अध्ययन के बाद अपनी सिफारिशें जेडीए आयुक्त आनंदी को दी।

इन सिफारिशों के आधार पर जेडीए ने राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। नगरीय विकास विभाग ने प्रस्ताव को स्वीकृत कर फाइनल मंजूरी के लिए उसे वित्त विभाग को भेज दिया है। जेडीए रीजन में इस तरह बढ़ोतरी की जाएगी।

दुगुनी बढ़ोतरी के बाद जेडीए रीजन 3000 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 6000 वर्ग किलोमीटर हो जाएगा। जेडीए रीजन में वर्तमान में जयपुर ग्रेटर नगर निगम,जयपुर हैरिटेज नगर निगम क्षेत्र, चौमूं,बगरू,बस्सी व वाटिका का नगर पालिका क्षेत्र शामिल है। जेडीए की ओर से राज्य सरकार को भेजे प्रस्ताव के मुताबिक शाहपुरा, जोबनेर, चाकूस, दूदू और फागी नगर पालिका के नगरीय क्षेत्र के गांवों को भी शामिल किया जाएगा। इन नई नगर पालिकाओं की सीमा के इलाके में नगर पालिका ही काम करेंगी। इनसे लगते नगरीय क्षेत्र का जेडीए की ओर से नियोजित विकास किया जाएगा। जयपुर जिले की 13 तहसीलों के 633 राजस्व ग्रामों को जेडीए रीजन में शामिल किया जाना है जो नगरपालिकाएं जेडीए रीजन में शामिल की जानी है उनके राजस्व ग्राम भी जोड़े गए हैं।

इसके चलते जेडीए रीजन में शामिल किए जाने वाले कुल राजस्व ग्रामों की संख्या बढ़कर 679 हो गई है। जेडीए रीजन टोंक रोड पर चाकसू के मास्टर प्लान की सीमा तक बढ़ेगा फागी रोड पर फागी के आस-पास तक,अजमेर रोड पर दूदू के आस-पास तक। कालवाड़ रोड पर जोबनेर के मास्टर प्लान की सीमा तक जेडीए रीजन में बढ़ोतरी होगी। चौमूं रेनवाल रोड पर कालाडेरा तक,सीकर रोड पर उदयपुरिया मोड़ के आस-पास तक। चौमूं अजीतगढ़ रोड पर सामोद के आस-पास तक,दिल्ली रोड पर शाहपुरा के मास्टर प्लान की सीमा तक विस्तार किया जाएगा। आगरा रोड पर जयपुर जिले की सीमा तक जेडीए रीजन का विस्तार किया जाएगा।

जेडीए के रीजन में दुगुनी बढ़ोतरी होने से दूरदराज के इलाकों के लोगों को जेडीए से संबंधित कार्य के निस्तारण में परेशानी नहीं हो इसके लिए जेडीए के दस रीजनल ऑफिस स्थापित किए जाएंगे। हर रीजनल ऑफिस के अधीन दो से पांच प्रशासनिक जोन कार्यालय होंगे। जेडीए के प्रस्ताव के अनुसार 11 नए जोन भी गठित किए जाएंगे। ये रीजनल ऑफिस जेडीए रीजन के विभिन्न इलाकों में स्थापित किए जाएंगे। इसमें यह ध्यान रखा जाएगा कि आमजन को नजदीक ही जेडीए का रीजनल ऑफिस उपलब्ध हो।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रंगरीत कला महोत्सव में देखा पारम्परिक चित्रकला का लालित्य



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कलाकारों को सम्मानित कर उनका हौसला अफजाई की।

- 2 मई से जेकेके में जारी महोत्सव का समापन
- वैदिक चित्रकार रामू रामदेव के संयोजन में प्राकृतिक रंगों से सजा कलात्मक संसार

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र की ओर से रंगरीत संस्थान के सहयोग से आयोजित रंगरीत कला महोत्सव का रविवार को समापन हुआ। वैदिक चित्रकार रामू रामदेव के संयोजन में हुए महोत्सव में पारम्परिक चित्रकला का लालित्य देखने को मिला। प्रदेश की माननीय उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी जी रविवार को प्रदर्शनी में शरीक हुयी। उन्होंने पेंटिंग्स के रूप में प्राकृतिक रंगों से साकार हुयी कृतियों को सराहा और कलाकारों की हौसला अफजाई की। इस दौरान केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) अलका मीणा, वरिष्ठ लेखाधिकारी बिंदु भोभरिया अन्य प्रशासनिक अधिकारी व बड़ी संख्या में कलाकार व कला प्रेमी मौजूद रहे।

एडीजी अलका मीणा और रामू रामदेव ने पुष्प गुच्छ देकर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी जी का स्वागत किया। अलंकार दीर्घा में प्रवेश करते ही दिया कुमारी जी ने माँ सरस्वती के चरणों में नमन कर दीप प्रज्ज्वलित किया। उन्होंने रंगों से कैनवास पर चित्र भी बनाया। उन्होंने चित्रकार समदर सिंह खंगारोत, गोविन्द रामदेव,रामू रामदेव, बीकानेर के महावीर स्वामी, जयपुर के सुधीर वर्मा, उदयपुर के शैल चोयल, अजमेर के राम जायसवाल, दिल्ली की सुमित्रा अहलावत, उदयपुर के मनदीप शर्मा तथा जयपुर के विक्रम सिंह राठौड़ व अन्य कलाकारों की पेंटिंग्स का अवलोकन किया और प्राकृतिक रंगों की भी जानकारी ली।

एडीजी अलका मीणा ने दुपट्टा ओढ़ाकर और जेकेके का प्रकाशन भेंट कर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी जी का सम्मान किया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी जी ने कहा कि जवाहर कला केंद्र के प्रयास से रंगरीत महोत्सव का सफल आयोजन हुआ। इसके लिए जवाहर कला केंद्र, रंगरीत संस्थान और संयोजक रामू रामदेव धन्यवाद के पात्र है। महोत्सव में युवाओं ने कला गुरुओं से पारम्परिक कलाओं के गुर सीखे। राजस्थान में जेकेके जैसा केंद्र बहुत जरूरी है जहाँ कलाकारओं को मंच मिल सके।

# भारत की आतंकवाद पर निर्णायक विजय का उत्सव

- विद्याधर नगर विधानसभा इलाके के खातीपुरा और नांगल मंडल की भव्य तिरंगा यात्रा सम्पन्न

**जयपुर ।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में, आतंकवाद पर भारत के प्रचंड प्रहार और कूटनीतिक एवं रणनीतिक विजय के सम्मान में आज एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन सर्व धर्म-सर्व समाज के सहयोग से, भारतीय जनता पार्टी खातीपुरा मंडल एवं नांगल मंडल के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

तिरंगा यात्रा की शुरुआत वार्ड 28 स्थित उद्योग नगर पार्क में पानी की टंकी के लोकार्पण के बाद हुई, जो सब्जी मंडी निवारू रोड तक निकाली गई। राष्ट्रभक्ति और एकता के रंग में रंगी इस यात्रा में भारी संख्या में आमजन उमड़े। इस ऐतिहासिक अवसर पर राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने भारत की सैन्य एवं कूटनीतिक उपलब्धियों को देश की सुरक्षा नीति की ऐतिहासिक जीत बताया। तिरंगा यात्रा में जयपुर सांसद मंजू शर्मा, समस्त मंडल अध्यक्ष, पार्षद एवं प्रत्याशीगण, वार्ड अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यगण, मंडल पदाधिकारी, मातृशक्ति और भारी संख्या में आमजन शामिल हुए। पूरे मार्ग पर देशभक्ति के नारों, ढोल-नगाड़ों और उत्साह से भरे वातावरण ने एक प्रेरणादायक दृश्य प्रस्तुत किया। तिरंगे से सजी सड़कें, जोश से भरी भीड़ और एकता का संदेश देती यह यात्रा भारत की वीरता और संकल्प का प्रतीक बन गई। यह आयोजन न केवल सैन्य सफलता का उत्सव है, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और जनसहभागिता का जीवंत उदाहरण भी है।

# राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2025 सम्पन्न



प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने श्रेष्ठ स्टॉल्स को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किया।

- 4.10 करोड़ रुपये से अधिक के मसालों और अन्य उत्पादों की हुई बिक्री
- सहकारी समितियों को व्यवसाय में वृद्धि का उचित प्लेटफॉर्म प्रदान करता है मसाला मेला : प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता

**जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र में आयोजित किया जा रहा दस दिवसीय राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2025 रविवार को सम्पन्न हो गया। मेले में 4.10 करोड़ रुपये से अधिक के मसालों और अन्य उत्पादों की बिक्री हुई। यह अब तक की सर्वाधिक बिक्री है और विगत वर्ष से करीब एक करोड़ रुपये अधिक है। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने समापन समारोह में श्रेष्ठ स्टॉल्स को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर पुरस्कृत किया।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि सहकारिता विभाग और कॉनफेड वर्ष 2003 से राष्ट्रीय स्तर के इस मसाला मेले की परिकल्पना को साकार कर रहे हैं। यह मेला सहकारी समितियों को व्यवसाय में वृद्धि का एक बेहतर प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। बड़ी संख्या में लोग वर्षों से इस मेले से जुड़ाव रखते हैं और यहां से वर्ष भर के मसाले की खरीद करते हैं। उन्होंने कहा कि मेले का आयोजन निरन्तर बेहतर हो रहा है, लेकिन अभी भी काफी गुंजाइश है तथा मेले को और अधिक बेहतर बनाने के प्रयास जारी रखने होंगे। उन्होंने मेले के सफल आयोजन और मेले से जुड़ाव के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी। साथ ही, उन्होंने कहा कि अगले वर्ष आयोजित होने वाले मेले में और भी नवाचार किए जाएंगे।

राजपाल ने कहा कि राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप कॉनफेड के माध्यम से श्री अन्न के आउटलेट खोले जाएंगे। लेकिन इससे पूर्व मसाला मेले में लगभग 25 स्टॉल्स पर श्री अन्न उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि श्री अन्न से लोगों का अधिक जुड़ाव हो, बेहतर स्वास्थ्य की दृष्टि से वे श्री अन्न के उत्पादों को अपनाएं और इनके उत्पादकों को भी उनके उत्पादों का उचित दाम मिले, इस दिशा में कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि राज्य के मसालों और अन्य उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि मेले के प्रति लोगों के रुझान को देखते हुए वर्ष में एक से अधिक बार इसके आयोजन पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से आ ान किया कि कृषकों को सहकारिता की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले, इसके प्रयास करें।

समापन समारोह में राजपाल ने सर्वाधिक बिक्री करने वाली संस्थाओं और ले आउट में अव्वल रहने वाली संस्थाओं को पुरस्कृत करने के साथ ही अन्य राज्यों की सहकारी संस्थाओं, राष्ट्रीय स्तर की शीर्ष सहकारी संस्थाओं और राज्य स्तर की शीर्ष सहकारी संस्थाओं को सम्मानित किया। वहीं, प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सभी खण्डों के अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेगा बंपर ड्रॉ भी निकाला गया।

शीर्ष संस्थाओं में सर्वाधिक बिक्री की श्रेणी में कॉनफेड प्रथम स्थान पर, तिलम संघ द्वितीय स्थान पर और आरसीडीएफ (जयपुर डेयरी) तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार, जिला उपभोक्ता भंडारों में प्रथम स्थान पर कोटा, द्वितीय स्थान पर उदयपुर एवं तृतीय स्थान पर जोधपुर रहे। वहीं, क्रय विक्रय सहकारी समितियों में प्रथम स्थान पर मथानिया, द्वितीय स्थान पर भीनमाल और तृतीय स्थान पर नागौर रहे। जबकि, ग्राम सेवा सहकारी समितियों में पलसाना ग्राम सेवा सहकारी समिति (सीकर) प्रथम स्थान पर रही।

# उपेंद्र मुनि जी महाराज के जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन सम्पन्न

**जयपुर।** गुरुदेव उपेंद्र मुनि जी महाराज के जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन सम्पन्न जनता कॉलोनी स्थित जैन स्थानक में प्रज्ञा महर्षि पंडित रत्न शास्त्री पूज्य गुरुदेव श्री उपेंद्र मुनि जी महाराज के 62वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर एक भव्य धर्म ध्यान, सामयिक साधना, प्रवचन एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंच परमेष्ठि युवा मंडल एवं अपना बुक बैंक द्वारा आयोजित 14वें रक्तदान शिविर में कुल 125 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो एक सराहनीय सेवा कार्य है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाजसेवी श्री राजेश जैन जी ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं आयोजन की सराहना करते हुए जनसेवा और आध्यात्मिक साधना के इस अद्भुत समन्वय की सराहना की। पूज्य गुरुदेव उपेंद्र मुनि जी महाराज के जन्मोत्सव पर आयोजित इस धर्मिक आयोजन में हज़ारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# सरकारी जमीन पर कबाड़ी की दुकान रखने को लेकर दो पक्षों में पथराव हुआ

## दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर कांच की बोतलें और पत्थर फैंके, दोनों पक्षों के छह लोग घायल



भरतपुर के मछली मोहल्ला में दो पक्षों में पथराव की सूचना के बाद मौके पर पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

- पथराव के लाइव वीडियो भी सामने आये हैं, जिनमें साफ़ तौर पर पथराव करते हुए लोग दिखाई दे रहे हैं
- दोनों पक्ष एक दूसरे पर सरकारी जमीन पर कब्ज़ा करने का आरोप लगा रहे है, दोनों पक्षों में से किसी पक्ष ने पुलिस में शिकायत नहीं दी है

**भरतपुर,** (निसं)। मथुरा गेट थाना इलाके में सरकारी जमीन पर कबाड़ी की दुकान रखने को लेकर दो पक्षों में जमकर झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर कांच की बोतलें और पत्थर फैंके। झगड़े में दोनों पक्षों के करीब छह लोग घायल हुए हैं। पथराव के लाइव वीडियो भी सामने आये हैं, जिनमें साफ़ पथराव करते हुए लोग दिखाई दे रहे हैं। मछली मोहल्ला की सड़क पर पत्थर और कांच की बोतल के टुकड़े पड़े हुए हैं।

मथुरा गेट थाने के एएसआई रतिराम ने बताया कि मछली मोहल्ला में दो पक्षों में झगड़ा हुआ है। यासिर और साबिर दो पक्ष हैं। दोनों पक्षों में सरकारी जमीन पर कबाड़ी की दुकान रखने को लेकर विवाद हुआ था। झगड़े की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है। फिलहाल मौके पर शांति है। दोनों पक्षों से करीब छह लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए आरबीएम अस्पताल भिजवा दिया गया है। दोनों पक्षों से शिकायत देने के लिए कहा गया है। पुलिस की टीम के आने से पहले पहले दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर पत्थर और कांच की बोतल फैंके हैं। दोनों पक्षों में करीब 20 मिनट तक पथराव हुआ। मछली मोहल्ला की सड़कों पर कांच की बोतल के टुकड़े और पत्थरों के टुकड़े पड़े हुए हैं। दोनों पक्ष एक दूसरे पर सरकारी जमीन पर कब्ज़ा करने का आरोप लगा रहे हैं। फ़िलहाल दोनों पक्षों में से किसी पक्ष ने पुलिस में शिकायत नहीं दी है।

# भरतपुर जिले में आए तेज अंधड़ और बारिश ने तबाही मचाई



भरतपुर में तेज अंधड़ और बारिश से पोल, ट्रांसफार्मर और विशाल पेड़ धराशायी हो गये।

- तेज हवाओं व बारिश के कारण बिजली के पोल, ट्रांसफार्मर और विशाल पेड़ गिर गए
- पशु बाड़ों की दीवारें ढह गई और छप्पर और टीनशेड उड़ गए, सड़कों पर गिरे पोल और पेड़ों के चलते रास्ते अवरुद्ध हो गये

**भरतपुर,** (निसं)। जिले में आए तेज अंधड़ और बारिश ने तबाही मचाई है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज हवाओं व बारिश के कारण बिजली के पोल, ट्रांसफार्मर और विशाल पेड़ गिर गए। इसके अलावा, पशु बाड़ों की दीवारें ढह गई और छप्पर और टीनशेड उड़ गए। सड़कों पर गिरे पोल और पेड़ों के चलते रास्ता अवरुद्ध हो जाने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

सेवर पंचायत समिति के गांव कुम्हा निवासी भरत सिंह ने बताया कि दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली। बारिश और आंधी के कारण गांवों में भारी नुकसान हुआ है। गांव में घरों के छप्पर एवं टीन उड़ने के साथ कच्ची-पक्की दीवारें ताश के पत्तों की तरह ढह गई। कई घरों में तेज हवा से घर पर पेड़ टूटकर गिर जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इसके अलावा कहीं पोल, ट्रांसफार्मर और विशाल पेड़ धराशायी हो गए। सड़कों पर गिरे पोल और पेड़ों के चलते रास्ता अवरुद्ध हो जाने से यातायात प्रभावित हुआ।

गांव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप है और रास्तों को खोलने के लिए स्थानीय लोग अपने स्तर पर कोशिश कर रहे हैं। इस घटना में कोई बड़ी हानि नहीं हुई। इस अंधड़ और बारिश से किसानों को हजारों रुपए का नुकसान जरूर हुआ है।

# पाक से हेरोइन मंगवाने के आरोपियों से खुफिया एजेंसियां पूछताछ करेंगी

- 300 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़े गए दोनों आरोपियों का पुलिस रिमांड बढ़ाया
- हेरोइन तस्करी के आरोपी सुरेंद्र सीधे पाकिस्तानी तस्कर बिलाल के संपर्क में था

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। यहां 300 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़े गए दोनों आरोपियों का पुलिस रिमांड तीन दिन के लिए बढ़ाया गया है। सूत्रों के अनुसार अब खुफिया एजेंसियां आरोपियों से संयुक्त पूछताछ करेंगी। गौरतलब है कि हेरोइन तस्करी के आरोपी सुरेंद्र कुमार उर्फ सोनू निवासी बींझबायला सीधे पाकिस्तानी तस्कर बिलाल के संपर्क में था। पाकिस्तानी तस्कर बिलाल से अटारी बॉर्डर के नजदीक हेरोइन मंगवाने और हवाला के जरिए पैसा पाकिस्तान भेजने की बात सामने आई।

ऐसे में मामला सीधे-सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ गया। अब खुफिया एजेंसियां संयुक्त पूछताछ में यह पता लगाने की कोशिश कर सकती हैं कि सुरेंद्र कुमार उर्फ सोनू हेरोइन तस्करी के अलावा अन्य गतिविधियों में भी शामिल रहा है या नहीं बॉर्डर पर हेरोइन की खेप की डिलीवरी लेने के लिए लोकेशन आदि के फोटोग्राफ शेयर करने की बात भी सामने आई है। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच खुफिया एजेंसियां इन सभी विषयों पर पूछताछ कर सकती है। गौरतलब है कि मंगलवार को सदर पुलिस ने सुरेंद्र उर्फ सोनू के साथ 29 एमएल जीवनदेसर निवासी राजेंद्र पुत्र आदराम को गिरफ्तार किया था। दोनों के पास 300 ग्राम हेरोइन और 1.54 लाख रुपए ड्रग मनी बरामद हुई थी। दोनों आरोपी पिछले तीन दिन से पुलिस हिरासत में थे। इस दौरान इन्हें अटारी बॉर्डर ले जाकर डिलीवरी की जगह के बारे में जानकारी ली गई। इसके अलावा आरोपियों के अंतरराष्ट्रीय तस्करों के साथ संबंधों और भारत में हेरोइन को खरीदने वालों के बारे भी पूछताछ की गई। आरोपियों का पुराना क्रिमिनल रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है ताकि इनके अन्य संपर्कों का पता लगाया जा सके।

## गर्मी में अस्पताल में मरीज बढ़े

**बयाना/भरतपुर,** (निसं)। क्षेत्र में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और तेज गर्म हवाओं ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। तापमान में अचानक वृद्धि के कारण स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ने लगी हैं। बयाना उप जिला अस्पताल की ओपीडी में उल्टी, दस्त और बुखार के मरीजों की संख्या में तीन गुना तक इजाफा दर्ज किया गया है। तेज धूप और लू के कारण बीते तीन दिनों में अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़ देखी जा रही है। फिजीशियन डॉ. लखपत राम ने बताया कि गर्मी के कारण ओपीडी में उल्टी-दस्त और लूज मोशन के मरीजों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हो रही है। शनिवार और रविवार को तो ओपीडी में सबसे अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंचे।

# कार ने बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मारी, दोनों की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। लम्बोर छोटी के पास मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे पति-पत्नी को एक कार चालक ने रविवार को टक्कर मार दी, जिसके कारण पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल पत्नी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि कालूराम मेघवाल (28) निवासी डाबली ढाणी पुलिस थाना हमीरवास जिला चूरू ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसका भाई विनोद कुमार तथा उसकी भाभी किरणा दोनों रविवार को मोटरसाइकिल पर सवार होकर तारानगर से अपने गांव जा रहे थे। अपनी मोटरसाइकिल को सही दिशा में चलाते हुए समय करीब दोपहर 2-2.30 बजे के लगभग लंबोर छोटी गांव के पास पहुंचा तो एक कार चालक कार को तेज गति से चलाता हुआ गलत दिशा में आकर सही दिशा में चलती हुई उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिसके कारण उसके भाई विनोद कुमार को गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई तथा उसकी भाभी किरणा को गंभीर चोट लगी, जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लेकर आए। सूचना मिलते ही वह भी मौके पहुँचा एव भाभी की स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे भरतीया अस्पताल चूरू रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी भाभी किरण की भी मौत हो गई।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलते ट्रेलर में आग लगी

## ड्राइवर ने समय रहते ट्रेलर से कूदकर जान बचाई, हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई



सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

- राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम कंवरपुरा स्टैंड के पास की है घटना

**कोटपूतली,** (निसं)। दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक चलते ट्रेलर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। उक्त हादसा राजमार्ग पर ग्राम कंवरपुरा स्टैंड के पास उस समय हुआ, जब ट्रेलर पावटा से कोटपूतली की ओर आ रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक ट्रेलर में अचानक आग भड़क उठी, जिससे चालक को खतरे का आभास हुआ। चालक ने समय रहते सतर्कता दिखाई और चलते ट्रेलर से कूदकर अपनी जान बचा ली। आग इतनी भीषण थी कि ट्रेलर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक ट्रेलर पूरी तरह जल चुका था। घटना के कारण राजमार्ग पर कुछ समय के लिये यातायात प्रभावित हुआ। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। हालांकि हादसे में कोई जन हानि नहीं हुई, लेकिन ट्रेलर पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

## तीन मकानों सहित मंदिर में चोरी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। आसींद थाने के अंतर्गत बराना क्षेत्र के रैगरो का खेड़ा में रविवार मध्य रात्रि को तीन मकानों सहित सगशजी मंदिर में अज्ञात चोर लाखों रुपए के जेवर सहित नगदी लेकर भाग गए। ग्रामीणों ने बताया कि बाबूलाल रेगर, भंवरलाल भील, लादूराम तेली के मकानों में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

रैगरों का खेड़ा निवासी गणेश लाल रेगर ने बताया कि बाबूलाल रैगर सहित पूरा परिवार रिश्तेदारी में बहिन के वहां समोडी गांव में गए हुए थे। सुबह पड़ोसियों ने फोन कर जानकारी दी तब चोरी की वारदात का पता चला। बताया कि बाबूलाल के मकान से चोर एक किलो चांदी के आभूषण, एक तोला सोने के झुमरिया सहित 28 हजार रुपए ले गए। इसके साथ ही भंवर भील के मकान से पीछे की जाली तोड़कर पेटी ले गए जिसमें सोने की झुमरिया, बाजू सहित कपड़े की पेटी ले गए। परिवार वाले कमरे के बाहर सो रहे थे। वहीं कुछ दूर पर खेत में ही मकान बनाकर रह रहे लादूराम तेली के मकान से भी चोर कपड़े की पेटी लेकर चले गए जो कुछ दूर पर जाकर जंगल में छोड़ गए, जिसमें से चांदी का कड़ा सहित कुछ कपड़े ले गए। चौथी घटना गांव में ही सगशजी मंदिर में भी हुई। पुलिस को सूचना दी गई पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर से पेटी चोरी करते समय अज्ञात चोर का फोटो वहां पर गिर गया था इसके बारे में भी पुलिस को सूचना दी एवं फोटो दे दिया।

# अवैध अफीम व डोडा पोस्त समेत एक गिरफ्तार



सांचौर पुलिस ने मादक पदार्थ समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के सांचौर पुलिस ने रविवार को अवैध मादक पदार्थ तस्करों के पास 7.998 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त व 550 ग्राम निर्मित अफीम बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जालोर जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों के खुदरा एवं फुटकर विक्रताओं, ग्राहकों एवं भण्डारण करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे "ऑपरेशन संपोलिया" के तहत जालोर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में गठित टीमों ने समय-समय पर दबिश दी जा रही है।

इसी क्रम में सांचौर थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह मय जाब्ता ने 17 मई को मुखबीर से प्राप्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए सरहद डांगरा से मुलजिम घेवाराम पुत्र ठाकराराम निवासी डांगरा पुलिस थाना सांचौर को दस्तयाब कर उनके कब्जे से 7.998 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त व 550 ग्राम निर्मित अफीम, अवैध मादक पदार्थ खरीद फरोक्त से अर्जित 6100 रूपये, अवैध मादक पदार्थ खरीद फरोक्त में प्रयुक्त इलेक्टॉनिक कांटा को जब्त किया जाकर मुलजिम घेवाराम को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

## अवैध स्मैक सहित एक आरोपी गिरफ्तार

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के बागोड़ा पुलिस ने रविवार को 7.40 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। बागोड़ा थानाधिकारी हुकमाराम मय पुलिस जाब्ता ने दौराने गश्त आबादी जेसावास, बागोड़ा में एक व्यक्ति की गतिविधियों संदिग्ध प्रतीत होने से पुलिस जाब्ता द्वारा संदिग्ध अणदाराम पुत्र कानाराम मेघवाल निवासी जेसावास पुलिस थाना बागौड़ा को दस्तयाब कर तलाशी ली तो उनके पास 7.40 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक होना पाया जाने से स्मैक बरामद कर अणदाराम को गिरफ्तार किया गया।

## जेवर चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के बडगांव थाना पुलिस ने मकान से जेवर चोरी करने वाले को गिरफ्तार कर चोरी किए जेवर बरामद किये।

प्रकरण के अनुसार मनोजसिंह पुत्र कल्याणसिंह भदौरिया निवासी निलकंठ विला नियर शुभम गेलेक्सी नरोड़ा अहमदाबाद ने पुलिस थाने में रिपोट्र दी कि मैने बड़ी रोड़ स्थित दी ऑप बीट नामक रेस्टोरेंट प्रतापसिंह चौहान से 21 अप्रेल को किराए पर लिया था। मेरे पास में राघवेन्द्र कुमार पुत्र हरगोविन्द सिंह निवासी इंदिररा कैंप बेगयपुर मालवीय नगर दक्षिण दिल्ली कीचन हेल्पर के रूप में काम कर रहा था। मेरी पत्नी कविता रेस्टोरेंट पर आई थी जहां विला में हम रह रहे थे। सांय पत्नी व बच्चे लॉन में थे कमरा खुला था। बीजली आने पर पत्नी कमरे में गई तो पर्स खुला पड़ा था एवं उसमें रखे जेवरात दो सोने की अंगुठियां नहीं थी। इस संबंध में पूछताछ करने पर राघवेन्द्र ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देकर दिल्ली जाने की बात कही। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर बड़गांव थानाधिकारी पुरणसिंह राजपुरोहित के नेतृतव में अनुसंधान अधिकारी प्रकाशनाथ चौहान, एएसआई रणजीतसिंह, हेड कांस्टेबल लक्ष्मणसिंह मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी राघवेन्द्र को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी किए जेवर बरामद किए।

# अवैध हथियार समेत बदमाश को गिरफ्तार किया



भरतपुर में पुलिस ने वारदात की फिराक में घूमते बदमाश को पकड़ा।

- एक देसी कट्टा और नौ जिन्दा कारतूस बरामद किए

**भरतपुर,** (निसं)। उद्योग नगर थाना पुलिस ने पूर्व में कुलदीप जघीना गैंग से जुड़े एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास एक देसी कट्टा और नौ जिन्दा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी सचिन नाम के व्यक्ति से कट्टे और कारतूस खरीदकर लाया था, जो किसी वारदात को अंजाम देने के वाला था। पुलिस ने उसे पीछा कर पकड़ लिया।

उद्योग नगर थाने के एएसआई ललित तिवारी ने एफआईआर दर्ज करवाते हुए बताया कि मैं जाब्ते के साथ कल इलाके में गश्त करता हुआ खेमकरण चौराहे पर पहुंचा। मुखबिर के जरिए सूचना मिली की जीडब्लू फैक्ट्री के सामने एक व्यक्ति खड़ा है। उसके पास अवैध हथियार हो सकता है। वह किसी संगीन अपराध को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस का जाब्ता तुरंत मौके पर पहुंचा तो, आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने आरोपी को उसका पीछा करके पकड़ा। आरोपी ने अपना नाम जुगनू उर्फ राज निवासी होली मोहल्ला चार थोक जघीना का होना बताया। जब युवक की तलाशी ली गई तो, उसके पास 12 बोर का कट्टा और 9 जिंदा कारतूस मिले। पूछताछ में जुगनू ने बताया कि वह कट्टे को सचिन निवासी मडरपुर से खरीदकर लाया है, जिसके बाद पुलिस ने जुगनू को गिरफ्तार कर लिया।

# जेईई एडवांस परीक्षा दो पारियों में संपन्न



कोटा में भी जेईई एडवांस की परीक्षा आयोजित हुई।

- जेईई एडवांस परीक्षा के स्टूडेंट्स को पहला पेपर ईजी तो दूसरा लेंदी लगा
- फिजिक्स सबसे कठिन और केमेस्ट्री पूरी तरह से कैलकुलेटिव लगी

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे प्रतिष्ठित और विश्व के दूसरे नंबर की कठिन परीक्षाओं में शामिल जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम एडवांस्ड (जेईई एडवांस्ड) का रविवार को पेपर दो पारियों में संपन्न हुआ। पहले पेपर के लिए सुबह सात बजे से एंट्री शुरू हो गई थी और 8:30 तक विद्यार्थियों को एंट्री दी गई। सुबह 9 से 12 बजे तक पहली पारी की परीक्षा हुई। दूसरी पारी की परीक्षा दोपहर 2.30 से 5.30 बजे के बीच में हुई। इसके लिए दो बजे तक प्रवेश मिला। एग्जाम संपन्न होने के बाद अब 22 मई को कैंडिडेट की रिकॉर्ड रिस्पांस शीट जारी कर दी जाएगी। साथ ही 26 मई को प्रोविजनल आंसर की भी जारी होगी जिन पर कैंडिडेट 26 मई शाम पांच बजे तक आपत्ति दर्ज कर सकेंगे। वहीं 2 जून को फाइनल आंसर की और रिजल्ट भी जारी हो जाएगा।

परीक्षा में पूरी गाइडलाइन के साथ विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। अधिकांश विद्यार्थी समय रहते ही पहुंच गए थे। कोटा के चार परीक्षा केंद्र पर एक-दो विद्यार्थी ही देरी से पहुंचे जिन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। निजी कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि परीक्षा देकर आए कैंडिडेट से प्राप्त रिस्पांस के अनुसार इस परीक्षा का पहला पेपर आसान रहा। जबकि दूसरी पारी का पेपर लेंदी रहा। पेपर में कैमेस्ट्री पूरी तरह से कैलकुलेटिव रही। फिजिक्स और मैथ्स का डिफिकल्टी लेवल थोड़ा अच्छा रहा।

एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि फिजिक्स का प्रश्न पत्र दोनों ही पारियों में कठिन रहा है जबकि मैथमेटिक्स व कैमिस्ट्री स्तरीय रहे। फिजिक्स में इलेक्ट्रोस्टेटिक्स, एसएचएम एंड वेव्स तथा मॉडर्न फिजिक्स से स्तरीय प्रश्न पूछे गए। कैमिस्ट्री में सर्फेस कैमेस्ट्री, पॉलीमर्स व सॉलिड स्टेट से पूछे गए। प्रश्नों में कैंडिडेट को थोड़ा परेशान किया। मैथमेटिक्स का प्रश्न-पत्र परंपरागत रहा। इंटीजर टाइप क्वेशंस की अधिकता ने कैंडिडेट को परेशान किया। बीते सालों के अनुसार जल्द ही आईआईटी कानपुर आधिकारिक प्रश्न पत्र जारी कर दिए जाएंगे। निजी कोचिंग संस्थान के सीईओ नितिन विजय ने बताया कि पेपर एक की तुलना में पेपर दो का कठिनाई का स्तर अधिक था। पेराग्राफ पैटर्न के सवाल नहीं पूछे गए। न्यूमेरिकल वेल्यू के 8 सवाल थे। इनमें बच्चों कोई ऑप्शन नहीं मिलता है। इससे दूसरी पारी का डिफिकल्टी लेवल बढ़ गया। इनमें लम्बे और समय लेने वाले कठिन सवाल अधिक थे। दोनों पारी में कुल मिलकर मैथ्स में कैल्कुलस, अलजेब्रा, कोऑर्डिनेट ज्योमेट्री, प्रोबेबिलिटी, वेक्टर व 3डी ज्योमेट्री से सवाल पूछे गए। नितिन विजय का कहना है कि जेईई एडवांस्ड 2025 के लिए पहले ही माना जा रहा था कि इस बार आईआईटी कानपुर पेपर बना रही है तो वह जरूर कठिन होगा लेकिन उतना ज्यादा कठिन भी नहीं था।

# 'कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक कृषक को मिले'

जयपुर। कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा की अध्यक्षता में रविवार को कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापूरा, जयपुर के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में युवा कर्षक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कृषि के प्रति युवाओं में रुचि पैदा करने, कृषि संबंधी योजनाओं एवं उन्नत तकनीकी की जानकारी मुहैया कराने और कृषि क्षेत्र की समस्याओं को समझ कर समाधान निकालने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में किसानों को कृषि में नवाचार, जैविक खेती, बागवानी, फूलों की खेती, माइक्रो इरीगेशन, बीज मिनीकिट वितरण,मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जिप्सम वितरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कस्टम हायरिंग सेंटर और प्रगतिशील कृषक भ्रमण आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। कृषि मंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल किसानों की समस्याओं को समझने का माध्यम है, बल्कि योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन और किसानों की आय वृद्धि की दिशा में एक ठोस कदम साबित होगा।

कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री ने कहा कि हमारे प्रदेश की आदि से अधिक आबादी कृषि पर आधारित हैं। कृषि न



कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा की अध्यक्षता में कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापूरा, जयपुर के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में युवा कर्षक संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

केवल आजीविका का प्रमुख साधन है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ भी है। आज के दौर में जब कृषि क्षेत्र में अनेक चुनौतियां आ रही है, तब युवा वर्ग की भागीदारी इस क्षेत्र में ऊर्जा और नवाचार ला सकती है

उन्होंने बताया कि युवा कृषक संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को कृषि क्षेत्र में प्रेषित करना, उन्हें आधुनिक तकनीकी से अवगत कराना और उनके विचारों का आधार प्रदान कर एक मजबूत कृषि तंत्र विकसित करना है।

इस कार्यक्रम में युवाओं को जैविक खेती, ड्रोन तकनीकी, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, स्मार्ट कृषि तकनीकी की जानकारी दी गई। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि पैदावार कम होती जा रही है जिसे युवाओं का खेती से मोहभंग हो रहा है। इसलिए राज्य सरकार युवाओं में कृषि के प्रति रुचि पैदा करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करवाई रही है और ग्राम सभा की बैठकोंमें भी यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी सभा में कृषकों को दी जारी है। विभाग का

- **कार्यक्रम में किसानों को कृषि में नवाचार, जैविक खेती, बागवानी, फूलों की खेती, माइक्रो इरीगेशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कस्टम हायरिंग सेंटर और प्रगतिशील कृषक भ्रमण आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी**

प्रयास रहेगा कि कृषि विभाग की प्रत्येक योजनाओं की जानकारी एवं उनका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक कृषकों को मिले।

इस कार्यक्रम में युवाओं को जैविक खेती, ड्रोन तकनीकी, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, स्मार्ट कृषि तकनीकी की जानकारी दी गई।

'युवा कृषक संवाद' कार्यकमों से न केवल युवाओं में कृषि के प्रति रुचि बड़ी बढ़ती है, बल्कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं। यह संवाद कार्यक्रम युवा ऊर्जा और आधुनिक तकनीकी को जोड़कर प्रदेश की कृषि को नई दिशा देने का प्रयास है।

# गोविन्द देव जी मंदिर में गायत्री महायज्ञ के साथ आशीर्वाद समारोह संपन्न

जयपुर। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में गायत्री महायज्ञ के साथ नव दंपति आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 28 जोड़े परिवार सहित शामिल हुए जिनका विवाह पिछले दिनों ही संपन्न हुआ है। प्रेरणादाई माहौल में हुए आयोजन में बहुओं ने सास स्वसुर को माता पिता समझ कर सेवा करते हुए घर को स्वर्ग बनाने का संकल्प लिया। वहीं आयोजन में उपस्थित सास ने बहु को बेटी मानकर प्यार देने का भरोसा दिलाया।। कार्यक्रम का शुभारंभ गोविंद देव जी मंदिर के सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी ने ठाकुर श्री राधा गोविंद देव जी, वेद माता मां गायत्री , पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, मां भगवती देवी शर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहनलाल शर्मा के निर्देशन में गायत्री कचोलिया, गायत्री तोमर, दिनेश मारबदे ने वेद मंत्रोच्चार के साथ सभी जोड़ों से यज्ञ में आहुतियां अर्पित करवाई। जोड़ों के सुखी वैवाहिक जीवन के लिए मां गौरी को विशिष्ट आहुतियां भी दिलवाई। जोड़ों के अलावा 300 से अधिक लोगों ने तीन पारियों में यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की ।

खुले मन से करें जीवन साथी की प्रशंसा गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्थापक मणि शंकर पाटीदार ने युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों संदर्भ देते हुए कहा

- **महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में गायत्री महायज्ञ के साथ नव दंपति आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया**

कि पति पत्नी को एक दूसरे की निष्कपट भाव से प्रशंसा करते रहना चाहिए। अपने जीवन-साथी को उत्साहित करना, ऊँचा उठाना, शिक्षित, सुसंस्कृत, सभ्य नागरिक बनाना दोनों का कर्तव्य होना चाहिए। प्रत्येक अच्छाई की प्रशंसा कीजिए और दिल खोल कर कीजिए। प्रशंसा से उनके और भी गुण, अच्छा स्वभाव विकसित हो सकेगा। मित्रभाव, सहनशीलता, सहयोग बढ़ेगा। अधिकांश पलियाँ अच्छी ही होती हैं, पर पति के उत्साहित न करने से, उनका विकास रुक जाता है। झिड़कने, मारने, पीटने, अशिष्ट व्यवहार करने या निर्दयता का व्यवहार करने से पत्नी का हृदय टूक-टूक हो जाता है। विश्वास टूटते ही तलाक की नौबत आती है। इसलिए पति को सदा सर्वदा पत्नी को उच्च गुणों के सुझाव ही देने चाहिए। निष्कपट भाव से उसके प्रत्येक कार्य, घर की सजावट, रसोई, बनाव-श्रृंगार, आर्थिक सहयोग की प्रशंसा करनी चाहिए।पति को निरन्तर कोमलता और निरन्तर पत्नी की देख-रेख द्वारा उसके प्रति अपने प्रेम का प्रकाश करते रहना चाहिए। शिष्टाचार की छोटी-मोटी बातों को इज्जत और नये-नये उपहार लाने की बात भूल नहीं जाना चाहिये। क्योंकि स्त्रियाँ इस बात को बहुत महत्व देती है। स्त्री प्रेम और प्यार के अभाव में साधारण सुख का जीवन भी व्यतीत नहीं कर सकती। प्रेम उसकी आत्मा का भोजन है। उन्होंने कहा कि पत्नी से कुछ भी मत छिपाइए अन्यथा वह शक करेगी और गुप्त मानसिक व्यथा से जलती रहेगी। उसे यह बतला दीजिए कि आप क्या कमाते हैं ? कैसे व्यय करते हैं। पत्नी से कुछ भी नहीं छिपाने का लाभ पति को ही होता है । उन्होंने कहा कि पति पत्नी को एक दूसरे के माता-पिता का इस तरह सम्मान करना चाहिए जैसा आदर वे अपने माता-पिता का करते हैं ।

**देहली पूजन कर लिया आशीर्वाद :**-हवन के बाद सभी जोड़ों ने ठाकुरजी के दर्शन कर देहली पूजन किया। मंदिर प्रबंधन की ओर से ठाकुरजी के आशीर्वाद के रूप में गोविन्द देवजी छवि, प्रसाद, दुपट्टा और भेंट दी गई। सालासर बालाजी मंदिर के विष्णु पुजारी ने सालासर बालाजी की छवि प्रदान की। गायत्री परिवार की ओर से रमेश अग्रवाल और कैलाश अग्रवाल ने देव स्थापना का चित्र के साथ गृहस्थ जीवन से जुड़ी पुस्तकों का सेट भेंट किया। उपस्थित लोगों ने स्वस्ति वाचन के साथ सभी जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्रदान किया। खुशबू नायक, सुरेंद्र, मुकेश, गिरधारी, सुदर्शन सहित अनेक नव युगल ने आयोजन की सराहना की।

# ब्लड बैंक के स्थापना दिवस पर किया रक्तदान

जयपुर। स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक मिलाप नगर, जयपुर ने रविवार को अपना 31 वाँ दिवस मनाया। इस अवसर पर ब्लड बैंक परिसर में आयोजित वृहद रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक में नियमित रक्तदान करने वाले रक्तदान योद्धाओं, मित्र गणों और उनके परिजनों के अलावा ब्लड बैंक, राजस्थान हॉस्पिटल तथा स्वास्थ्य कल्याण संस्थाओं के कर्मचारी और अधिकारियों के साथ स्टूडेंट्स ने भी रक्तदान किया। शिविर में 131 से ज्यादा यूनिट रक्त दान किया गया।

इस अवसर पर ब्लड बैंक के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. एस एस अग्रवाल ने घोषणा की कि राज्य में पहली निजी ब्लड बैंक की स्थापना के साथ - साथ हमने कई नवाचार किए हैं। उन्होंने कहा कि इस 31 वें स्थापना दिवस पर भी हम राजस्थान के रक्त दाताओं को बड़ी सौगात लेकर आए हैं। उन्होंने घोषणा की कि स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक जल्द ही जयपुर और इसके आस पास के इलाकों में स्थित उन अस्पतालों में ड्रोन से ब्लड और ब्लड कम्पोनेंट की सप्लाई करेगा, जिन्होंने हमारे साथ एमओयू साइन कर रखा है।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इसके लिए हमने मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन नई दिल्ली से अनुमति की कार्रवाई शुरू कर दी है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इसके साथ ही हम शहर के उन अस्पतालों में भर्ती मरीजों की सहायतार्थ एक और नवाचार कर रहे हैं जहां ब्लड बैंक नहीं हैं, और जिन्होंने रक्त आपूर्ति के लिए स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के साथ समझौता पत्र

- **स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक मिलाप नगर, जयपुर ने रविवार को अपना 31 वाँ दिवस मनाया**
- **अस्पतालों में ड्रोन से ब्लड और ब्लड कम्पोनेंट की होगी सप्लाई**

हस्ताक्षर किया है। ऐसे अस्पतालों को स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक रक्त सप्लाई करेगा, जिससे वहां भर्ती मरीजों के परिजनों को अन्य ब्लड बैंकों में रक्त के लिए चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि 1995 में स्थापित स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक ने निजी क्षेत्र पहला ब्लड बैंक होने के साथ साथ राजस्थान का प्रथम लाइसेंस्ड प्लेटलेट एफेरेसिसि हांसिल किया। साथ ही प्रदेश में पहला एनएबीएच एक्रेडिएटेड स्टेंड अलोन ब्लड बैंक भी बना। इसके अलावा हॉस्पिटल्स में ब्लड और इसके घटकों की ऑनलाइन पिकअप एवं डिलिवरी सिस्टम भी पहली बार स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक ने ही शुरू किया है। इससे रक्त संग्रहण से लेकर इसकी विभिन्न उपयोगी जांचों से लेकर मरीज को सुरक्षित तरीके से रक्त की आपूर्ति सुनिश्चित हुई है।

राजस्थान के ड्रग कंट्रोलर डॉक्टर अजय फाटक ने कहा कि हमें खुशी है कि स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक प्रदेश की चुनिंदा ब्लड बैंकों में से एक है जिसने केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा जारी गाइड लाइन्स और मानकों का कठोरता से पालन किया है। साथ ही अब तक 30 वर्ष में रिसर्च एवं डबलपमेंट के साथ अनेक नवाचार भी किए हैं।

ब्लड बैंक के निदेशक डॉ. सर्वेश अग्रवाल ने स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक को क्वालिटी काउंसिल आफ इंडिया, भारत सरकार की ओर से 'एनएबीएच' सर्टिफिकेशन प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि ब्लड बैंक ने 30 साल में अब तक 8000 रक्तदान शिविरों के माध्यम से 6 लाख यूनिट से ज्यादा रक्त एकत्रित कर प्लाज्मा, प्लेटलेट्स, आरबीसी और बीबीसी जैसे विभिन्न घटकों से 12 लाख से ज्यादा मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया है।

ब्लड बैंक के प्रबंध निदेशक आनन्द अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के पहले स्टैंड अलोन और नॉन गवर्नमेंट लाइसेंस प्राप्त ब्लड बैंक का उद्देश्य जरूरतमंदों को बिना एबज में लिए रक्त उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि ब्लड बैंक से जुड़े समस्त कार्यकर्ताओं का समर्पित भाव हमें 'रक्त बिना नहीं जी सके एक दिन भी इंसान, रक्त से अपने दीजिए औरों को जीवनदान' की प्रेरणा देता है। डॉ अग्रवाल ने इस अवसर पर ब्लड बैंक से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं इष्ट मित्रों, उनके परिवार जनों को बधाई दी। डॉ. एस एस अग्रवाल ने बताया कि एक रक्तदाता अपने द्वारा एक बार किए गए रक्तदान से तीन लोगों को जीवनदान दे सकता है। ऐसे में हर व्यक्ति स्वस्थ व्यक्ति को यह प्रण लेना चाहिए कि वर्ष में एक बार रक्तदान अवश्य करेगा। साथ ही हर साल कम से कम एक नए रक्तदाता का प्रेरक भी बनेगा यानी उसे रक्तदान के लिए तैयार करेगा।

कार्यक्रम में जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, विधायक बालमुकुंदाचार्य, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सरदार अजय पाल सिंह, राजस्थान अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह, ड्रग कंट्रोल आफ राजस्थान अजय फाटक, राजकीय जयपुरिया अस्पताल के पूर्व अधीक्षक डॉ. डी एस मलिक वरिष्ठ चर्म एवं रति रोग विशेषज्ञ डॉ.दिनेश माथुर, पलमोनरी विशेषज्ञ डॉक्टर मधुर जोशी , रोटरी पूर्व प्रांत पाल रमेश अग्रवाल, जयपुर नगर निगम की पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, अध्यक्ष हेरिटेज नगर निगम जयपुर पारस जैन, लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. ए डी माथुर, डॉ. पी सी राका, डॉ. अशोक खंडाका, डॉ. पुष्पेंद्र गर्ग एवं रेड क्रॉस सोसाइटी जयपुर के शाखा सचिव ओ पी जोशी सहित अनेक गणमान्य एवं इष्ट मित्र शामिल हुए। इनके अलावा केलगिरी हॉस्पिटल के ट्रस्टी सचिव डॉक्टर नवल अग्रवाल, भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश पारीक, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, पूर्व पार्षद विवेक गोयल, रक्तदान परिसंघ के अध्यक्ष सुनील मित्तल एवं सचिव संजय ख्वाड सहित अनेक गणमान्य जनों ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया।

# परशुरामपुरी में माता दुर्गा और भोले बाबा संग विराजे राम : लखन जानकी

जयपुर। जल महल स्थित परशुरामपुरी कॉलोनी के नवनिर्मित मंदिर में तीन दिवसीय प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव रविवार को नवीन वेदियों पर जयकारों के साथ श्रीराम दरबार, मंगलेश्वर महादेव और मां दुर्गा की मूर्तियों के विराजमान होने के साथ संपन्न हुआ। सभी प्रतिमाओं को नवीन पोशाक धारण कराकर फूलों से अत्यंत मनोहारी श्रृंगार किया गया। संतों महंतों के सनिध्य में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाआरती की।

आयोजन से जुड़े सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि परशुरामपुरी कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष नरेश शर्मा (श्याम) एवं अन्य ने भगवान श्रीराम, सीता जी, मंगलेश्वर महादेव और मां दुर्गा की मूर्तियों का पंचामृत से अभिषेक किया। 11 विद्वानों ने वेद मंत्रोच्चार किया।

इस अवसर हवन भी हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित की। हवन की पूर्णाहुति के बाद कन्याओं ने मूर्तियों की आंखों से कपड़ा हटाकर शीशा दिखाया। छोटी काशी के विभिन्न मठ, मंदिर, देवालयों के संतों महंतों के सान्निध्य में सांसद मंजू शर्मा , हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भगवान की पूजा

- **तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले दिन गाजेबाजे और लवाजमे के साथ कलश यात्रा निकाली**

अर्चना कर महाआरती की। इस मौके पर बड़ी संख्या में कॉलोनी के श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने जयकारों के साथ प्रसादी ग्रहण की।

तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले दिन गाजेबाजे और लवाजमे के साथ कलश यात्रा निकाली गई और मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया गया। दूसरे दिन अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ और मूर्ति प्रतिष्ठा की पूर्व क्रियाओं के रूप में अन्न, जल, फल सहित अन्य सामग्री से अधिवास कराया गया। परशुरामपुरी कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष नरेश शर्मा ने बताया कि कॉलोनी के इस मंदिर में सनातन धर्म से जुड़े कथा, हवन सहित अन्य आयोजन धूमधाम से कराए जाएंगे। मंदिर को जन जागृति के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां हवन के साथ लोगों के जन्मदिन संस्कार भारतीय संस्कृति के अनुसार मनाए जाएंगे।

# एसओजी की कार्रवाई : पचास हजार रुपए का इनामी बदमाश नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार

जयपुर। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट मामले में पिछले चार साल से फरार चल रहे पचास हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी एसओजी से बचने के लिए तिनसुकिया,जोरहाट असम व दीमापुर नागालैंड में गुप्त रूप से रह रहा था और एसओजी काफी दिनों से उसकी तलाश में उसके कई संभावित ठिकानों पर भी दबिश दी जा रही थी। इसके बाद आरोपी की लोकेशन काठमांडू नेपाल आई। जिस पर एसओजी की टीम बदमाश का पीछा करते हुए नेपाल पहुंच गई और आरोपी को बॉर्डर से पकडा। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में तीन मामले दर्ज थे। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक(एडीजी)एसओजी वीके सिंह ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तीन आपराधिक प्रकरणों में चार साल से फरार चल रहे इनामी बदमाश सुशील करनानी (42) निवासी नोखा जिला बीकानेर हाल करधनी जयपुर को नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया है। एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि आरोपी सुशील करनानी ने बायो मैक्सटार फार्मास्युटिकल्स दीमापुर, नागालैंड के नाम से फर्जी फर्म बना रखी थी। जिसके द्वारा हिमालया मेडिटेक प्राइवेट लिमिटेड देहरादून नाम की फर्म से नशीली प्रतिबंधित दवाइयां ट्रामाडोल टेबलेट्स एवं कैप्सूल और अल्प्राजोलम टेबलेट्स एवं कैप्सूल क्रय कर अजमेर के अलवर गेट व रामगंज स्थित गोदामों से राजस्थान में जयपुर व अजमेर स्थित विभिन्न फर्मों को अवैध रूप से सप्लाई करता था।

एसओजी ने आरोपी को संबंधित कोर्ट अजमेर में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने पूछताछ के लिए 26 मई तक रिमांड सौंपा है।

## किसान आक्रोश प्रदर्शन आज

जयपुर। भारतीय किसान संघ के किसान संघ के प्रांत महामंत्री डा सांवर मल सोलेट सहित 10 संघ के पदाधिकारियों पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने के खिलाफ उपखण्ड कार्यालय रामपुरा डाबडी पर सोमवार सुबह 10 बजे किसान आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा । प्रांत सह प्रचार प्रमुख डॉ.लोकेश कुमार चन्देल ने बताया कि रामपुरा डाबड़ी उपतहसीलदार के द्वारा राजकार्य में बाधा सहित कई झूठे आरोप लगाकर थानेमें शिकायत दी है । प्रांत अध्यक्ष कालूराम बाँगड़ा ने कहा है कि यह किसानों की आवाज दबाने का षड्यंत्र है किसान संघ के पदाधिकारियों का नियमित तहसीलो में जाना भ्रष्टाचार मिटाने के लिए दबाव बनाना अखरता है।

# सूने मकान से सोने-चांदी के जेवरात चुराये

जयपुर। सोडाला थाना इलाके में सूने मकान से चोर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी चोरी कर ले गए।

वारदात के दौरान मकान मालिक परिवार सहित बाहर गया हुआ था। वापस लौटने पर चोरी की वारदात का पता चलने पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है।

जांच अधिकारी एएसआई भगवान सहाय ने बताया कि सोडाला के पटेल नगर में रहने वाले ओमप्रकाश शर्मा ने मामला दर्ज करवाया है कि उनका बेटा नोएडा में रहता है। जिसके चलते वह 10 मई को परिवार के साथ नोएडा गए थे।

इस दौरान पीछे से चोरों ने सूने मकान रेकी करते हुए मकान में घुसे और अलमारी लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी और सामान चोरी कर ले गए। गत दो दिन पहले वापस लौटने पर चोरी का पता चलने पर पुलिस को सूचित किया गया। जहां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है।

## आयुष्मान दुबई की कॉम्पिटिशन में रहे अव्वल

जयपुर। इंटरनेशनल स्टूडेंट स्पीकर कॉम्पिटिशन में जयपुर के आयुष्मान सिंह शेखावत ने देशभर में पहला स्थान हासिल कर नाम रोशन किया है। दुबई स्थित गेमा इंटरनेशनल संस्था द्वारा आयोजित इंटरनेशनल स्टूडेंट स्पीकर प्रतियोगिता में आयुष्मान सिंह नेशनल टॉपर का खिताब अपने नाम किया है। आयुष्मान सिंह 12वीं कक्षा के छात्र हैं। भविष्य में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के जरिये सेना में जाकर देश की सेवा करने की चाह रखने वाले आयुष्मान सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादाजी जय सिंह शेखावत एवं दादीजी पुष्पा शेखावत को दिया है।

# कर्नल केसरी सिंह पर पुस्तक का हुआ विमोचन

जयपुर । पहले के समय में शिकारियों को महान खिलाड़ी माना जाता था - जिसके लिए ताकत, अनुशासन और जंगल और उसके निवासियों की गहरी समझ की आवश्यकता होती थी। एक शिकारी के रूप में कर्नल केसरी सिंह के कौशल ने एक कंजर्वेशनिस्ट के रूप में उनकी यात्रा की नींव रखी। यह बात पीपीसीसीएफ एवं वन बल प्रमुख अरिजीत बनर्जी ने कही। वे जयपुर के नारायण निवास में 'कर्नल केसरी सिंह कानोता- द टाइगर' पुस्तक के विमोचन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। यह

- **नारायण निवास में कंजर्वेशनिस्ट बनने के लिए अनुशासन की आवश्यकता होती है : अरिजीत बनर्जी**

पुस्तक कर्नल केसरी जी के पुत्र ठाकुर रघुनाथ सिंह कानोता द्वारा लिखी गई है। पुस्तक के लिए जोधपुर महाराजा गज सिंह ने भूमिका लिखी है।

प्रसिद्ध पर्यावरणविद् एवं वन्यजीव विशेषज्ञ, हर्षवर्धन ने अपने संबोधन में कहा कि यह पुस्तक बाघ संरक्षण पर समकालीन आख्यान के साथ व्यक्तिगत कहानियों को जोड़ती है। यह पुस्तक आज के वन्यजीव संरक्षण पर टिप्पणी के साथ समकालीन परिदृश्य पर आधारित है। यह पुस्तक बाघों के अर्थशास्त्र को भी उजागर करते हुए -




'कर्नल केसरी सिंह कानोता- द टाइगर' पुस्तक का विमोचन किया।

बाघ अभयारण्यों के मूर्त और अमूर्त दोनों लाभों पर गहराई से विचार करती है, तथा संरक्षण प्रयासों में पर्यटन की भूमिका पर प्रकाश डालती है।

इस अवसर पर ठाकुर रघुनाथ सिंह कानोता ने अपने पिता के बारे में भावुक यादें ताजा कीं तथा उनके व्यक्तित्व, मूल्यों और योगदान की झलकियां साझा कीं।

दुष्यंत नायला ने केसरी सिंह को वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी व्यक्ति बताया, हनुवंत सिंह संथा ने कर्नल केसरी सिंह कानोता के साथ अपने पिता के जुड़ाव के बारे में उत्साहपूर्वक बात की, और याद किया, जगदीप सिंह ने कर्नल केसरी सिंह कानोता के अपने अल्मा मेटर मेयो कॉलेज के साथ गहरे जुड़ाव की यादें साझा कीं।

इनमें राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, तत्कालीन वन मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, तत्कालीन मुख्यमंत्री के ओएसडी और वर्तमान में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एचओएफएफ) अरिजीत बनर्जी, तत्कालीन डीसीएफ झालाना सुदर्शन शर्मा; तत्कालीन एसीएफ झालाना, जगदीश गुप्ता; डीएफओ जयपुर विजेंद्र पाल सिंह और एसीएफ झालाना देवेंद्र सिंह राठौड़ शामिल थे। इनके अतिरिक्त, वॉलंटियर्स सुमित जुनेजा, धीरेंद्र गोधा, धीरज कपूर और दिनेश दुर्रानी को भी सम्मानित किया गया। साथ ही फोटो विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह चौहान और दिनेश डाबी को भी सम्मानित हुए। पत्रकार महेश शर्मा (भास्कर), वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ. महेश बागड़ी, झालाना के पशु चिकित्सक डॉ. अरविंद माथुर और झालाना के पारिस्थितिकीविद् और सहायक वनपाल राजाराम मीना को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## प्लास्टिक गोदाम में लगी भीषण आग

जयपुर। विश्वकर्मा थाना इलाके के रोड नंबर 17 स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में प्लास्टिक गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते-ही-देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया और काले धुएं के विशाल गुबार आसमान में छा गए। लोगों की सूचना पर तीन फायर स्टेशनों से पांच दमकल की गाडियां मौके पर पहुंची और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में गोदाम में रखा लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया। प्रारंभिक जांच में आग शॉर्ट-सर्किट या केमिकल से लगना आ रहा है। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

सहायक अग्निशमन अधिकारी भंवर सिंह हाड़ा ने बताया कि विश्वकर्मा थाना इलाके के रोड नंबर 17 स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में प्लास्टिक गोदाम में आग लगने की सूचना पर विश्वकर्मा फायर स्टेशन से दो, झोटवाड़ा से एक तथा बनीपार्क फायर स्टेशन से दो दमकल रवाना की गईं। जहां पांच दमकलों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

हाड़ा ने बताया कि प्लास्टिक गोदाम में लगी भीषण आग को बुझाने के दौरान दमकलकर्मियों को लगातार धुएं का सामना करना पड़ा। क्योंकि गोदाम में बड़ी मात्रा में रबर,प्लास्टिक, केमिकल कलर एवं थिनर जैसी ज्वलनशील सामग्री भरी हुई थी। इन पदार्थों की वजह से आग तेजी से भड़की और तापमान अत्यधिक बढ़ गया। जिससे आसपास खड़े ट्रकों और गैस सिलेंडरों को भी खतरा उत्पन्न हो गया।

सिलेंडरों को सुरक्षित दूरी पर हटा कर फोम तथा पानी की संयुक्त धारा से आग की लपटों को दबाया।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर में किए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 एवं 28 में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर उद्योग नगर झोटवाड़ा में निर्मित उच्च जलाशय का भी लोकार्पण किया गया। इन सभी कार्यों की कुल लागत लगभग पंद्रह करोड़ रुपये है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी और विधायक कोष से संबंधित सीसी सड़क, पार्क, स्ट्रीट लाइट, जल निकासी, सफाई व्यवस्था, एवं अन्य सौंदर्यीकरण कार्यों का उद्घाटन किया गया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, समय और जल की बचत होगी, साथ ही जल भराव की समस्या का समाधान भी होगा। विशेष रूप से उच्च जलाशय के निर्माण से श्री रामपुरी कॉलोनी, रघुपुरी, रानी कॉलोनी, बाढ़बस्ती नगर, महर्षिनगर, उद्योग नगर, नारायणपुरी आदि क्षेत्रों की लगभग 35,000 की आबादी को पीने के पानी की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही 4 हज़ार मीटर नई डीआई पाइप लाइन भी डाली गई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वे क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने मंच से विशेष रूप से महिला शक्ति, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सभी की सामूहिक भागीदारी का परिणाम है।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिन कार्यों का शिलान्यास हुआ है, उन्हें समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के अंत में उपमुख्यमंत्री ने सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ और धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में जयपुर शहर लोकसभा सांसद मंजु शर्मा पार्षद दुर्गेश नंदिनी पार्षद बाबूलाल शर्मा जिला मंत्री सुनीता अग्रवाल मंडल अध्यक्ष माल सिंह शेखावत मंडल अध्यक्ष विनोद सैनी ऐड चीफ जलदाय विभाग अजय राठौड़ एसई जलदाय विभाग सुरेन्द्र सिंह एक्सएन जलदाय विभाग सुरेश शर्मा समस्त मंडल अध्यक्ष पार्षदगण पार्षदप्रयाशी वार्ड वासी माताये बहने उपस्थित रहे।



## Honouring a Legacy: Malcolm X Day

Observed on May 19, Malcolm X Day commemorates the life and legacy of Malcolm X, a powerful voice for Black empowerment and civil rights in America. Born Malcolm Little in 1925, he rose from hardship to become a revolutionary leader who challenged racial injustice with boldness and intellect. Known for his advocacy for Black pride, self-determination, and human rights, Malcolm X's influence extends far beyond borders. On this day, communities reflect on his contributions, his transformation, and the ongoing struggle for equality. His legacy remains a symbol of resistance, awakening, and the relentless fight for justice.



#BEAT THE HEAT

# Greening the Heat: A Summer Call to Plant and Protect

This 'Plant Something Day,' turn up the shade and turn down the heat by planting resilient greens that thrive in the Indian summer.



As India sizzles under the intense heat of summer, with mercury levels often soaring beyond 45°C in many parts of the country, the idea of stepping outdoors may seem unappealing. But what if we told you that one small step taken in this heat could cool not just your surroundings, but the planet too?

Plant Something Day, observed annually on May 19, is more than just a reminder to get our hands dirty, it's a call to action. And in the Indian context, this day could not have come at a better time. With rising temperatures, depleting green cover, and increasing pollution, planting something today is a timely investment in a cooler, greener tomorrow.



### Why Plant Now?

Indian summers, though harsh, are also ideal for kickstarting plant growth, especially if you choose heat-resilient native species. Trees and plants act as natural air conditioners. A single healthy tree can transpire up to 400 litres of water per day, significantly cooling the air around it. In urban jungles, where concrete traps heat, greenery offers much-needed respite. Moreover, planting in early summer ensures that saplings get established before the monsoon. Once rains arrive, these young plants receive a natural boost in growth, making May a strategic month to begin greening efforts.

### Start Small, Think Big

You don't need a sprawling garden or farmland to participate in Plant Something Day. A small balcony, a sunny window sill, or even a roadside patch will do. Opt for low-maintenance, hardy plants that thrive in Indian summers, think neem, tulsi, aloe vera, hibiscus, curry leaf, lemongrass, or money plant. These are not only resilient but also medicinal or functional in daily life. Community spaces such as schools, RWAs, and temples can also be excellent sites for mass plantation drives. Involving children and elders in planting activities helps instil a lifelong love for nature while fostering a sense of shared responsibility.

### A Social and Environmental Movement


Across India, many citizen-led initiatives are already making a mark. Take the example of the 'Miyawaki forests' being developed in several Indian cities, where tiny plots of urban land are transformed into dense, native forests. Or the women in Rajasthan's arid zones who plant trees to combat desertification. Every sapling planted is a statement of resistance against climate change, deforestation, and urban apathy.

### Be a Part of the Green Revolution

This Plant Something Day, go beyond symbolic gestures. Commit to nurturing what you plant. Use recycled containers, compost your kitchen waste, and conserve water through drip irrigation or mulching. Share your planting story on social media and inspire others to do the same. Let's make the harsh Indian summer a season of green beginnings. After all, planting a seed is not just about growing a plant, it's about sowing hope. So, this May 19, step out, dig in, and root for a better future.

**Tip:** Don't forget to water your saplings in the early morning or late evening to protect them from heat stress!






# The Battle Of Khalubar Top



Through the months of May and June, the Battalion participated in operations aimed at the degradation of the enemy's defences at Jubar and Churubar Sispo and some notable successes had been achieved. 1/11 GORKHA RIFLES, less two Companies, moved forward from their firm base at Yaldor to a forward assembly area at the foot of Point 4812 during the day on 02 July, 1999. On the night of 02-03 July, 1999, the Gorkhas began the gruelling seven hour climb up the precipitous slopes of the Khalubar mountain. 'B' Company under Major C Correya and 'C' Company under Major Ajai Tomar defied the enemy's murderous fire and trudged uphill.


● Anusha Mishra

India and Pakistan witnessed one of the most tragic transfers of population in the year 1947. The dispute between these two nations was born out of the territorial divide that took place during Partition. Since then, the illegal occupation of Indian territory by Pakistan has seen more than seven decades of bloodshed. The history of violence and political unrest in the state of Jammu and Kashmir has claimed a number of lives. Since Independence, Indian and Pakistan have fought four wars, 1947-48, 1965, 1971 and 1999, and in addition, Pakistan has waged a proxy war in the state of Jammu and Kashmir. The Kargil War of 1999 came as a betrayal by Pakistan after nearly a decade of peace and cordiality. And in an attempt to occupy Kashmir by strength, armed personnel of Pakistan's army infiltrated the Line of Control (LoC) in May 1999. The first information of the intrusion was given by a local shepherd in the Kargil Sector on 03 May, 1999. It was a breach of the Tashkent Agreement signed by India and Pakistan in 1966. Despite India's belief in a peaceful resolution of conflict, India had to choose the route of fighting a full-fledged war in 1999. To protect the territorial integrity of India, Indian Army soon launched Operation Vijay in response to enemy aggression.

The War lasted for a span of approximately two months in which the Tri-Services emerged victorious on 26 July, 1999. But, as it is often said that the 'Wars come at a cost,' the Kargil War didn't just come as an economic drain to India, it also cost us a number of lives of our gallant Indian soldiers. This was the war in which India lost the largest number of its young commanding officers. The battles fought during the Kargil war are examples of High-Altitude warfare in which Indian soldiers set a new benchmark as regards valor and sacrifice. It has been twenty-five years since the war, and over the years, sense of both pride and pain has intertwined itself beautifully to remember Kargil War as a victory that defied all odds.

### OPERATIONS IN BATALIK SUB- SECTOR

In the Batalik Sub-Sector, the LoC cuts across the Indus River between Batalik and Marol. The soldiers of Pakistan's Northern Light Infantry (NLI) had penetrated around 8 to 10 kms from the LoC to an unheld area in the East of Batalik and West of the Chorbat La. Headquarters of 70 Infantry Brigade under Brigadier Devinder Singh was inducted into the Kargil Sector on 08 May, 1999 to take charge of Batalik Sub-Sector and ensure that the enemy did not extend the intrusion to dominate the Leh- Batalik-Kargil Road. Four ridgelines namely Jubar, Kukarthang, Khalubar and Point 5203, Churubar Po (Southwards along Chorbat La watershed), varying in heights from 15,000 feet to 16,800 feet, were occupied by Pakistani soldiers. The slopes were extremely steep with sharp spined and jagged peaks. On 09 May, 12 JAK LI was inducted into the Sector to recapture Point 5203. On 20 June, 12 JAK LI, along with a Company of 5 PARA and two Companies of Ladakh Scouts, recaptured Point 5203. Following the recapture of Point 5203 in the Batalik Sector, the next objective was Khalubar. 1/11 GORKHA RIFLES was deployed to recapture Khalubar Top on 02 July, 1999. With just a handful of soldiers, 1/11 GORKHA RIFLES captured the Khalubar Top.



105mm IFG gun crews, prepare for another round of shelling at the Batalik Sector at Kargil in 1999.

#KARGIL



Officers & Jawans of the 1/11 GORKHA RIFLES with captured weapons of the Pakistan Army after the capture of Jubar Top.

## THE BATTLE TO SECURE KHALUBAR TOP

Among the battles which were fought in Batalik Sector during Op Vijay, the recapture of Khalubar Top remains one of the key victories in the Sub-Sector. The Kalubhar Ridgeline dominates the Batalik Area. The Jubar Complex is to its left and Point 5203 to its right in the Chorbat La Area, close to the LOC. The highest feature is Point 5287 (approximately 16,000 feet), with Point 4812 in its vicinity towards the South. The enemy had occupied Kalubhar Ridgeline and it was important to evict the enemy to reclaim the lost territory. This ridgeline dominated the area up to Junk Lungpa in the East, Gragrio Nala in the West, the Kukarthang feature to its South West and Muntho Dhalo, the administrative base of the enemy, to its North West.

The enemy's induction route and supply lines passed through Muntho Dhalo. Hence, Khalubar was the hub of the enemy defences in the Batalik Sector. Accordingly, HQ 70 Infantry Brigade made plans for its early capture by launching simultaneous attacks from Junk Lungpa at several positions on this long ridgeline. In the north, Ladakh Scouts under Lieutenant Colonel Chandiok, Wing Commander, Indus Wing, were tasked to capture Point 5000, Stangba and Padma Go. In the centre, 22 GRENADIERS was given the task of establishing lodgements astride Point 5287, to be subsequently enlarged by 1/11 GORKHA RIFLES. The idea was to capture Area Bumps in the West with the intention to draw enemy reserves, cut off their maintenance routes, distracting enemy attention from the main attack on the Khalubar.



The Route to Khalubar Top.


The Khalubar ridgeline was divided into a number of smaller targets which were engaged in rotation, by the entire might of the artillery in the Batalik Sub-Sector over a number of days. The initial attacks on Khalubar were launched by 22 GRENADIERS on the night of 30 June-01 July, 1999. However, after being beaten by the enemy counter-attack, the capturing of the Khalubar Ridgeline was delegated to 1/11 GORKHA RIFLES. 1/11 GORKHA RIFLES, the reserve Battalion commanded by Colonel Lalit Rai, just had a major success having completed a professionally rewarding field tenure, including a stint in Kashmir Valley (where Lieutenant Puneet Nath Datt had been posthumously awarded the Ashok Chakra and an eventful tenure at Siachen Glacier). 1/11 GORKHA RIFLES was in the process of moving from Ladakh to a peace station when the call came for duty in Operation Vijay. The Gorkhas were inducted into the Batalik Sub-Sector on 09 May, 1999 and took part in the initial operations of 70 Infantry Brigade to contain the Pakistani intruders by securing the Yaldor axis. The Battalion had been steadily building up pressure on the enemy and causing attrition as a prelude to launching deliberate attacks to evict the intruders from Kukarthang. Through the months of May and June, the Battalion participated in operations aimed at the degradation of the enemy's defences at Jubar and Churubar Sispo and some notable successes had been achieved. 1/11 GORKHA RIFLES, less two Companies, moved forward from their firm base at Yaldor to a forward assembly area at the foot of Point 4812 during the day on 02 July, 1999. On the night of 02-03 July, 1999, the Gorkhas began the gruelling seven hour climb up the precipitous slopes of the Khalubar mountain. 'B' Company under Major C Correya and 'C' Company under Major Ajai Tomar defied the enemy's murderous fire and trudged uphill. The Commanding Officer's party made its own way forward. However, the troops of Pakistan's 8 Northern Light Infantry were well-entrenched and fought back with determination. It became clear to the Gorkhas that they would have to physically fight the enemy and evict him bunker by bunker. It was in this situation that some of the most heroic deeds of valour took place on Khalubar.

> The enemy's induction route and supply lines passed through Muntho Dhalo. Hence, Khalubar was the hub of the enemy defences in the Batalik Sector. Accordingly, HQ 70 Infantry Brigade made plans for its early capture by launching simultaneous attacks from Junk Lungpa at several positions on this long ridgeline. In the north, Ladakh Scouts under Lieutenant Colonel Chandiok, Wing Commander, Indus Wing, were tasked to capture Point 5000, Stangba and Padma Go.

Captain Manoj Pandey's Platoon came up against stiff resistance from Area Bunkers. As the Platoon approached its final objective after an arduous climb lasting several hours, it came under heavy and intense enemy fire from the surrounding heights. Captain Manoj's Platoon was nominated by the CO to clear the interfering enemy positions, so as to ensure that success could be achieved before daybreak. This young Captain quickly moved his platoon to an advantageous position under intense enemy fire and sent one section to clear Pakistani bunkers from the right, while he himself proceeded to clear four other enemy bunkers which were interfering with the attack from the left. Fearlessly charging up to the first bunker, braving a hail of bullets, he killed two enemy soldiers and went on to assault the second. He destroyed it by killing two more enemy personnel. While clearing the third bunker, Captain Manoj Kumar Pandey was injured on the shoulder and legs by enemy fire. Undaunted and without caring for his grievous injury, this spirited young officer personally led the assault on the fourth bunker, urging his men to keep fighting. He succeeded in destroying it with a grenade but even as he hurled a grenade inside, he sustained a Medium Machine Gun burst on his forehead from a point blank range, to which he succumbed.

There is no doubt that the troops involved in these operations had displayed unparalleled dedication, courage and commitment in the highest traditions of the Indian Army and their achievement will remain firmly entrenched in India's military history.

rajeshsharma1049@gmail.com



1/11 GORKHA RIFLES during the operation the to recapture Jubar Top.

#FACT-CHECKING

# Not the Last Word

From WhatsApp forwards to political claims, AI chatbots can assist, but not replace, real fact-checking. Here's why Indian users need to tread with caution.

In a digital age overflowing with information, and misinformation, AI chatbots have become our go-to virtual assistants. From answering school queries to breaking down government schemes, they've entered our chats, classrooms, and even courtrooms. But one thing, they shouldn't be trusted with blindly, Fact-checking. With the rise of generative AI tools like ChatGPT, Bard, and Gemini, many users assume that these bots can settle factual disputes just as well as a trained journalist or researcher. That's a dangerous myth, especially in a country like India, where misinformation spreads like wildfire across platforms like WhatsApp and Facebook. Here's a closer look at why AI chatbots, no matter how smart they sound, should not be treated as reliable fact-checkers.




### 1. They Don't Access Real-Time Information

AI chatbots operate based on the data they were trained on, which usually comes with a cutoff date. For example, an AI tool trained on data only up to 2023 won't know about events that occurred after that point, like a new government policy, a recent election outcome, or an emerging scam. So, if you ask, 'Did the RBI recently ban 2,000 notes again?' you might get an outdated or speculative response if the chatbot hasn't been updated. In contrast, fact-checking agencies and journalists actively track and verify real-time developments using official sources.




### 2. AI May 'Hallucinate' Facts

In AI terminology, 'hallucination' means when the system confidently provides an answer that sounds right but is entirely made up. For instance, if you ask an AI chatbot about a new medical study or Supreme Court verdict, it might invent fake citations or misquote a judgment just to fulfill the request. This issue becomes dangerous when users rely on these outputs in sensitive contexts, such as news reporting, political debates, or legal arguments. In India, where misinformation has even led to mob violence, these hallucinations can have very real consequences.

### 3. Lack of Source Transparency

Unlike fact-checking websites like Alt News, BOOM Live, or Factly, which provide links, screenshots, and source details, most AI chatbots do not offer source citations by default. You're left taking their word at face value. For Indian users trying to verify claims about a political leader's statement or a viral video clip, this becomes problematic. You can't cross-verify what the chatbot is telling you, especially when it comes to regional languages and local content, which AI often struggles with.

### 4. AI Can't Interpret Cultural and Contextual Nuances

India's diverse linguistic and socio-political landscape poses a unique challenge to AI. Chatbots often misinterpret cultural references, idioms, or even sarcasm in regional content. A statement in Hindi or Tamil may be translated literally, stripped of its local nuance. Imagine fact-checking a satirical meme from Kerala or a political jibe in Bhojpuri, AI may miss the context entirely, leading to flawed conclusions. Real human fact-checkers, familiar with local culture and languages, can better understand what's true, what's a joke, and what's manipulative.

### 5. They Can Be Manipulated or Biased

AI models are only as good as the data they are trained on. If that data includes biased, incorrect, or skewed content, the outputs can reflect those same issues. Worse, if an AI model is fine-tuned to favour certain narratives, whether political, social, or religious, it may subtly push misleading information. In India's polarised media climate, this risk is even greater. Fact-checking must remain neutral, transparent, and evidence-driven, qualities that AI chatbots cannot guarantee.





### So, What Should You Do Instead?

1. **Use Reputable Indian Fact-Checking Sites:** Refer to platforms like Alt News, Factly, Newschecker, and BOOM, which are certified by the International Fact-Checking Network (IFCN).
2. **Verify Before Sharing:** That viral video of a politician slapping a voter or a supposed government 'ban' might be clipped, edited, or simply false. Always verify with official sources or trusted journalists.
3. **Understand the Role of AI:** Use AI chatbots for basic information, grammar help, or summarising complex topics. Don't rely on them as truth-verifiers.
4. **Ask for Sources:** If using an AI chatbot, ask it to cite sources, but still double-check them manually.

AI chatbots are brilliant tools, but they're still tools. They don't have judgment, ethics, or the ability to distinguish between propaganda and truth. In India, where information can be weaponised during elections or communal events, placing blind trust in AI outputs can be more harmful than helpful.

So, the next time someone forwards a 'breaking news' alert on your family WhatsApp group, don't turn to an AI chatbot for the truth. Turn to verified facts, and maybe, just maybe, that one friend who always asks: 'Source, please?'

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# 73 किलोग्राम अफीम डोडा-चूरा जब्त कर एक जने को गिरफ्तार किया

## अफीम डोडा-चूरा के परिवहन में प्रयुक्त वाहन कंटेनर को जब्त किया

**भीलवाडा,** (निसं)। माण्डल थाना पुलिस ने गश्त के दौरान 73.220 किलोग्राम अफीम डोडा-चूरा जब्त किया। वहीं अफीम डोडा-चूरा के परिवहन में प्रयुक्त वाहन कंटेनर को जब्त कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

जानकारी के अनुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम व वांछित अपरधियों की धरपकड़ हेतु रोशनलाल पटेल अति. पुलिस अधीक्षक सहाड़ा के निर्देशन में व मेघा गोयल वृताधिकारी माण्डल के सुपरविजन में अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम में मांडल थानेदार राजपाल सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई टीम गठित की गई। गत रात्रि को माण्डल थाना पुलिस गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एनएच 48 पर भीलवाड़ा से जयपुर जाने वाले लेन पर शाहपुरा तिराहा की पुलिया पर एक कंटेनर खड़ा है, जिसमें संदिगध वस्तु की शंका होने से उक्त वाहन को चालक सहित पकड़ा। सूचना पर माण्डल थानेदार राजपाल सिंह जाब्ता के साथ मौके पर पहुंच कर उक्त वाहन के चालक से नाम व पता पूछा तो अपना नाम प्रदीप कुमार पुत्र रामपाल वर्मा जाति सुनार चंडीगढ़ जिले के थाना मनीमाजरा निवासी होना बताया। प्रदीप कुमार को वाहन में भरी सामग्री के बारे में पूछ तो कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। जिस पर उक्त वाहन को चेक किया तो केबिन में दो सफेद रंग के कट्टों में अफीम डोडा- चूरा का पाउडर भरा होना पाया, जिनका वजन 73.220 किलोग्राम होना पाया। अवैध अफीम डोडा- चूरा को नियमानुसार जब्त किया गया। अफीम डोडा-चूरा के परिवहन में प्रयुक्त कंटेनर को जब्त कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।


माण्डल थाना पुलिस ने अफीम डोडा-चूरा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

**सायबर अपराधों की रोकथाम के लिए भीलवाड़ा पुलिस प्रशासन सतर्क :** बढ़ते सायबर अपराधों पर रोकथाम के लिए भीलवाड़ा पुलिस प्रशासन सतर्क है। इसको लेकर पिछले कुछ महिनों में पुलिस ने करोड़ों रूपए के फ्रॉड को पकड़कर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ हजारों फर्जी मोबाइल सीमों को भी बंद किया है, जिससे की साइबर अपराध पर लगाम लगाई जा सके।

भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि सायबर फ्रॉड को लेकर साइबर थाना है जो अन्य जिलों की तरह कार्य कर रहा है। जिसमें प्रशिक्षित पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं जो बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं, जिसमें भारी संख्या में संदिग्ध मोबाइल नम्बरों को ब्लॉक करवाया गया है। इसके साथ ही प्रतिबिंब पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों और लोकेशन आने पर हम उनके खिलाफ कार्रवाई करते हैं। अभी तक इस टीम ने करोड़ों के ऐसे फ्रॉड का खुलासा किया है और एफआईआर दर्ज करके काफी आरोपियों को पकड़ा है। आमजन को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया के साथ ही अन्य कार्यक्रमों के माध्यम आयोजित किए गए, जिनके काफी अच्छे परिणाम भी अब सामने आ रहे हैं।

# प्रतिबंधित लकड़ियों से भरी पिकअप पकड़ी

## पिकअप से प्रतिबंधित 20 क्विंटल लकड़ियां जब्त करने की कार्रवाई की



खिरोड़ के निकट मिठारवालों की ढाणी में पिकअप को पकड़ा।

**खिरोड,** (निसं)। मिठारवालों की ढाणी में वन विभाग के अधिकारियों ने अवैध रूप से लकड़ियों से भरी पिकअप को पकड़ी। क्षेत्रीय वन अधिकारी अमित सैनी एवं उनकी टीम के सदस्य सहायक वनपाल नरेंद्र सिंह एवं वनरक्षक सुल्तान सिंह ने सूचना पर खिरोड़ की मिठारवालों की ढाणी में दबिश देकर रास्ते में दौड़ रही हरि लकड़ियों ले जाते हुए पिकअप को पकड़ लिया।

वन विभाग की टीम ने पिकअप से पंचमेल प्रतिबंधित 20 क्विंटल लकड़ियां अवैध रूप से परिवहन करते हुए गुंगारा (सीकर) निवासी प्रमोद कुमार नेहरा पुत्र गिरधारीलाल को पकड़ लिया। वन विभाग की टीम ने पिकअप को जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि इस इलाके में कई वर्षों से अवैध रूप से लकड़ियों का परिवहन किया जा रहा है। मगर संबंधित इलाके के थाना पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की गश्त लगाकर इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने की वजह से लकड़ियों का परिवहन का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। क्षेत्र के लोगों ने इलाके के गोठड़ा थाना पुलिस से इलाके में गश्त शुरू करके लकड़ियों के परिवहन कार्य पर रोक लगाई जाने की मांग की है।

# भारतीय सेना के सटीक जवाब से पाक ने सीजफायर का आग्रह किया : शेखावत

■ केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तिरंगा यात्रा में शामिल होने जोधपुर पहुंचे

**जोधपुर,** (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दो टूक कहा कि भारतीय सेना के सटीक जवाब के कारण पाकिस्तान ने सीजफायर का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विश्वभर में जो लोग वर्ष 2014 से पहले की परिस्थितियों के चलते हुए भारत को एक कमजोर देश मानते थे, उन्होंने भी भारत की सैन्य क्षमता और सैनिकों की शक्ति को पहचाना है।

जानकारी के अनुसार रविवार को तिरंगा यात्रा के लिए अपने गृह नगर जोधपुर पहुंचे केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पहलगाम की दर्दनाक घटना के बाद प्रधानमंत्री का संदेश था कि इस दुर्दांत आतंकी घटना के पीछे खड़े हर व्यक्ति को कल्पना से परे सजा मिलेगी। भारत की पराक्रमी सेना के ऑपरेशन सिंदूर से देश के 140 करोड़ लोगों का सीना गर्व के साथ में ऊंचा हुआ। सभी भारतीय असीम उत्साह और आत्मविश्वास से लबरेज हैं। उन्होंने कहा कि सेना ने जिस तरह से सटीक जवाब दिया, उससे पाकिस्तान को मजबूर होकर सीजफायर करने के लिए डीजीएमओ स्तर पर आग्रह करना पड़ा।

प्रधानमंत्री के 22 मई को मारवाड़ दौरे से जुड़े सवाल पर शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन का संदेश केवल राजस्थान तक नहीं, देशभर में जाने वाला है। प्रधानमंत्री देशभर में बन रहे 100 अमृत स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। वेटरन सोल्जर्स से संवाद करेंगे। पहलगाम घटना के बाद कश्मीर में पर्यटन पर पड़ रहे प्रभाव पर शेखावत ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि बहुत प्रभाव ओवरऑल पर्यटन पर पड़ा है। जम्मू-कश्मीर में पर्यटन रिवाइवल होने लगा है। आतंकी घटना के तीसरे दिन से रिवाइवल शुरू हो गया था। मैं यह मानता हूं कि आने वाले महीने में पिछली कमी पूरी हो जाएगी।

# फर्जी कंपनी बनाकर करोड़ों की ठगी

**अजमेर/नसीराबाद,** (कासं)। नसीराबाद में फर्जी कंपनी बनाकर लोगों को निवेश के नाम पर गारंटी से मुनाफा दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी का मामला सामने आया है। एक पीड़ित ने थाने में फर्जी कंपनी के डायरेक्टर बाप-बेटे सहित छह आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। इस प्रकरण से जुड़े सभी आरोपी फरार हो गए।

नसीराबाद सिटी थाना क्षेत्र के हवा चक्की मोहल्ला निवासी मोबिनुद्दीन ने थाने में शिकायत देते हुए कंपनी के डारेक्टर बाप-बेटे सहित छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी कर रकम हड़पने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज शिकायत में पीड़ित मोबिनुद्दीन ने बताया कि 9 फरवरी को सादिक खान ने एक निजी कंपनी शुरू की। इस कंपनी में सादिक के पिता मोहम्मद याकूब डायरेक्टर बने, जबकि याकूब के भाई सलाउद्दीन और इमामुल हुसैन को बिजनेस पार्टनर और दूधिया मोहल्ला निवासी सकलेन व तोहित को कंपनी का सीईओ बनाया गया। उनके द्वारा शहर में जगह-जगह बड़े-बड़े पोस्टर और बैनर लगाए गए, जिनमें निवेश पर मोटा मुनाफा देने के दावे किए गए। मोबिनुद्दीन ने भी इस झांसे में आकर कंपनी में अलग-अलग किश्तों में 1.45 लाख रुपये जमा करवा दिए। समय बीतने के बाद न तो उसे कोई मुनाफा मिला और न ही जमा रकम वापस की गई।

# नौकरानी को घर से चोरी करते पकड़ा, नगदी बरामद

## पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर रही है


नौकरानी के द्वारा चोरी की जाने की सूचना मिलने के बाद कामां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जानकारी जुटाई।

■ तकरीबन ढाई साल से नौकरीनी घर में काम कर रही थी

■ तलाशी ली तो उसके कपड़ों से तकरीबन 55 हजार रुपए के करीब निकले, पुलिस को बुलाया

**भरतपुर** (निस)। कामां कस्बे के सुरजवाग कालोनी में स्थित बंसल वाटर सप्लायर के विष्णु बंसल के मकान में एक महिला चोरी करते समय पकड़ी गई।

ज्योति बंसल ने बताया कि हर रोज की तरह तरह बबीता जाटव निवासी बड़ा मोहल्ला कामां घर की साफ-सफाई करने आती थी तकरीबन ढाई साल से बबीता जाटव हमारे घर में काम करती है, आज सुबह आठ बजे हर रोज की तरह आई और घर का काम करने लगी तभी में 11:30 बजे नहाने गई थी तभी अचानक नहाते समय कमरे से आवाज़ आने लगी तभी मैंने जल्दी में आई तो देखा कि मेरे बैडरूम में अलमारी के पास खड़ी नजर आई। तभी मैंने पूछा कि बबीता इस कमरे में क्या कर रही हो, वह बिना कुछ कहे कमरे से बाहर निकल रही थी तभी अचानक उसके कपड़ों से पैसे गिरने लगे जिस पर हमने तलाशी ली तो उसके कपड़ों से तकरीबन 55 हजार रुपए के करीब निकले। हमने कामां थाना पुलिस को सुचना दी। जिस पर कामां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को हिरासत में लेकर थाने पहुंची, आरोपी महिला से पूछताछ जारी है।

# कांग्रेस की रैली और जन जागरण अभियान आज

**जयपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्णय अनुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार संविधान बचाओ अभियान और राहुल गांधी की सामाजिक न्याय के लिए जातिगत जनगणना की मांग को भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा स्वीकारने पर हुई जीत पर कांग्रेस सविधान बचाओ रैलियां शुरू कर रही है। इसी सिलसिले में प्रभारी प्रदेश महासचिव विधायक रोहित बोहरा, जिला समन्वयक पूर्व आरटीडीसी चेयरमैन राज्य मंत्री धर्मेंद्र राठौड के मुख्य आतिथ्य एवं जयपुर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष आर आर तिवाडी के नेतृत्व में सोमवार, 19 मई को 10 बजे, जिलाधीश कार्यालय, कलेक्ट्री सर्कल जयपुर पर रैली एवं जन जागरण अभियान का आयोजन किया जाएगा। रैली एवं जन जागरण अभियान में जयपुर शहर के पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री, विधायक प्रत्याशी, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, पीसीसी सदस्य, जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी आदि शामिल होंगे।

# 'श्रीगंगानगर में राजस्थान का पहला स्काउट गाइड का एडवेंचर पार्क बनेगा'

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। शिक्षा और पंचायती राज मंत्री एवं हिंदुस्तान स्काउट गाइड के प्रदेशाध्यक्ष मदन दिलावर ने रविवार को हिंदुस्तान स्काउट गाइड जिला मुख्यालय में विधायक कोटे से बनने वाले हॉल निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इससे पूर्व मंत्री मदन दिलावर का जिला मुख्यालय पहुंचने पर श्रीगंगानगर विधायक और जिलाध्यक्ष जयदीप बिहाणी, राज्य संगठन आयुक्त रिपुदमन सिंह गिल और सहायक राज्य संगठन आयुक्त साहिल यादव के नेतृत्व में राजस्थानी पगड़ी व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। जिला आर्गेनाइजर संदीप मांझू और मीनू रानी ने बिहाणी और जिला प्रमुख कविता रेगर का स्वागत किया। इसके पश्चात मंत्री दिलावर, बिहाणी और कविता द्वारा हॉल निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इसके पश्चात आयोजित कार्यक्रम में मंत्री मदन दिलावर ने अपने सम्बोधन में स्काउट गाइड की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्काउट गाइड हर परिस्थिति में तैयार रहते हैं। उन्होंने मौजूद लोगों से प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने की अपील करते हुए कहा कि प्लास्टिक के कारण पर्यावरण और स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का भी आव्हान किया। इस दौरान विधायक बिहाणी ने कहा कि हिंदुस्तान स्काउट गाइड ने सेवा कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया है। जिला मुख्यालय पर पहले भी विधायक निधि से कई विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने इस मौके पर श्रीगंगानगर में राजस्थान का पहला स्काउट गाइड एडवेंचर पार्क बनाने की घोषणा की।


शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने हॉल निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।

# गांजा और नकदी के साथ युवक गिरफ्तार


पुलिस ने अवैध गांजा बेचने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया।

**रूपवास,** (निसं)। पुलिस ने अवैध गांजा बेचने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 2 किलो 50 ग्राम गांजा और 1 लाख 40 हजार रुपये नकद बरामद किए गए।

थाना रूपबास के एसएचओ पन्नालाल आरपीएस अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। टीम में एएसआई हरदमसिंह, एएसआई कुंजबिहारी, कांस्टेबल नेत्रपाल और हेमंत शामिल थे। पुलिस टीम चैकोरा रोड बिजलीघर के पास पहुंची। वहां एक संदिग्ध युवक मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम पीयूष पुत्र तेजसिंह नाई निवासी घौरीखान, जगनेर रोड, थाना रूपबास, जिला भरतपुर बताया। उसके पास मौजूद बैग की तलाशी ली गई। बैग से 2 किलो 50 ग्राम अवैध गांजा और गांजा बिक्री से मिली 1 लाख 40 हजार रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने गांजा और रुपये जब्त कर लिए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में मामला दर्ज किया गया है। अवैध गांजा की खरीद-फरोख्त को लेकर जांच जारी है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बयाना हरीराम कुमावत और वृत्ताधिकारी रूपवास नीरज भारद्वाज के निर्देशन में की गई।

# 99 किलोग्राम नकली लोटस घी के साथ दुकानदार गिरफ्तार

**करौली,** (निसं)। लोटस कंपनी के नाम पर नकली घी बेचकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड करने वाले दुकानदार मनोज गुप्ता पुत्र रामेश्वर गुप्ता निवासी विवेक बिहार कॉलोनी करौली को 99 किलोग्राम नकली घी के साथ कोतवाली थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 17 मई को हेमन्त जैन पुत्र मूलचंद जैन डिप्टी मैनेजर लोटस डेयरी प्रोडेक्टस प्रा. लिमिटेड बनीपार्क जयपुर ने कोतवाली थाने पर रिपोर्ट दी थी कि मे मार्किटिंग के कर्तव्य से करौली मार्केट आया था तो पता चला कि मनोज किराना स्टोर नियर शिवा एकेडमी सीनियर सैकंडरी स्कूल मुंशी त्रिलोकचंद स्टेडियम के पास करौली लोटस डेयरी का नकली घी तथा लोटस डेयरी से 50 रूपये कम में बेचा जा रहा है, जिससे हमारी कंपनी को नुकसान हो रहा है। इस तरह के कृत्य से मनोज किराना स्टोर का संचालक मोनू आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

उक्त रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। दौराने अनुसंधान हेमन्त जैन डिप्टी मैनेजर लोटस डेयरी प्रोडेक्टस प्रा. लिमिटेड बनीपार्क जयपुर ने उपस्थित थाना होकर सूचना दी कि हमारी लोटस कंपनी के कॉपीराईट का उपयोग कर जो दुकानदार नकली घी का बेचान कर रहा है उसे चलकर बता सकता हूं।

इस पर थानाधिकारी अध्यात्म गौतम पुलिस जाब्ते के साथ विवेक बिहार कॉलोनी स्थित बताई गई दुकान मैसर्स मनोज इन्टरप्राईजेज पर पहुंचे और प्रोपराईटर मनोज कुमार गुप्ता से लोटस घी एगमार्क ग्रेड-स्पेशल के बेचान के बारे में पूछा गया और दुकान में उपलब्ध लोटस घी एगमार्क निकलवाया गया तो प्रोपराईटर मनोज ने दुकान में से लोटस घी एगमार्क ग्रेड-स्पेशल 1 लीटर कागज पैकिंग के कुल डिब्बा-61, लोटस घी एगमार्क ग्रेड-स्पेशल आधा लीटर कागज पैकिंग कुल डिब्बा 16 तथा 15 किलोग्राम पैकिंग लोहे के पीपा कुल 2 निकालकर पेश किये।

मौके पर मौजूद हेमन्त जैन ने लोटस घी एगमार्क ग्रेड-स्पेशल डिब्बा 1 लीटर पैकिंग, आधा लीटर पैकिंग व 15 किलोग्राम पैकिंग के लोहे के 2 पीपा को देखकर व पहचान कर बताया कि ये घी हमारी कम्पनी लोटस घी एगमार्क ग्रेड-स्पेशल में निर्मित नहीं है। यह लोटस कम्पनी के नाम से निर्मित नकली घी है, जिसकी पैकिंग संरचनात्मक एवं दृश्यात्मक रूप से हुबहू हमारी कम्पनी में निर्मित लोटस की असल पैकिंग के समान है। इनके द्वारा फर्जकारी कर हमारी कम्पनी की साख को नुकसान पहुँचाने और स्वंय को लाभ पहुँचाने के लिये लोटस कम्पनी के नाम से नकली घी बेचान किया जा रहा है जिससे हमें काफी नुकसान हुआ है। प्रोपराईटर मनोज कुमार गुप्ता की दुकान में मिले नकली घी को प्रकरण में बतौर वजह सबूत जरिये जब्त किया गया और प्रॉपराईटर मनोज कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है।


पुलिस ने प्रोपराईटर मनोज कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया।

# गैस टैंकर और ट्रेलर की भिड़ंत, केबिन में फंसा ड्राइवर

## गनीमत रही कि गैस टैंक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, अन्यथा जयपुर जैसा हादसा हो सकता था

■ गैस टैंकर के चालक ओवरटेक कर रहे वाहन को बचाने के प्रयास में अचानक टैंकर मोड़ दिया, टैंकर आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गया

■ उदयपुर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर खेरवाड़ा के समीप हादसा हुआ

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर जिले के खेरवाड़ा में रविवार सुबह नेशनल हाइवे-48 पर एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। एक गैस टैंकर ने आगे चल रहे ट्रेलर में टक्कर मार दी, जिससे टैंकर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसमें फंस गया। गनीमत रही कि गैस से भरे टैंक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, अन्यथा जयपुर जैसा बड़ा हादसा हो सकता था।

पुलिस के अनुसार हादसा सुबह नौ बजे स्वागत वाटिका मार्ग पर हुआ, जब अहमदाबाद से उदयपुर जा रहे गैस टैंकर के चालक मो. आरिफ ने एक ओवरटेक कर रहे वाहन को बचाने के प्रयास में अचानक टैंकर मोड़ दिया। इस दौरान टैंकर आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गया। हादसे में गैस टैंकर का केबिन बुरी तरह पिचक गया और चालक उसमें फंस गया। खेरवाड़ा पुलिस और नेशनल हाइवे पेट्रोलिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रेलर की मदद से जंजीर बांधकर क्षतिग्रस्त केबिन से चालक को निकाला और उसे खेरवाड़ा अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद हाइवे पर लगभग आधे घंटे का जाम लग गया, जिसे क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को हटाकर दूर किया गया। स्थानीय लोगों ने इस घटना के बाद खेरवाड़ा में फायर ब्रिगेड की मांग की है क्योंकि ऐसे हादसों में फायर ब्रिगेड की कमी से जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है।

## सम्मान अभियान का शुभारम्भ

**मालपुरा।** रविवार को भारत विकास परिषद अध्यक्ष ज्ञानचन्द जैन की अध्यक्षता मे परिषद की मासिक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्ष ज्ञानचन्द जैन ने बताया कि वर्तमान समय मे लोग दिखावे के लिये बफर खाना व अन्य कई प्रकार के नये-नये आयोजन कर अन्न देवता की अनदेखी कर रहै है। बडी मात्रा मे भोजन व्यर्थ मे फैंका जा रहा है। समय रहते भोजन के अनादर को रोकना बैहद जरूरी है। इसके लिये जनजाग्रति चलाई जायेगी। भोजन का संरक्षण अतिआवश्यक है। परिषद मे भोजन संरक्षण एंव सम्मान अभियान का शुभारम्भ करते हुये संयोजक शशिकांत पाठक को मनोनीत किया व टीम मे दिनेश विजय, लोकेश लोदी को शामिल किया गया।

# 'खैरथल में सरकारी कार्यालय अपने भवनों में कब शुरू होंगे स्पष्ट करें'

- भूमाफियाओं के द्वारा की गई चिन्हित जमीन व रजिस्ट्री की जांच कराए सरकार - जूली
- प्रेस वार्ता कर पूर्व केंद्रीय मत्री और प्रतिपक्ष नेता ने भाजपा सरकार पर खैरथल के विकास को रोकने का आरोप लगाया


खैरथल में प्रेस वार्ता को संबोधित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली व विधायक दीपचंद खेरिया।

**खैरथल।** केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह व प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली ने खैरथल में संयुक्त प्रेस वार्ता कर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए खैरथल जिले के साथ सौतेला व्यवहार करने के आरोप लगाएं। उन्होंने सरकार से पूछा है खैरथल में सरकारी कार्यालय अपने भवनों में कब शुरू होंगे और क्यों नहीं हो रहें स्पष्ट करें जिससे खैरथल को लेकर फैले भ्रम व अफवाहो पर विराम लग सके।

पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार बड़ी योजनाओं के केवल सपने दिखाती है, धरातल पर कुछ नहीं है। सिंह ने कहा कि यह सरकार विकास की नहीं बल्कि विनाश की सरकार है। हरियाणा एवं दिल्ली के भू माफियाओं का प्रवेश अब खैरथल क्षेत्र में हो गया है।

उन्होंने कहा सरकार स्पष्ट करें जिला मुख्यालय घोषित होने के बाद भी खैरथल जिले के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि जिला मुख्यालय पर सरकारी कार्यालय अपने भवन में कब संचालित होंगे ताकि अफवाहों और गरीब की ठगी पर रोक लग सके।उन्होंने कहा बाहर के भूमाफिया आकर जिला मुख्यालय घोषित होने के बाद यहां जमीनों की बंदर बाट कर रहे हैं। अलवर सांसद और केंद्र में मंत्री पीएम के साथ बैठते हैं लेकिन क्षेत्र के लिए उन्होंने क्या किया है स्पष्ट करें। सिंह ने कहा कोटकासिम में बनने वाले इंटरनेशनल कार्गो एयरपोर्ट को सरकार ने कैंसिल कर क्षेत्र के विकास को रोका है।इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि खैरथल के विकास के लिए पूरा विपक्ष एकजुट होकर सरकार से लड़ाई लड़ेगा।उन्होंने कहा कि कांठोस सरकार का ऐतिहासिक फैसला खैरथल को जिला बनाने की सौगात के रूप में रहा है।जूली ने कहा राजस्थान प्रदेश की सरकार ने खैरथल को निरस्त करने का पूरी कार्यवाही की थी लेकिन विपक्ष के दबाव में कैंसिल नहीं कर पाए। खैरथल जिला घोषित होने के बाद भूमाफिया जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाकर गरीब जनता को लूटने का षड्यंत्र रच रहे हैं। इसमें दिल्ली के भूमाफियाओं के साथ कुछ नेता भी शामिल है।

उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से कहा कि ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच कर कर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए कही जनता की जमीनों का घोटाला तो नहीं किया जा रहा। जूली ने कहा कि केंद्रीय मंत्री और अलवर सांसद खैरथल को चंडीगढ़ बनाने का बयान दे रहे थे अब तक क्या प्रयास हुए सरकार के भी पूरे डेढ़ वर्ष हो गए हैं स्पष्ट करें। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पिछले दिनों में भूमाफियाओं द्वारा चिन्हित की गई जमीनों और पिछले दिनों की गई रजिस्ट्री की जांच होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि खैरथल को जिला मुख्यालय घोषित हुए दो वर्ष हो चुके हैं, राज्य सरकार बजट भी घोषित कर चुकी है तथा कार्यालयों के लिए भूमि का चयन भी हो गया है, लेकिन मिनी सचिवालय का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने इसे जल्द शुरू करवाने की मांग की। इसके अलावा 50 करोड़ की लागत से प्रस्तावित खैरथल बाईपास आरओबी () की स्वीकृति दिसंबर 2024 में रेलवे द्वारा दी जा चुकी है, लेकिन वित्त विभाग की अनुमति के अभाव में टेंडर जारी नहीं हो पा रहे हैं। एमडीआर 25 किशनगढ़बास को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा देने और उसे चार लेन करने की मांग दोहराई। साथ ही दिल्ली-अलवर रेपिड रेल के अलवर तक विस्तार की मांग करते हुए केंद्र सरकार की उदासीनता पर नाराजगी जताई।

प्रेस वार्ता के दौरान अलवर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, किशनगढ़ बास विधायक दीपचंद खेरिया, मुंडावर विधायक ललित यादव, बहरोड से कांठोस के विधायक प्रत्याशी संजय यादव, तिजारा से विधायक प्रत्याशी इमरान खान, प्रधान बीपी सुमन, नेता प्रतिपक्ष विक्की चौधरी, संजीव बारेठ, रोहिताश चौधरी,गिरीश डाटा,बलराम यादव सहित कांग्रेस नेता एवं पार्षद एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लीकेज से व्यर्थ बह रहा पेयजल

**फुलेरा।** स्थानीय नगर पालिका के कई वार्डों में अनेक जगहों पर जलदाय विभाग की पेयजल लाईन में छोटे व बड़ी साइज के लीकेज होने के कारण सप्लाई के दौरान हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

वहीं जलदाय विभाग इसके बावजूद इन तमाम लीकेजों को बन्द करने में अभी भी सफल सिद्ध नहीं हो रहा है। हालांकि सूचना मिलते ही प्रशासन लीकेजों को दुरुस्त तो कर देते हैं, लेकिन पाईप लाईन पुरानी होने की वजह से कहीं ना कहीं से डैमेज होती रहती है। इस कारण लीकेज होते रहते है और पेयजल व्यर्थ ही बहता रहता है। पानी की यह बर्बादी कोढ में खाज का काम कर रही है। जिसकी वजह से क्षेत्र की जनता को दो-तीन दिनों के अंतराल से मिलने वाला पानी कई बार 4 से 5 दिनों के अन्तराल में मिलता है। वह भी इन लीकेजों की वजह से लोगों को घरों तक पूरा पानी नहीं पहुंच पाता है। इसके चलते लोग महंगे भावों में पानी के टैंकर डलवाने को मजबूर हो रहे है।

## नागाजी की गौर में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें

**कोटपूतली।** कस्बे के नागाजी की गौर में अधिकांश सडक लाईटें पिछले कई दिनों से बंद पडी हैं। जिससे अंधेरा छाया हुआ है। अंधेरे के कारण आम राहगीरों, स्थानीय निवासियों, विशेषकर महिलाओं व बुजुर्गो को रात्रि में आवागमन में अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। उक्त क्षेत्र में सीवरेज का कार्य भी जारी है, जिसके कारण सडकों पर गड्डे हो गये हैं। अंधेरे में इन गड्डों के कारण दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। साथ ही असामाजिक तत्वों की गतिविधियों के बढने का भी भय है, जिससे क्षेत्रवासियों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है। स्थानीय निवासी प्रफुल रमन ने बताया कि नगर परिषद् आयुक्त को कई बार लिखित में सूचनायें दी गई है इसके बावजूद भी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड रहे है।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**निवाई।** शनिवार की रात एक मोटरसाइकिल के कार ने टक्कर मार दी। इस सडक दुर्घटना में एक जने की मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही बरोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह ने बताया कि रामअवतार 40 वर्ष पुत्र बजरंगलाल बैरवा निवासी बादपुर थाना खंडार जिला सवाईमाधोपुर व कमलेश कुमार पुत्र सीताराम बैरवा निवासी धनवा थाना खातोली जिला कोटा ग्रामीण मोटरसाइकिल पर सवार होकर खंडार, सवाईमाधोपुर जा रहे थे। इसी दौरान गांव अभयपुरा मोड पर एक कार ने मोटरसाईकिल के टक्कर मार दी। इस वाहन दुर्घटना में दोनों जनें गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को पुलिस ने उप जिला अस्पताल निवाई में उपचार के लिए भर्ती करवाया। जहां से दोनों को चिंताजनक हालत में सआदत अस्पताल टोंक रैफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान कमलेश कुमार पुत्र सीताराम बैरवा निवासी धनवा पुलिस थाना खातोली जिला कोटा ग्रामीण की देर रात मृत्यु हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिवारजनों को सौंपा।

## चार मकान व स्कूल के ताले तोड़ चुरा ले गये नगदी व आभूषण


चोरी की वारदात के बाद बिखरा पड़ा सामान।

**मालपुरा/टोंक।** शनिवार की रात्री को शातिर चोरो ने पुलिस की पुख्ता रात्रीगश्त के दावो को ठेंगा दिखाते हुये एक के बाद एक चार मकानो व एक निजी स्कूल के ताले तोड चुरा ले गये नगदी व आभूषण। शनिवार की रात्री को अज्ञात चोरो ने कुरथल रोड स्थित महर्षि गौतम विद्यापीठ स्कुल के ऑफिस के ताले तोड जरूरी सामान की गहन तलाशी की।

स्कूल के पास ही विष्णु सैनी के मकान के ताले तोड कमरे मे सो रहै परिवारजनो को कमरे क दरवाजा बंद कर बक्से के ताले तोड नो हजार रूपये की नगदी व चांदी की पायल व बिछिया सहित घरेलू सामान चुरा ले गये। स्कुल व मकान को निशाना बनाने के बाद भी चोरी का सिलसिला जारी रहा। चोरो ने लालाराम माली के मकान के भी ताले तोड मोबाईल व नगदी चुरा ले गये। देशमा रोड स्थित सेवकराम सैनी के मकान के ताले तोड तकरीबन दस हजार रूपये की नगदी व कपडे सहित घरेलू सामान चुरा ले भागे। रविवार की सवेरे जाग होने पर एक के बाद एक चोरी की वारदातो का पता लगने पर लोगो की भारी भीड जमा हो गई। तत्पश्चात सुचना पर थानधिकारी सत्यनारायण चौधरी पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंच पिडितो के मकान व निजी स्कुल का मौका निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज देखे तो दो संदिग्ध चोर के फुटेज सामने आये। उन फुटेजो के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरो की तलाशी शुरू की। लोगो ने पुलिस की रात्रीगश्त के साथ-साथ नगरपालिका प्रशासन को बार-बार अवगत करवाये जाने के बावजूद रोड लाईटे चालू नही करवाने पर कडी नाराजगी जताई साथ ही कई मृतबा रात्रीगश्त व्यवस्था मे सुधार की मांग के बावजूद कोई बदलाव नही होने पर भी कडी नाराजगी जताई। थानाधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध चोरो की तलाश की जा रही है।

## मूंगफली व बाजरा में सफेद लट नियंत्रण लिए दिया प्रशिक्षण

- मूंगफली व बाजरा उत्पादक किसानों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**निवाई।** वनस्थली विद्यापीठ के कृषि विज्ञान केन्द्र में मूंगफली व बाजरा उत्पादक किसानों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के लगभग 5० किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा के कीट विज्ञान विभाग के अखिल भारतीय भूमिगत पीडक सन्धिपाद नेटवर्क परियोजना के तहत कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी बंशीधर चौधरी ने मूंगफली के उत्पादक किसानों को मूंगफली व बाजरा की उन्नत किस्मों, बीज की मात्रा व उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण आदि के बारे में किसानों को जानकारी दी। सफेद लट परियोजना के वैज्ञानिक डॉ. मुकेशकुमार निठारवाल ने किसानों को बताया कि मूंगफली व बाजरा में सफेद लट नियंत्रण के लिए फेरोमोन टेऊप व प्रकाश प्रपंच का प्रयोग किया जाये ताकि सफेद लट के भृंग कीट उसकी ओर आकर्षित होता है जिससे उसको नियंत्रण कर सकते है। खडी फसल में नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल 5०० मिली प्रति हैक्टेयर प्रयोग करें । पौध सरंक्षण वैज्ञानिक डॉ. संदीप कुमार चैधरी ने मूंगफली व बाजरा मे लगने वाले कीटों के बारे मे बताया तथा सफेद लट के भृंग को नियंत्रण करने के लिए मानसून की पहली वर्षा के दिन में खेत के पास के छोटे वृक्ष जैसेनीम, बेर, जामुन आदि पौधो पर कीटनाशी का स्प्रे करें तथा मूंगफली में दीमक व सफेद लट की रोकथाम के लिए इमिडाक्लोप्रिड 600 एफएस का 6.5 मिली या फिप्रोनिल 5 एससी का 10 मिली प्रति किलो बीज दर से बीजोपचार करके बुवाई करें। वही बाजरा के बीजोपचार के लिए इमिडाक्लोप्रिड 600एफएस का 8.5 मिली प्रति किलो बीज दर से बीजोपचार करके बुवाई करें। मूंगफली व बाजरा में सफेद लट के नियंत्रण हेतु सभी किसानों को किट प्रदान किये गये। इस अवसर पर सफेद लट परियोजना में तकनीकी सहायक पद पर कार्यरत मीनू चौधरी व कृषि विज्ञान केन्द्र के विनीतकुमार द्विवेदी, रामनारायण गुर्जर व श्रवणलाल शर्मा ने सहयोग प्रदान किया।

# मूर्तियों की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चार व धार्मिक अनुष्ठान के साथ सम्पन्न


मूर्तियों की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सम्पन्न हुई।

**अलवर।** दौसा जिले के मरियाडा गांव में एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महायोजना का साक्षी बना जब गांव के कुम्हार मोहल्ला स्थित प्राचीन ठाकुर जी महाराज मंदिर में शिव प्राण प्रतिष्ठा, हनुमान जी महाराज एवं चौथ माता की भव्य मूर्तियों की स्थापना विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सम्पन्न हुई। पूरे गांव में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास की त्रिवेणी बही, जिसने क्षेत्र को अध्यात्म की ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

मंदिर परिसर को दीपमालाओं, रंग-बिरंगे पताकाओं और फूलों से ऐसे सजाया गया मानो स्वयं स्वर्ग धरा पर उतर आया हो। आयोजन के अंतर्गत 56 भोग की भव्य झांकी सजाई गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस दिव्य आयोजन में प्रजापति समाज सहित समस्त ग्रामवासियों ने तन, मन और धन से सहयोग देकर एक मिसाल कायम की।विशाल भंडारे का आयोजन इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और आत्मिक संतोष एवं पुण्य लाभ प्राप्त किया। श्रद्धालुओं की इतनी बडी संख्या ने यह प्रमाणित किया कि यह आयोजन न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर भी एक धार्मिक पर्व के रूप में स्थापित हो चुका है।मंदिर के पुजारी पंडित मोहनलाल ने जानकारी दी कि यह आयोजन वर्षों पुरानी परंपरा के पुनर्जीवन का प्रतीक है। शिव प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ हनुमान जी एवं चौथ माता की मूर्तियों की स्थापना कर मंदिर को नई आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की गई है।इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित भारतीय रेलवे के लोको पायलट करतार सिंह चौधरी ने कहा, इस प्रकार के आयोजन समाज में न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा भरते हैं, बल्कि एकता, भाईचारा और सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ करते हैं।

पूरे दिन भजन-कीर्तन, मंत्रोच्चार और धार्मिक चर्चा का माहौल बना रहा। मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं की भीड से खचाखच भरा रहा और हर कोना हर हर महादेव तथा जय हनुमान के जयकारों से गूंजता रहा।


### तीये की बैठक



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करते है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती ऊषा देवी** का आकस्मिक निधन 17.05.2025 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक 19.05.2025 को सांय 5 से 6 बजे तक ओम शिव महिमा गार्डन फकीरा नगर बैनाड रोड पर होगी।

**शोकाकुल**- नाथूलाल सैनी (पति) रामरतन, कैलाशचन्द, बोदूराम, श्रीनारायण (चाचाससुर) अर्जुनलाल, सुवालाल (ज्येष्ठ) डॉ. सुनील, राकेश, गिरधारी, मोहनलाल, सुरेश (देवर) विशाल, गौरव, डॉ. राहुल, डॉ. कुनाल (पुत्र) डॉ. तनुप्रिया (पुत्री) लक्ष्मी- रोशन (पुत्री-दामाद) जीविधा, माही (पौत्री) एवं समस्त राजोरिया परिवार

9314657368, 9950670680



प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/269 चूंकि प्रार्थी श्री देवकीनंदन विजय, डी-528, वर्ल्ड ट्रेड पार्क, मालवीय नगर, जयपुर 302017 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास विजयवर्गीय वैश्य समाज समिति, VIJAY VERGIYA SABHA BHAWAN SECTOR - 6 SWAMI RAMCHARAN MARG, MALVIYA NAGAR, JAIPUR - 302017 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 12-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 17/07/2025

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम



प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/263 चूंकि प्रार्थी श्री UMA SHARMA, HOUSE NO. 3573, MSB KA RASTA, JOHRI BAZAR, JAIPUR, RAJASTHAN-302003 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री विजय गोपाल जी मंदिर, HOUSE NO. 3573, MSB KA RASTA, JOHRI BAZAR, JAIPUR, RAJASTHAN-302003 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 12-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 18/07/2025

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम



**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 35/2025 (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

[illegible]

आज दिनांक 2/5/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 6/6/25

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर



नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**

455 / 15-5-25 (आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजि. स्थान (पश्चिम) जयपुर महानगर द्वितीय

**दीपक शर्मा विरूद्ध आदित्य शर्मा**

वाद बाबत स्थायी निषेद्याज्ञा वाद सं. 116 सन् 25

नाम आदित्य शर्मा पुत्र परमानंद शर्मा जाति ब्राह्मण

स्थान निवास F-9/408 विष्णु मार्ग चित्रकूट जयपुर

दीपक शर्मा ने आपके विरूद्ध...के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 23 माह 05 सन् 25 को दिन में 7.30 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/ सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद ता. 15 माह 05 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

रीडर — सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट पश्चिम जयपुर महानगर द्वितीय (मोहर)



**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय अपर सिविल जज एवं न्यायिक मजि. क्रम-2 जयपुर महानगर प्रथम

श्रीमती सुमन विरूद्ध अजीत सिंह व अन्य

वाद बाबत स्थायी निषेधाज्ञा

वाद सं. 136/25 सन् बनाम अजीत सिंह पुत्र नामालूम जाति स्थान बी-31, ज्योति मार्ग, बापू नगर, जयपुर

वादिया ने आपके विरूद्ध नकल संलग्न है के लिए वाद पंजीकृत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 20 माह 05 सन् 25 को दिन में 8 एएम बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक आदेश दिए गये हो जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/ सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जावे वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद ता. माह 17-05-25 सन् को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(मोहर) अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजि. क्रम-2 जयपुर महानगर प्रथम



**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**

455 / 15.5.25 (साधारण प्रारूप)

व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4

न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजि. स्थान (पश्चिम) जयपुर महानगर (द्वितीय)

**दीपक शर्मा विरूद्ध आदित्य शर्मा**

वाद/ प्रार्थना पत्र 100/25

प्रार्थना-पत्र संख्या अस्थाई निषेद्याज्ञा.. सन्

नाम आदित्य शर्मा पुत्र परमानंद शर्मा जाति ब्राह्मण

पता F-9/408 विष्णु मार्ग चित्रकुट- जयपुर

उक्त दीपक शर्मा ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि..........................

अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 23 माह 05 सन् 2025 को 7.30 AM पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता. 15 माह 05 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

रीडर — सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट पश्चिम जयपुर महानगर द्वितीय (मुहर)



**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**

(साधारण प्रारूप)

व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्याक 4

न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजि. क्रम-2 जयपुर महानगर प्रथम

श्रीमती सुमन विरूद्ध अजीत सिंह व अन्य

वाद/प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा

प्रार्थना-पत्र संख्या 74/2025 सन्

नाम अजीत सिंह पुत्र नामामूल जाति पता बी-31, ज्योति मार्ग बापू नगर, जयपुर

उक्त प्रार्थीया ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न है।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 20 माह 05 सन् 2025 को 8 एएम पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप में किया जाएगा।

यह आज ता. माह 17-05-25 सन् को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई। (मोहर)

अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजि. क्रम-2 जयपुर महानगर प्रथम



**कार्यालय ग्राम पंचायत जंवाली, पंचायत समिति पीपलू (जिला-टोंक)**

क्रमांक-104 दिनांक-17.05.2025

कार्यालय ग्राम पंचायत चोगाई में मेटरियल सप्लाई हेतु फर्म, व्यक्ति अथवा संस्थान से निर्धारित प्रपत्र में के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विस्तृत दिशा-निर्देश व निविदा प्रपत्र www.sppp.rajasthan.gov.in/eproc.rajasthan.gov.in डाउनलोड व अपलोड कर सकते है।

**UBN NO. ZTN2526GLOB00325**
**NIB NO. ZTN2526A0339**



पंजाब नैशनल बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) pnb punjab national bank (Govt. of India Undertaking)

आयोजना एवं विकास विभाग, प्रथम तल, कृषि उपज मंडी समिति, जयपुर रोड़, सीकर
ई- मेल : cosikarpnd@pnb.co.in

**आरसेटी बलेखन (जिला: जयपुर) में "वॉचमेन कम गार्डनर" (कुल पद 1) की भर्ती हेतु**

**पद का नाम/संख्या** - वॉचमेन कम गार्डनर -1 **स्थान/(कार्यस्थल)**- आरसेटी बलेखन जयपुर। **योग्यता एवं अन्य पात्रताएं**- 7वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। कृषि/बागवानी/बागवानी में अनुभव होना चाहिए। **चयन**- साक्षात्कार द्वारा। (अनुबंध 3 वर्षों के लिए वैध होगा, वार्षिक समीक्षा के अधीन बशर्ते कि प्रदर्शन संतोषजनक हो) **कार्य विवरण / जिम्मेदारियाँ**- 1. परिसर की निगरानी और रखवाली। 2. बागवानी का काम और परिसर का रख-रखाव और रखरखाव। 3. ज़रूरत पड़ने पर परिचारक के कर्तव्यों का पालन करना। 4. निदेशक द्वारा समय-समय पर सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

**मानदेय:** रु.12000/- प्रतिमाह। आवेदन की अंतिम तिथि 04.06.2025 है। **आयु सीमा:** विज्ञप्ति जारी होने की तिथि 19.05.2025 को आवेदनकर्ता की न्यूनतम आयु 22 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए। **आवेदन कैसे करें**- विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन पत्र हमारी वेबसाइट https://www.pnbindia.in के **"नया क्या है"** अनुभाग में उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र आयु, योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की प्रतियों एवं बायोडाटा के साथ **दिनांक 04.06.2025 को सायं 5.00 बजे तक "योजना एवं विकास विभाग, प्रथम तल, वृत्त कार्यालय-जयपुर-सीकर, केयूएमएस, जयपुर रोड, सीकर 332001"** पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से जमा करवाएं, अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अंतिम तिथि को सायं 5.00 बजे के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: cosikarpnd@pnb.co.in (आयोजना एवं विकास विभाग, मंडल कार्यालय - जयपुर-सीकर) मो: 9599331546

**(मंडल प्रमुख)**



**NAME CHANGE**

I have changed my name from Khwahish Sharma to Harshveena Sharma daughter of Mukut Bihari Sharma. Henceforth I will be known as Harshveena Sharma. Address:- 58-A Punjabi Colony, Bas Badanpura, Jaipur.



**आम-सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमति संध्या राठौड़ पत्नी सतीश कुमार शर्मा उम्र लगभग - 61 वर्ष निवासी बी-695 सूर्य नगर, गोपालपुरा -बायपास जयपुर की पुत्री रेणुका गोस्वामी एवं उससे उत्पन्न संतान मेरी पक्षकारा के साथ आये दिन अपमानित, अभद्रतापूर्ण व्यवहार एवं प्रताड़ित करते है एवं आपराधिक षड्यंत्र कर उसकी सम्पत्ति को हड़पने का प्रयास करते हैं। इस कारण मेरी पक्षकारा ने अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से अपनी पुत्री एवं उसके पूरे परिवार (नवासी एवं दामाद सहित) को बेदखल करती हैं अगर कोई भी व्यक्ति मेरी पक्षकारा की पुत्री एवं उससे उत्पन्न संतान एवं उसके पति रविन्द्रमान से किसी प्रकार का कोई भी लेन-देन या सव्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

B.B.L.Sharma, Advocate, Mob.: 9414047294



**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फॅर्म मै. इनब्ल्यू मैन्युफैक्चरिंग कंपनी जी1-679, औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी तहसील टपूकड़ा जिला खैरथल-तिजारा एक पार्टनरशिप फॅर्म है। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 02/41/2017 है। उक्त फॅर्म में श्री अतुल अग्रवाल पुत्र श्री मंगलराम अग्रवाल निवासी ई- 26, आशियाना विलेज, भिवाड़ी एवं श्री सौरभ अग्रवाल पुत्र श्री मंगलराम अग्रवाल निवासी जे-801-802 , 8वीं मंजिल, कृष वाटिका, भिवाड़ी पार्टनर है। अब पार्टनर श्री अतुल अग्रवाल ने स्वेच्छा से अपनी भागीदारी अलग कर ली है एवं श्री मंगलराम अग्रवाल पुत्र स्व. श्री भिखन लाल कुमार निवासी मकान नंबर 94, पंचायत भवन के पास, सोहना रोड़, धारूहेड़ा, हरियाणा नए पार्टनर बन रहे है। उक्त भागीदारी परिवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, भिवाड़ी में अपनी आपत्ति दर्ज करवाएं।

- पार्टनर मै. इनब्ल्यू मैन्युफैक्चरिंग कंपनी



**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**

क्रमांक : न.नि.भ./स्कीम/2025-26/2471 सार्वजनिक सूचना दिनांक : 09.05.2025

न्यू पुष्पवाटिका फेज-I योजना भरतपुर के भूखण्ड संख्या 148-A क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज का आवासीय रूपान्तरण ( फ्री होल्ड ) पट्टा विलेख क्रमांक 1515 दिनांक 18.07.2022 नगर निगम, भरतपुर द्वारा श्रीमती रचना कटारा पत्नी श्री भानू लवानिया जाति ब्राह्मण निवासी - पुष्पवाटिका कॉलोनी, भरतपुर के नाम जारी किया गया। श्री रमन श्रीमती रचना कटारा पत्नी श्री भानू लवानिया ने उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 23.09.2024 के द्वारा श्री गगन सतीजा पुत्र श्री किशन लाल को विक्रय कर दिया। आवेदक श्री गगन सतीजा पुत्र श्री किशन लाल जाति पंजाबी निवासी - बीनारायण गेट, एस.बी.आई. बैंक के पीछे, भरतपुर उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं। भूखण्ड संख्या 148-A, न्यू पुष्पवाटिका फेज-I, भरतपुर का नाम परिवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है।

भूखण्ड संख्या 148-A, न्यू पुष्पवाटिका फेज-I, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद भूखण्ड संख्या 148-A, न्यू पुष्पवाटिका फेज-I, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

प्रभारी अधिकारी
स्कीम शाखा, नगर निगम, भरतपुर



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.PC / 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नाम: **उम्मेद खान, पुत्र: जमील खान, निवासी: 2412, बाजीगढ़ का मोहल्ला, टीबा पुलिया, चौकड़ी तोपखाना, हजूरी रामगंज, जयपुर, राजस्थान** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **CC No.543314/2016 U/S 138 एनआई एक्ट** के तहत एक मामला **थाना दरियागंज, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **उम्मेद खान** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **उम्मेद खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **CC No.543314/2016 U/S 138 एनआई एक्ट, थाना दरियागंज, दिल्ली** के अभियुक्त **उम्मेद खान** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **13.08.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार सुश्री देशना गोलेछा
एलडी. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
(एनआई एक्ट)-07, कोर्ट नं. 507,
एक्सटेंशन ब्लॉक, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6185/CD/2025
(अदालती मामला)

## सार-समाचार

### नारी शक्ति ने दिया ईमानदारी का परिचय



**निवाई।** झिलाय रोड पर शनिवार की रात को सडक पर टहल रही महिलाओं को करीब 7:30 से 8 बजे के बीच पांच लाख रूपए का नोटों का बंडल पडा मिला। जिसको महिलाओं ने डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा को लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि शहर के वार्ड नंबर 11 के रैगर मोहल्ले की महिला सीमा वर्मा सहित लक्ष्मी वर्मा, खुशबू, हशीका व माया भारती रोज की तरह खाना खाकर झिलाय रोड पर टहलने के लिए निकली थी। जिनको झिलाय रोड पर नोटों का बंडल पडा हुआ दिखाई दिया। महिलाएं नोटों के बंडल को उठाकर अपने घर ले आई। महिला सीमा वर्मा ने बताया कि रविवार को पुलिस थाने में पहुंचकर डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा को नोटों का बंडल सुपुर्द किया। डीवाईएसपी मिश्रा ने बताया कि महिलाओं ने ईमानदारी का परिचय देते हुए रोड पर मिले पांच लाख रूपए का बंडल सुपुर्द किया है। इस दौरान थाना परिसर में डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के सानिध्य में महिला स्टाफ ने सभी महिलओं का माला पहनाकर स्वागत किया।

### मंत्री ने समाधान का आश्वासन दिया

**अलवर।** अलवर में 329 सफाई कर्मियों की भर्ती का मामला 2012 से लटका हुआ है। रविवार को अभ्यर्थियों और उनके परिजनों ने वन मंत्री संजय शर्मा से मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई। मंत्री ने यूडीएच विभाग से समन्वय कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। 2012 से लंबित है भर्ती प्रक्रिया: सफाईकर्मियों ने बताया कि 2012 में 329 सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई थी, लेकिन चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं दी गई। इसके कारण पुराने अभ्यर्थी दर-दर भटकने को मजबूर हैं। सफाई मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष कैलाश कुमार के अनुसार, वर्ष 2012 से अब तक लगातार विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाई जा चुकी है। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा से भी मुलाकात की गई और न्यायालय के आदेश भी मौजूद हैं, फिर भी भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। वन मंत्री संजय शर्मा ने जमीन पर बैठकर कर्मचारियों की बात सुनी और कहा कि सफाई कर्मचारियों की मांग पूरी तरह जायज है। उन्होंने बताया कि इस विषय में यूडीएच मंत्री को अवगत करा दिया गया है और संबंधित विभाग से समन्वय कर जल्द से जल्द 329 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### 500 दर्शकों ने देखी फिल्म

**श्रीमाधोपुर।** भारत की समाज सेविका एवं भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित फूले फिल्म रविवार को अजीतगढ़ में शिव टॉकीज में मेघवंश जागृति संस्थान के द्वारा दो शो नि:शुल्क दिखाई है, जिसमें दोनों शो में करीब 500 से अधिक दर्शकों ने फिल्म देखी। मैनेजमेंट कमेटी अध्यक्ष प्रो. बजरंगलाल प्रशांत (दिल्ली विश्वविद्यालय) अध्यक्षता में मेघवंश जागृति संस्थान नीमकाथाना के तत्वाधान व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रणजीत महारानियां ने नेतृत्व में अजीतगढ़ और नीमकाथाना फिल्म टॉकीजों में फिल्म का नि:शुल्क प्रदर्शन करवाया गया। अजीतगढ़ सिनेमा घर में प्रदर्शन रविवार सुबह 12 से 3 बजे व 3 से 6 बजे किया गया। जिसमें ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष एवं आदर्शों पर बनी फूले मूवी को देखने हेतु महिलाओं और बच्चों ने बढ़ चढ़कर के भाग लिया, प्रथम शो हाउसफुल रहा। मैनेजमेंट कमेटी की ओर से फुले फिल्म देखने आए समाज के जागरूक महिला पुरुष व युवाओं पर पुष्पवर्षा कर उनका मान सम्मान व हौसला अफजाई की गई तथा समाज को जागरूक करने व नारी शिक्षा के लिए सभी को संकल्प भी दिलाया, सभी ने फुले फिल्म देखकर अपने आपको आनंदित व गौरवान्वित महसूस किया। इस अवसर पर मैनेजमेंट कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ. ओपी वर्मा, श्रवण नोगिया, मोहनलाल बुनकर, महासचिव लालचंद कासोटिया, दशरथ सिंह, निर्मला देवी, प्रधानाचार्य बाबू लाल बुनकर, प्रो संतोष कुमार सोरठा उपस्थित थे। प्रबंध कमेटी द्वारा शीतल पानी की समुचित व्यवस्था भी की गई।

### संगठन को मजबूत करने पर जोर

**पावटा।** ग्राम पंचायत दांतिल स्थित चौपाल पर मंडल कांग्रेस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी के मुख्य आतिथ्य एवं छाजू राम सैनी की अध्यक्षता में हुआ। ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी ने देश की वर्तमान स्थिति से अवगत करवाया। वही रामनिवास यादव व रामस्वरूप अधाना ने कांठोस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कांठोसी को गांव-गांव और ढाणी-ढाणी जाकर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाना चाहिए। जो कार्यकर्ता अच्छा काम कर रहे हैं उन्हें और अधिक जिम्मेदारी दी जाए। बैठक में वक्ताओं ने भी संगठन की मजबूती को लेकर अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने राहुल गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का संदेश भी सुनाया। बैठक के दौरान ताराचंद जांगिड को सर्वसम्मति से संगठन महामंत्री बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में डॉ.संतलाल अधाना, किशोर सैनी, मालीराम वर्मा, मिलन टेलर, अशोक सैनी, उमराव छावडी, गोकुल अधाना, कैलाश अधाना, अंकित किराड, मुकेश शर्मा उपस्थित रहे।

# पावटा-प्रागपुरा का अस्थाई डंपिंग यार्ड गौवंश के लिए बना जानलेवा

**पावटा।** हमारे देश में गाय को पूजा जाता है और उसे माता का स्थान दिया गया है। भोजन करने से पहले भी कुछ लोग गौ ग्रास छोड़ते हैं ताकि गौवंश तक भोजन पानी पहुंच सके। लेकिन पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के पावटा शहर में शासन प्रशासन की लापरवाही गौवंश के लिए ही जानलेवा साबित हो रही है। पावटा कस्बे में नगरपालिका द्वारा कचरा डालने के लिए नदी मे बनाया गया अस्थाई डपिंग यार्ड अब वहां के लोगों के लिए मुसीबत का कारण बना हुआ है। अस्थाई डपिंग यार्ड की बाउंड्रीवाल न होने से वहां डाले जा रहे क्षेत्र के कचरे, घरों व होटलों का अपशिष्ट, मृत पशु, खुले में डाले जा रहे मास- मीट की बदबू से जहां आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। वही डाले गए कचरे में से गायें प्लास्टिक की थैलियां खा खाकर मौत के मुंह में जा रही हैं। कई सालों से पावटा कस्बे की नदी मे गोपाल भैया मंदिर के पीछे पालिका द्वारा कस्बे व आस पास के क्षेत्र का कचरा डाला जा रहा है। वहां अभी तक कोई बाउंड्री नहीं बनी है। डंपिंग यार्ड के लिए उक्त जगह से आगे भूमि भी आवंटित कर दी गई है, लेकिन प्रशासन द्वारा उस पर अभी तक कोई कार्य नही किया गया है। लेकिन शासन प्रशासन इस पूरे मामले पर आंखें मूंद बैठा है। नगरपालिका व आस पास क्षेत्र के होटलो द्वारा पहले की जगह पर ही कचरा व गंदगी डाली जा रही है। यहां न तो इसके चारों ओर कोई बाउंड्रीवाल बनवाई गई है और न ही किसी तरह की फेसिंग करवाई गई है।



पावटा में पॉलीथीन खाते गौवंश।

नतीजा कचरे पर हर समय गायें, कुते और सुअर जमा रहते हैं। इसके साथ ही प्लास्टिक खाने से कई गाय और मवेशी अब तक मर भी चुके हैं। लेकिन शासन प्रशासन इस पूरे मामले पर आंखें मूंद बैठा है। ठाामीणों का कहना है कि डंपिंग यार्ड के चारो ओर चारदिवारी नहीं होने के कारण डाले जाने वाला कचरा हवा के साथ उड़ कर आसपास के घर में चला जाता है और 24 घंटे कचरे की दुर्गंध बनी रहती है। खाना तक नहीं खाया जाता। डंपिंग यार्ड के पास में गौशाला भी है। जिसके चलते कई गाय व पालतू जानवर डंपिंग यार्ड में जाकर कचरे में मुंह मारते है। और प्लास्टिक की पॉलीथीन खाने से कई गौवंश की मौत भी हो चुकी है। जिससे संक्रमण का खतरा फैलने का डर रहता है। वही अस्थाई डपिंग यार्ड पर बाउंड्रीवाल के अलावा रिसाईकिल, डिस्पोजल की व्यवस्था भी नहीं है। पूरा गीला और सुखा कचरा एक ही जगह पर डाला जा रहा है। इसको देख कर स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ती नजर आ रही हैं। कई बार नगरपालिका प्रशासन व उच्च अधिकारियों को अवगत करवाने, पालिका की दूसरी बोर्ड की बैठक मे डंपिंग यार्ड बनाने, बाउंड्री वाल करने की चर्चा व ज्ञापन देने, विरोध प्रदर्शन के बाद भी कोई समस्या का समाधान नहीं किया गया है। इस दौरान गौ रक्षकों नितेश शर्मा, पवन शर्मा, आदित्य गोड, राघव, तनी, प्रहलाद, पिंटू कुमावत, पिंस, अमित शर्मा, कैलाश बटवाल, अब्दुल,आकाश, विकास, दिनेश सिंह, जितेन्द्र, राजू, मनोज सहित ठाामीणों व गौ रक्षकों ने कहा कि इस समस्या का समाधान नहीं निकाला जाता है तो पालिका परिसर में धरना प्रदर्शन व बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ऐसे में अब देखना होगा नगरपालिका में शासन प्रशासन इस पूरे मामले पर क्या कार्रवाई करता है। वही पालिका प्रशासन द्वारा जल्द ही इन समस्याओं के समाधान की बात कही गई।

## विधायक मनीष यादव ने सुनीं समस्याएं

**शाहपुरा।** क्षेत्रीय विधायक मनीष यादव ने रविवार को अपने निज निवास बिलांदरपुर पर जनसुनवाई का आयोजन कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय नागरिक पहुंचे तथा बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, पेंशन, आवास और राजस्व से संबंधित विभिन्न समस्याएं रखी। इस दौरान जनता ने हाल ही में 75.61 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत 5 ट्‌यूबवेलों के लिए विधायक का आभार भी जताया।

ग्रामीणों ने कहा कि इन ट्‌यूबवेलों से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या में बड़ी राहत मिलेगी। विधायक यादव ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर संवाद कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि "कोई भी समस्या नजरअंदाज नहीं की जाएगी, प्रत्येक विषय पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी।" विधायक ने यह भी कहा कि शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह आमजन की समस्याओं का समाधान ईमानदारी और संवेदनशीलता से तय समय सीमा करे।

# बैरावास-नांगलहेड़ी को अलग पंचायत बनाने की मांग

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत बामनवास कांकड़ से अलग होकर ग्राम बैरावास-नांगलहेडी को नई ग्राम पंचायत के गठन की मांग को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को गाँव बैरावास में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बैठक आयोजित की। इस बैठक में बैरावास, नांगलहेड़ी, तुलसीवाला, र का माला और भोजपुरी सहित आस-पास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और आगामी आंदोलन की रणनीति तैयार की।

बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि इन गांवों की कुल जनसंख्या लगभग 2826 है और ये सभी गांव पंचायत मुख्यालय बामनवास कांकड़ से 15 से 18 किलोमीटर दूर स्थित हैं। इस दूरी के कारण ग्रामीणों को सरकारी कार्यों के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने तर्क दिया कि ग्राम बैरावास-नांगलहेड़ी भौगोलिक रूप से सभी गांवों के मध्य में स्थित है, इसलिए इसे नई ग्राम पंचायत का केंद्र बनाया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वे कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंप चुके हैं और अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों



बैरावास-नांगलहेडी को नई ग्राम पंचायत के गठन की मांग को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित हुई।

में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही सरकार उनकी माँग पर ध्यान नहीं देती है, तो वे कोर्ट का सहारा लेंगे और आंदोलन को तेज करेंगे।

ग्रामीणों ने कहा कि यह आंदोलन अब अधिकारों और न्याय की लड़ाई है, जिसे वे किसी भी कीमत पर जीतना चाहते हैं। आने वाले दिनों में यह मुद्दा क्षेत्रीय राजनीति और प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बनता जा रहा है। बैठक में प्रमुख रूप से युवा नेता राकेश दायमा, कन्हैया लाल प्रजापत, रामरतन शर्मा, पोलाराम, सरदान, फलाराम धानका, प्रवीन वर्मा, गोलू योगी, अर्जुन प्रजापत, रघुवीर यादव, हीरालाल शर्मा, श्रीराम रावत, तेजपाल, पायलट दायमा, जूरी लाल बंजारा, रामकिशोर कोली, रूपा गुर्जर, मुकेश बंजारा, हरिराम प्रजापत, बाबूलाल प्रजापत, पप्पूराम छावडी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# कांग्रेस आज सीएम को देगी ज्ञापन

**अलवर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के निर्देशानुसार अलवर जिला कांग्रेस कमेटी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अलवर आगमन पर अलवर जिले की पेयजल समस्या को लेकर आमजन के साथ ज्ञापन सौपेंगी।

जिला प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि मौजपुर हॉउस पर आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कांठोस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार विकास नही, विनाश कर रही है, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डेढ़ साल पहले बड़ौदा मेव में ईआरसीपी के पानी को अलवर जिले में लाने की घोषणा की और वाह वाही लूटते हुए स्वागत सत्कार व साफा बंधन करवाया था। आमजन पेयजल संकट से त्रस्त है। पूरे जिले में पेयजल को लेकर हाहाकार मचा है, आमजन रास्ता जाम करके विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जिला प्रशासन व एस डी एम और पी एच ई डी के अधिकारियों को ज्ञापन दे रहे लेकिन सरकार पेयजलापूर्ति नही करवा पा रही है बल्कि आग लगने पर कुआं खोदने का कार्य कर रहे हैं।

## युवक की मौत

**टोंक।** बरोनी थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत एवं दूसरा युवक घायल हो गया, जिसकाचिकित्सालय टोंक इलाज जारी है। इस अवसर पर बरोनी थानाधिकारी ने बताया कि शनिवार रात को कमलेश पुत्र सीताराम बैरवा (22) व रामवतार बैरवा उम्र 38 साल निवासी खातौली जो मोटरसाईकिल से जयपुर से अपने गांव जा रहे थे।

## सार-समाचार

### अंबेडकर विचार मंच की बैठक संपन्न

**निवाई।** डाक बंगला में छीतरमल गंगवाल की अध्यक्षता में अंबेडकर विचार मंच की बैठक आयोजित हुई। संचालन कर रहे महामंत्री हेमराज वर्मा नानेर ने बताया कि बैठक में अंबेडकर विचार मंच के कोषाध्यक्ष कैलाशचंद बैरवा ने अम्बेडकर जयन्ती पर आयोजित समारोह के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में एवं पूर्व में प्राप्त नकद राशि शेष है वह राशि 31 मई तक अंबेडकर विचार मंच में जमा करवा सकते है। उन्होंने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन व्यक्तियों के पास रसीद की राशि बाकी है वह संस्था के खाते में या अंबेडकर विचार मंच के कोषाध्यक्ष को ऑनलाइन माध्यम से भुगतान कर सकते है। सभी सदस्यों ने प्रस्तुत आय व्यय का अनुमोदन किया। सूर्यप्रकाश कंवरिया ने बताया कि अंबेडकर विचार मंच की केश बुक की सोशल ऑडिट करने के लिए सदस्यों की कमेटी गठित की गई। जिसमें पंचायत समिति के सहायक अधिकारी चिरंजीलाल बैरवा, वरिष्ठ सहायक अधिकारी लोकेश वर्मा व मोहनलाल सालोदिया को सोशल ऑडिट अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस दौरान शंकरलाल हाथीवाल, छीतरमल गंगवाल, रमेशचंद मीणा ने बताया कि 15 जून तक अंबेडकर विचार मंच की नवीन कार्यकारिणी गठित की जाए। बैठक में अध्यक्ष कमलेश किराड, महामंत्री हेमराज वर्मा, रमेशचंद बैरवा, कोषाध्यक्ष कैलाशचंद बैरवा, रवि वर्मा, रामगोपाल सेवालिया, बाबूलाल कंवरिया व कैलाशचंद बैरवा ने भी विचार व्यक्त किए।

### रेलवे पटरी पर मिला अज्ञात बुजुर्ग शव

**टोंक।** सोप थाना क्षेत्र से गुजर रही रेलवे लाइन पर रविवार सुबह एक बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई, सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को जिला मुख्यालय पर सआदत अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। सोप थाना प्रभारी घासी लाल मीणा ने बताया कि रविवार सुबह ग्रामीणो से सूचना दी कि सोप ग्राम पंचायत आमली के गिर्राजपुरा (शाहपुरा) गांव के पास से गुजर रही रेलवे लाइन पर एक अज्ञात बुजुर्ग का शव ट्रेन की चपेट में आने के बाद कुचला हुआ पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया, घटना स्थल पर जूते की जोड़ी, पानी की बोतल मिली है। पुलिस ने करीब एक घंटे तक उसकी शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन मौके पर शिनाख्त नहीं हुई। जिससे शव को जिला मुख्यालय पर सआदत अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। मृतक के बाद धोती-कुर्ता पहने हुआ था, उसके पास किसी तरह का कोई दस्तावेज नहीं मिला है। मृतक की उम्र करीब 65-70 साल है, पुलिस ने पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। किसी को मृतक के बारे में जानकारी हो तो वह व्यक्ति थानाधिकारी सोप या पुलिस कंट्रोल नंबर 7023876421, व 01432244400 पर सूचना दे सकता है।

### कार में मिले पिस्टल जिन्दा कारतूस

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में वृत्ताधिकारी टोंक राजेश विद्यार्थी व मेहन्दवास थानाधिकारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में गठित थाना दल ने दौराने गश्त नेशनल हाईवे 52 पर दाखिया कट के पास तीन व्यक्तियों को एक शिफ्ट कार में संदिग्ध अवस्था में मिलने पर पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपी सोमेन्द्र सांसी पुत्र भंवरलाल सांसी जाति सांसी (19) निवासी अलीपुरा, नरेन्द्र पुत्र हरिकिशन गुर्जर जाति गुर्जर (28)व नन्दराम गुर्जर पुत्र प्रभू लाल गुर्जर जाति गुर्जर (24) सभी निवासी अलीपुरा थाना मेहन्दवास की कार की तलाशी ली गई, जहां कार के डेस बोर्ड से एक अवैध पिस्टल मय 05 जिन्दा कारतूस मिले। मामले को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस ने पिस्टल व 5 जिन्दा कारतूस व कार को जप्त किया तथा तीनो आरोपियान को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट में प्रकरण पंजीबध्द कर अनुसंधान जारी है।

### शर्मा प्रदेश महामंत्री नियुक्त

**श्रीमाधोपुर।** अजीतगढ़ निवासी कमलेश शर्मा को राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी परिषद में उनके द्वारा कर्मचारी हितों के लिए किए गए कार्यों को देखते हुए अहम जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश कार्य समिति की बैठक में शर्मा को प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया गया है। जानकारी के अनुसार राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी परिषद की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में अजीतगढ़ निवासी कमलेश शर्मा को प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया गया वहीं परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पद पर अरविंद सिंह राव को नियुक्त किया गया। कमलेश शर्मा के प्रदेश महामंत्री बनने पर अजीतगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और कर्मचारी संगठनों ने खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर शर्मा ने परिषद के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी टीम के साथ कर्मचारी हितों के लिए तत्पर रहेंगे तथा कर्मचारियों की वाजिब मांगों को लेकर समय-समय पर सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रख कर मनवाने का प्रयास करेंगे। विदित रहे कि स्वर्गीय मुक्ति लाल शर्मा (सेवानिवृत्त व्याख्याता) एवं शंकुतला देवी के लाडले कमलेश शर्मा चार भाई-बहिनों में दूसरे नम्बर पर हैं।

### ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला शुरू

**टोंक।** एक्स्ट्रा एन आर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में कम्यूनिटी थियेटर टोंक सोसाइटी द्वारा रंगमंच कार्यशाला 2025 की शुरुआत बच्चों, युवाओं एवं अभिभावक मीटिंग के साथ किया गया। इस प्रारंभिक बैठक में कार्यशाला के उद्देश्य, उसकी कार्यप्रणाली तथा बच्चों की सहभागिता से माता-पिता की अपेक्षाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर उन बच्चों ने भी अपने अनुभव साझा किए जो पिछले वर्ष की कार्यशाला का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि रंगमंच ने कैसे उनके आत्मविश्वास, संवाद शैली और सामूहिक कार्यक्षमता को बेहतर किया।कार्यशाला के सुगमकर्ताओं ने भी समूह के उद्देश्यों, कार्यक्रम की रूपरेखा और बच्चों के समग्र विकास पर रंगमंच के प्रभाव को साझा किया। उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि बच्चों के साथ एक संवेदनशील, रचनात्मक और सीखने के अनुकूल वातावरण में कार्य किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति की क्षमता और सामाजिक समझ को विकसित करना है, जिससे वे न केवल मंच पर बल्कि जीवन के विभिन्न पहलुओं में भी आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकें।

# कस्बे के मुख्य बाजार में नालों में चलाया विशेष सफाई अभियान

**पावटा।** स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत पावटा प्रागपुरा नगरपालिका द्वारा स्वच्छता कायम करने व बारिश के मौसम को देखते हुए। नगरपालिका क्षेत्र में पावटा कस्बे के मुख्य बाजार सुभाष चौक पर नालो में विशेष सफाई अभियान चलाने का कार्य जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु प्रतिदिन निरंतर प्रगति पर है। वही नालो एवं नालियों में सुगम निकास हेतु स्वच्छता कायम रखने नाले, नालियों में कचरा डालने वाले लोगो को समझाईश देकर व्यवस्था सुधारने की कार्यवाही की जा रही है।

- **सफाई कार्य के चलते बिना चेतावनी बोर्ड के वृद्धा नाले में गिरी**



पावटा में गंदगी से अटा पड़ा नाला।

ईओ फतेह सिंह मीणा ने बताया कि नाला क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाकर बडी मात्रा में कचरा व गंदगी बाहर निकाल एवं उसका परिवहन करवाकर स्वच्छता कायम करते हुए नालो व बड़ी नालियों में गंदे पानी की निकास व्यवस्था को सुगम बनाया जा रहा है। अभियान निरंतर जारी रहेगा। नागरिको से नगर निगम क्षेत्र में नालो, नालियों में कचरा, गंदगी ना डालने का आव्हान किया गया है एवं स्वच्छ पावटा प्रागपुरा पालिका की परिकल्पना साकार करने सहभागी बनने का अनुरोध किया गया है। वही पावटा कस्बे के मुख्य बाजार सुभाष चौक पर नालो में विशेष सफाई अभियान के तहत बिना चेतावनी बोर्ड के चल रहे सफाई कार्य के दौरान एक महिला सफाई के लिए खुले नाले में गिर गई।

गनीमत यह रही कि वृद्धा को तुरंत मौजूद लोगों द्वारा बाहर निकाल लिया गया वरना बड़ा हादसा भी हो सकता था। स्थानीय लोगों में नगरपालिका को लेकर भारी रोष है। लोगों का आरोप है कि नगरपालिका के कर्मचारी बाजार की छुट्टी वाले दिन नालों की सफाई नहीं करते व अगर भीड भाड वाले बाजार में साफ सफाई भी कर रहे है तो बाद उन्हें समय रहते ढकते नहीं हैं, जिसके चलते ऐसे हादसे होते हैं।

## 12 लाख 83 हजार रूपये का जुर्माना

**टोंक।** जिले में शुद्व आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आयुक्त एच. गुईटे के निर्देशन में एवं अभिहित अधिकारी टोंक डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा वर्ष 2024-25 में एफएसएसए एक्ट के अन्तर्गत 302 नमूने लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला मे भिजवाये गये। जिसमें से 12 नमूने जांच में अनसेफ स्तर के एवं 95 नमूने सबस्टैण्डर्ड/मिसब्राण्डेड व कॉन्ट्रावेन स्तर के पाये गये। जिसमें से 5 अनसेफ प्रकरण माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किये गये एवं 86 सबस्टैण्डर्ड/मिसब्राण्डेड व कॉन्ट्रावेन स्तर के प्रकरण एडीएम कोर्ट में पेश किये गये।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण राज. जयपुर एवं जिला कलेक्टर टोंक के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी की ओर से पेश किये गये मिलावटी खाद्य पदार्थो के प्रकरणों में न्यायालय (एसीजेएम/सीजेएम) द्वारा पीएफए एक्ट के मिलावटी खाद्य पदार्थो के 8 प्रकरणों का निस्तारण कर दोषियों को कारावास एवं आर्थिक दण्ड लगाया गया। एडीएम कोर्ट में एफएसएसए एक्ट के अन्तर्गत पेश किये गये 86 प्रकरणों मे से 41 प्रकरणों का निस्तारण कर 12 लाख 83 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है।

# निरीक्षण के दौरान नाके पर सोता मिला कर्मचारी, लगाई फटकार

**अलवर।** अलवर में वन मंत्री संजय शर्मा ने शनिवार की देर रात वन चौकी का औचक निरीक्षण किया। रात करीब 12 बजे वन मंत्री अचानक कुशालगढ़ और थैंक्यू बोर्ड नाके पर पहुंचे। इस दौरान एक नाके पर कर्मचारी सोता मिला तो वन मंत्री ने फटकार लगाई।

उन्होंने कहा- सो रहे हो। सरकार सोने की तनख्वाह देती है या ड्‌यूटी करने की। इसके बाद अन्य कर्मचारियों की ड्‌यूटी का पता किया। बाद में रजिस्टर व कार्यालय का भी निरीक्षण किया। वहीं कुशालगढ़ में रजिस्टर चेक किया और दूसरे कर्मचारियों के बारे में भी डिटेल ली। उन्होंने कर्मचारियों के कम मिलने पर कारण पूछा। इसके बाद रात एक बजे सरिस्का वन चौकी पहुंचे, जहां होम गार्ड सोता हुआ। हालांकि मंत्री के पहुंचने पर गार्ड कुछ ही देर में खड़ा हो गया। हालांकि इस बीच आधी रात वन मंत्री को देखते ही तैनात होमगार्ड घबरा गए और अपनी सफाई देने लगे। वन मंत्री ने रजिस्टर और कर्मचारियों के बारे में पूछताछ की, फिर चेक पोस्ट पर सभी कर्मचारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार अलवर में सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। ऐसे में सीएम के तय शेड्‌यूल से एक दिन पहले वन मंत्री ने रात को चौकियों का



सफाई कर्मचारियों की समस्या सुनते मंत्री संजय शर्मा।

निरीक्षण किया और कर्मचारियों को मुस्तैदी से ड्‌यूटी करने के निर्देश दिए। सीएम अलवर सरस डेयरी परिसर में किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, वन मंत्री संजय शर्मा सहित कई मंत्री व नेता सहित बड़ी संख्या में किसान पहुंचेंगे।बता दें कि बीते दिनों अलवर में वन मंत्री संजय शर्मा ने सरिस्का की टहला रेंज के घाटला ऑफिस का औचक निरीक्षण किया था, जहां दो कर्मचारी दिन में ही चादर तानकर सोते मिले थे। मंत्री ने खुद जाकर दोनों को जगाया था। निरीक्षण के दौरान पहले कर्मचारी ने जब चादर हटाकर देखा तो सामने मंत्री को देख घबरा गया। दूसरा कर्मचारी भी मंत्री को देख दंग रह गया।

इस दौरान मंत्री ने पूरे कार्यालय का निरीक्षण किया। कचरा मिलने पर फटकार लगाई। संदूक की जांच की और मौके पर मिली लकडियों के बारे में पूछताछ की थी। गैस की जगह लकडी जलाने पर नाराजगी जताते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मैसेज पता नहीं है क्या? लकडी जलाकर प्रदूषण नहीं करना है। वन मंत्री ने कर्मचारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए थे।



वे एक स्मार्ट खिलाड़ी हैं और जानते हैं कि उन्हें जो भी मौका मिले, उसमें अपना बेस्ट परफॉर्मेंस करना है। वे दूसरे गेंदबाजों की तुलना में कम ओवर गेंदबाजी की है, इसके बावजूद वह 2025 पर्पल कैप के दावेदार हैं। – ईशांत शर्मा

ईशांत शर्मा, साई किशोर के बारे में बात करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## तुषार देशपांडे



दूसरे ओवर में तुषार देशपांडे ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने ओवर की चौथी बॉल लेग साइड पर फुल लेंथ की फेंकी, जिसे प्रियांश आर्या ने फाइन लेग की ओर फ्लिक किया। यहां खड़े फारूकी ने दाई ओर डाइव लगाकर एक हाथ से कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद छूट गई और आर्या को 2 रन मिले हालांकि अगली ही बॉल पर प्रियांश आउट हो गए। देशपांडे ने ऑफ स्टंप के पास फुल गेंद फेंकी। आर्या ने ड्राइव करने की कोशिश की, लेकिन गेंद मिड-ऑफ की ओर हवा में उछली, यहां हेटमायर ने आसान कैच लिया। आर्या ने 7 गेंदों में 9 रन बनाए।

**क्या आप जानते हैं ?...** आईपीएल 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफआरसीबीने अपना सर्वाधिक स्कोर 263/5 बनाया था, जो क्रिस गेल की 66 गेंदों में नाबाद 175 रनों की आतिशी पारी की बदौलत आया था।

### गुजरात प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम, पंजाब-बेंगलुरु भी क्वालिफाईड

## दिल्ली को दस विकेट से हराया

### साई सुदर्शन का दूसरा शतक, गिल ने फिफ्टी जमाई

नई दिल्ली। आज का दूसरा मैच दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच खेला जा रहा है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 199 रन बनाए। राहुल ने शतक लगाया। गुजरात ने 18 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 194 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल पिच पर हैं। दोनों शतकीय साझेदारी कर चुके हैं। साई सुदर्शन सेंचुरी पूरी कर चुके हैं। गिल टी-20 में 5 हजार रन पूरे कर चुके हैं। 18वें ओवर में साई सुदर्शन ने शतक पूरा किया। उन्होंने 56 बॉल पर सेंचुरी लगाई। यह साई सुदर्शन का में दूसरा शतक है।15वें ओवर में गुजरात की टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। टीम के ओपनर्स नाबाद हैं। गिल और साई सुदर्शन की जोड़ी फिफ्टी बना चुकी है। शुभमन गिल ने 13वें ओवर में फिफ्टी पूरी की।

उन्होंने 33 बॉल पर अर्धशतक पूरा किया। गिल साई सुदर्शन के साथ शतकीय साझेदारी कर चुके हैं। शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने शतकीय साझेदारी कर ली है। 11वें ओवर में विपराज के ओवर की चौथी बॉल पर गिल ने छक्का लगाते हुए साझेदारी को 100 पार पहुंचाया। साई सुदर्शन ने 9वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली है।

उन्होंने अक्षर पटेल के ओवर की पहली बॉल पर चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 30 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। साई सुदर्शन ने इस सीजन में छठा अर्धशतक बनाया है।









क्रिकेट प्रेमियों के जुनून से हारा गर्मी का पारा।

# पंजाब ने राजस्थान को 10 रन से हराया

## टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर, वाधेरा-शशांक की फिफ्टी, बरार ने 3 विकेट झटके

**पंजाब किंग्स ने 2025 के 59वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ टीम मौजूदा सीजन के पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर आ गई है।**



जयपुर, 18 मई। सवाई मानसिंह स्टेडियम में 220 रन का टारगेट चेज कर रही राजस्थान 20 ओवर में 7 विकेट पर 209 रन ही बना सकी। पंजाब ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 219 रन बनाए थे। पंजाब की ओर से शशांक सिंह 30 बॉल पर 59 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि नेहल वाधेरा ने 37 बॉल पर 70 रन बनाए। राजस्थान से तुषार देशपांडे ने 2 विकेट झटके। जवाबी पारी में यशस्वी जायसवाल (50 रन) और वैभव सूर्यवंशी (40 रन) ने राजस्थान को विस्फोटक शुरुआत दिलाई। दोनों ने 29 बॉल पर 76 रन की ओपनिंग साझेदारी की। लेकिन, टीम ने मिडिल ओवर्स में 3 विकेट गंवा दिए। यशस्वी जायसवाल 50, संजू सैमसन 20 और रियान पराग 13 रन बनाकर आउट हुए। ऐसे में ध्रुव जुरेल (53 रन) ने फिफ्टी लगाकर पारी को संभाला, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। पंजाब के हरप्रीत बरार ने 3 विकेट हासिल किए। पंजाब ने लगातार तीसरे मैच में जीत हासिल की है। टीम 17 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। टीम 12 में से 8 मैच जीत चुकी है, जबकि एक मुकाबला बेनतीजा रहा है। राजस्थान ने लगातार तीसरा मैच गंवाया है। टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। राजस्थान के पास 13 मैचों के बाद 6 अंक हैं। आखिरी ओवर में राजस्थान 200 पार मैच के आखिरी ओवर में राजस्थान को 22 रनों की जरूरत थी, लेकिन टीम 11 रन ही बना सकी। इस ओवर में मार्को यानसन ने ध्रुव जुरेल और वानिंदु हसरंगा को आउट किया। इस तरह पंजाब ने मुकाबले को 10 रनों से जीत लिया। इस जीत से टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर आ गई है। ध्रुव जुरेल ने 19वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने अर्शदीप सिंह के ओवर की तीसरी बॉल पर चौका लगाकर अर्धशतक जमाया। हेटमायर 11 रन बनाकर आउट, ओमरजई को दूसरा विकेट 18वें ओवर में राजस्थान ने 5वां विकेट गंवाया। यहां शिमरोन हेटमायर 11 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अजमतुल्लाह उमरजई ने कैच कराया। उमरजई कप्तान संजू सैमसन (20 रन) को भी पवेलियन भेजा। राजस्थान का तीसरा विकेट गिरा, संजू सैमसन आउट 11वें ओवर में राजस्थान ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान संजू सैमसन 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अजमतुल्लाह उमरजई ने कैच आउट कराया। यशस्वी 50 रन बनाकर आउट, हरप्रीत को दूसरा विकेट 9वें ओवर में यशस्वी जायसवाल ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 25 बॉल पर हाफ सेंचुरी बनाई। हरप्रीत बरार के ओवर की चौथी बॉल पर वे मिचेल ओवेन को कैच थमा बैठे। हरप्रीत ने वैभव सूर्यवंशी का विकेट भी लिया।

# टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन

अजमेर 18 मई। राजस्थान धरोहर एवं प्रन्नोती प्राधिकरण के पूर्व सदस्य कंवल प्रकाश किशनानी ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के शौर्य एवं पराक्रम से मेरे जीवन को याद करते हुए कहां है कि युवा पीढ़ी इससे प्रेरणा लेते हुए सुनहरे भारत का निर्माण करें।

कुन्दन नगर स्थित राजपूत छात्रावास के हिलव्यूह टेनिस एकेडमी पर आयोजित तीन दिवसीय सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मृति टेनिस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में किशनानी ने उक्त उद्बोधन दिया है। उन्होने कहां कि इतिहास पुरूष सम्राट पृथ्वीराज हम सभी के आदर्श है। उन्होने जीवन पर्यत्न विदेशी आक्रांताओं से युद्ध कर देश की सीमाओं की रक्षार्थ अपना जीवन बलिदान कर दिया।

सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 859वीं जयंती के 10 दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर समारोह के अध्यक्ष राजपूत छात्रावास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुमेरसिंह शेखावत ने कहां कि इस परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से युवा पीढ़ी इतिहास पुरूष के जीवन को आत्मसात करेगी। सचिव रणजीत सिंह आयोजन समिति सदस्य रेखा गोयल, उद्योगपति राजेश गोयल ने भी विचार व्यक्त किए।

आयोजन सचिव अर्न्तराष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक भरत सिंह चौहान ने सभी खिलाड़ियों एवं उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करे हुए कहा कि यह प्रतियोगिता पृथ्वीराज चौहान जयंती समारोह की पहचान बन चुकी है। प्रतिवर्ष इसमें सब जूनियर, यूनियर यूथ, सीनियर पुरूष एवं महिला वर्ग की प्रति स्पर्द्धाओं के साथ-साथ वरिष्ठजन भी भाग ले रहे है। प्रतियोगिता नॉक आउट आधार पर खेली जा रही है।

समारोह समिति के खेल प्रभारी विनीत लोहिया के अनुसार इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में सभी वर्गों के विजेता एवं उपविजेताओं को 24 मई को तारागढ़ तलहटी स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मारक पर पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त जयंती समारोह के अन्तर्गत 21 से 23 सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम चन्द्रवरदाई नगर में हॉकी प्रतियोगिता तथा 23 मई को डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्कल (बस स्टेण्ड के पास) से प्रात: 6 बजे मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। अत: में उपस्थित जन समूह एवं अतिथियों का धन्यवाद करते हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

इन सभी कार्यक्रमों के लिए अजमेर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, पर्यटन विभाग, भारत विकास परिषद, महर्षि दयानंद सरस्वती पृथ्वीराज चौहान शोध संस्थान, भारतीय इतिहास संकलन समिति सहित अन्य संस्थाएं अपना सहयोग दे रही है।

# विस हेड हुए कोरोना से संक्रमित, जानें कब होगी वापसी?

नई दिल्ली 18 मई। लखनऊ सुपर जाएंटस के खिलाफ मुकाबले से पहले सनराइजर्स हैदराबाद के लिए बुरी खबर है। दरअसल, प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीम के हेड कोच डेनियल विटोरी ने बताया कि ट्रेविस हेड को कोरोना हो गया है। जिस कारण उनकी भारत वापसी में देरी हुई है। हालांकि, ये पुष्टि नहीं हो पाई है कि उन्हें ये संक्रमण कब और कहां हुआ?

सोमवार को आईपीएल 2025 के 61वें मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद के साथ होगा। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में विटोरी ने कहा कि हेड सोमवार सुबह भारत पहुंचेंगे। इसके बाद टीम के मेडिकल स्टाफ द्वारा उनके स्वास्थ्य का मूल्यांकन किया जाएगा।

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण आईपीएल स्थगित होने के बाद ट्रेविस हेड और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गए थे। उनके जाने के बाद ये पता नहीं था कि वे वापसी करेंगे या नहीं क्योंकि 11 जून से इन दोनों को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भी खेलना है।

वहीं हैदराबाद ने पुष्टि की है कि हेड और कमिंस शेष मैचों के लिए टीम में शामिल होंगे। हैदराबाद की टीम प्लेऑफ्स की रेस से बाहर हो गई है अपना आखिरी लीग मैच 25 मई को खेलेगी, जिससे उन्हें डब्ल्यूटीसी की तैयारी के लिए काफी समय मिल जाएगा।

## जीएसटी जन जागरुकता को लेकर हुई साइकिल मैराथन

देहरादून, 18, मई। केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) लागू होने की आठवीं वर्षगांठ एक जुलाई से पूर्व रविवार को देहरादून में जन जागरूकता के लिए एक साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया। फिटनेस और कार्यबल के बीच एकता की भावना और देश में जीएसटी के कार्यान्वयन के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने उद्देश्य से आज सुबह 6:30 बजे महाराणा प्रताप चौक से आठवें जीएसटी दिवस की थीम 'जीएसटी के आठ वर्ष : करों का सरलीकरण और नागरिकों का सशक्तीकरण' के संदेश से मैराथन शुरू हुई। जीएसटी के प्रधान आयुक्त शुभ चिंतन ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लगभग पांच किलोमीटर की दूरी तय करते हुए यह साइकिल मैराथन माल देवता रोड पर संपन्न हुई।

## डीसी का ये क्रिकेटर नहीं बन पाया दूल्हा, आईपीएल 2025 फाइनल का समय बदला तो टल गई शादी

नई दिल्ली। टीम इंडिया के बेहतरीन गेंदबाज कुलदीप यादव जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। कुलदीप आईपीएल 2025 के फाइनल के बाद शादी करने वाले थे, लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आईपीएल 2025 के सस्पेंड होने के कारण उन्हें अपनी शादी की तारीख को आगे बढ़ाना पड़ा। बता दें कि, भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण 8 मई के बाद आईपीएल के मौजूदा सीजन को एक हफ्ते के लिए सस्पेंड कर दिया गया था। सस्पेंशन के बाद 17 मई से टूर्नामेंट दोबारा शुरू हुआ है। वहीं भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा कि कुलदीप यादव गुपचुप तरीके से शादी करने वाले हैं। अब तक ये खुलासा नहीं हो सका है कि कुलदीप की लाइफ पार्टनर कौन हैं? लेकिन उन्होंने अपनी शादी की खबर किसी को गुप्त रखने का काम बखूबी किया है। ये जानकारी भी अभी गुप्त रखी गई है कि 30 वर्षीय कुलदीप यादव कब और कहां शादी करने वाले हैं। अगर रैना ये खुलासा नहीं करते तो कुलदीप की शादी की खबर 7 फेरों के बाद ही सामने आती। बता दें कि, कुलदीप पहले ही हिंट दे चुके हैं कि उनकी पत्नी कोई अभिनेत्री नहीं होगी। फिलहाल, कुलदीप यादव आईपीएल 2025 में व्यस्त हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स का अहम हिस्सा हैं और इस सीजन में उनका प्रदर्शन ठीक ठाक रहा है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में पहले उन्होंने 12 मैचों में 12 विकेट झटके हैं और टूर्नामेंट में मिचेल स्टार्क के बाद दिल्ली के लिए दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हुए हैं।

## केएल राहुल ने शतक जड़कर रचा इतिहास

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ नाबाद शतकीय पारी खेलकर इतिहास रच दिया है। वह आईपीए इतिहास में तीन अलग-अलग टीमों के लिए शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इसके साथ ही आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक बनाने के मामले में शुभमन गिल को पछाड़ दिया है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस गंवाने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी की। इस दौरान टीम ने ओपनिंग जोड़ी में बदलाव करते हुए केएल राहुल को भेजा। राहुल ने अपने क्लास का परिचय दिया और स्टेडियम के हर एरिया में शॉट खेले।

### 19वीं सीनियर राज्य स्तरीय (पुरुष/महिला) वुश प्रतियोगिता

# जयपुर टीम ने प्रथम स्थान का खिताब जीता

जयपुर, 18 मई। राजस्थान वुशु संघ व डीडवाना कुचामन वुशु संघ के आज़मीन में दिनांक 16 से 18 मई 2025 तक, कुचामन शहर में 19वीं को सीनियर राज्य प्रतिष्ठा (पुरुष/महिला) वुशू प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. संगीत कार्यक्रम एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष चौधरी चौधरी चौधरी राजलिया ने की एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. हरीश कुमावत, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट और मारवाड़ रत्न अवार्डी भोम सिंह टेलर, और राजेश कुमार टेलर, भारतीय वूशू टीम के कोच हैं।



एथलीटों ने सभी विजेताओं के पदक खिलाड़ियों और विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। धीरेंद्र सिंह, सचिव, डीडवाना कुचामन वुशु संघ ने सभी खिलाड़ियों को पदक और साफा पहनावे का स्वागत किया। हीरानंद कटारिया, अधाक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि प्रतियोगिता में जयपुर टीम ने 19 स्वर्ण, 9 रजत और 8 रजत पदक सहित कुल 130 अंक के साथ प्रथम स्थान और जोधपुर टीम ने 4 स्वर्ण, 6 रजत और 8 कांस्य पदक सहित कुल 46 अंक और 3 रजत और 6 रजत पदक प्राप्त किये। प्रतियोगिता में बेस्ट पुरुष खिलाड़ी का खिताब जयपुर के मानस थपलियाल और बेस्ट महिला का खिताब कोटा की महक शर्मा को मिला। प्रतियोगिता में बेस्टस्पेशल टीम का खिताब डीडवाना कुचामन टीम को मिला। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए डॉ. पूरन सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष ने सभी खिलाड़ियों, खिलाडियों और क्रीड़ाओं को निर्दिष्ट किया।

## मीनाफ शेख व निखिल सचदेवा की पारियों से जीता उदयपुर

जयपुर, 18 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित एकदिवसीय सीरीज के तहत खेले गए पहले मैच में उदयपुर ने जयपुर को 4 विकेट से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर जयपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मानेंद्र सिंह के 79 रन, रोहन राजभर के 81 रन, मोहम्मद खूबेब के 53 रन, हिमांशु राणा के 36 रन व आदित्य झाला के 13 रनों से 50 ओवर में 8 विकेट पर 295 रन बनाए। उदयपुर के लिए अनिरुद्ध सिंह चौहान ने 46 पर 4, निखिल शुक्ला ने 59 पर 2, पुष्पेंद्र सिंह व प्रद्युम्न पारेख ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में उदयपुर की टीम ने मिनाफ शेख के 87 रन, निखिल सचदेवा के नाबाद 84 रन, करण सिंह राणावत के 47 रन व पुष्पेंद्र सिंह के नाबाद 45 रनों से 47.4 ओवर में 6 विकेट पर 299 रन बनाकर मैच जीत लिया। जयपुर के लिए अभिषेक यादव ने 47 पर 2, हिमांशु राणा, जतिन सैनी व आर्यन जैन ने एक - एक विकेट लिया।

कल उदयपुर का जयपुर की टीम से मैच के एल सैनी स्टेडियम पर तथा श्री गंगानगर की सीनियर टीम का मैच जयपुरिया ग्राउंड पर जयपुर की टीम से खेला जाएगा।

### 27वीं नवीन-नफीस इनामी राशिस लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता

## मनेन्द्र सिंह के ऑलराउण्ड प्रदर्शन और निखिल की पसंद से नीरजा मोदी की जीत

### निखिल कोहली ने भी 11 रन पर 3 विकेट की शानदार बॉल बाजी की

जयपुर, 18 मई। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं न्यू-नफीस मेमोरी क्रिकेट प्रतियोगिता में आज अरावली क्रिकेट ग्राउंड, हांथोज, जयपुर में मनेन्दर सिंह 65 रन (10 रन से 3 विकेट) के साथ 17 रन पर 3 विकेट के साथ अराउण्ड प्रदर्शन और निखिल कोहली 11 रन पर 3 विकेट की शानदार बॉल बाजी की घोषणा की।

निकोला मोदी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मनेंद्र सिंह 65 रन, त्रिलोक सैनी 39 रन, सिद्धांत जयसवाल 18 रन, सिद्धांत शर्मा 18 रन, सचिन देव सिंगल 11 रन और प्रद्युमन सिंह व विवेक सैनी ने हर 10-10 रन के सहयोग से 18 ओवर में 6 विकेट खोकर 182 रन बनाए। इवेन्ट्स एकेडमी की ओर से अपलोड किए गए विराज मथुरा 36 रन पर 2 विकेट और विपांशु, छोटू शर्मा, हर्ष खेमवानी हर 1-1 विकेट पर विकेट लेकर सहयोगी बने रहे। इवेन्ट्स अकादमी उत्तर की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

निखिल कोहली ने ओवर में 14 रन लेकर 23 रन बनाए, 3 विकेट पर 14 रन बनाए। मध्यक्रम में अक्षय हरजानी ने 31 रन, तपेश साहू ने 30 रन और विपाशु ने 22 रन ही बनाए, नीरजा मोदी ने क्रिकेट अकादमी के निखिल कोहली ने 11 रन पर 3 विकेट, मनेंद्र सिंह ने 17 रन पर 3 विकेट और अमित वर्मा और सचिन देव ने हर 1-1 विकेट की गेंदबाजी की। मैच का मैन ऑफ द मैच मनेंद्र सिंह नीरजा मोदी क्रिकेट अकादमी रहे।

# खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने टेबल टेनिस के खिलाड़ियों एवं अभिभावकों की समस्याएं सुनी

### // टीटीएफआई महासचिव कमलेश मेहता से की बात //

## राजस्थान के नाम से प्रतिनिधित्व करेंगे अब प्रदेश के खिलाड़ी

जयपुर, 18 मई। खेल मंत्री, राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने रविवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम में टेबल टेनिस के खिलाड़ियों एवं अभिभावकों द्वारा रखी गई समस्याओं, जिसमे मुख्य रूप से राजस्थान टेबल टेनिस संघ के नाम से राज्य में चल रहे समानान्तर राज्य खेल संघ की थी। इस बारे में टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव कमलेश मेहता से भी उन्होंने बात की।

कर्नल राठौड़ ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों को अब आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में टीटीएफआई एक व टीटीएफआई दो के नाम से नहीं खेलना होगा। खिलाड़ियों को



राजस्थान के नाम से खेलने का अवसर प्राप्त होगा।खिलाड़ियों के हित में खेल मंत्री की पहल पर उठाए गए इस कदम से पदक विजेता खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि व नौकरी की राह आसान हो सकेगी। उन्होंने कहा कि खेल व खिलाड़ियों के विकास को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन व राज्य सरकार प्रतिबद्धता को देखते हुए खेल पहले व खेल संघ बाद में होंगें। सरकार की जिम्मेदारी है खिलाड़ियों के चयन व प्रतियोगिताओं में पारदर्शिता व निष्पक्षता रखते हुए खेल संघ खेल हित में कार्य करें ना कि अपने स्वार्थ के लिए आपसी लड़ाईया लड़ें। कर्नल राठौड़ ने कहा कि जो भी खेल संघ स्पोर्ट्स एक्ट की पालना नहीं कर रहे है उन्हें सावचेत करना चाहूंगा कि वह अपनी कार्यशैली में सुधार कर लेवे। विडम्बना व दुख की बात है कि कुछ खेल संघ खुद के हित को सर्वोपरि रखते हुए व स्वयं को स्थापित करने को लेकर दो से तीन खेल संघ चलाकर खिलाड़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है। जो अब बर्दास्त नहीं होगा। इस अवसर पर शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग एवं अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद डॉ. नीरज कुमार पवन सहित राज्य व राष्ट्रीय खिलाड़ी मौजूद थे।


**वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा**

**अधिसूचना - 6/2025**

**प्री टीचर एजुकेशन टेस्ट (पी.टी.ई.टी.) – 2025**

**4 वर्षीय बी.ए.बी.एड./बी.एससी.बी.एड. प्रवेश परीक्षा**

राजस्थान के विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित 4 वर्षीय बी.ए.बी.एड./बी.एससी.बी.एड. पाठ्यक्रमों में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् एवं राज्य सरकार के नियमानुसार पात्र अभ्यर्थियों से वेबसाइट ptetvmoukota2025.com पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इस सम्बन्ध में अभ्यर्थी से अपेक्षा है कि आवेदन से पूर्व उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों का अध्ययन कर लेवें।

| क्र.सं. | विवरण | महत्वपूर्ण तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि | 09.05.2025 |
| 2. | आवेदन की अंतिम तिथि | 21.05.2025 |

प्रवेश परीक्षा शुल्क रु. 500/-

समन्वयक, पी.टी.ई.टी. - 2025

# न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों की प्रगति की अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करें

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने रविवार को न्यायालयों में जातिगत विभागीय प्रकरणों की समीक्षा बैठक की



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर न्यायालयों में लंबित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा, विधिक कारणों से किसी प्रकार की रूकावट ना आए इसके लिए राज्य सरकार द्वारा न्यायालयों में लंबित मामलों में प्रभावी रूप से पक्ष रखा जा रहा है।*

जयपुर, 18 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की 8 करोड़ जनता के समग्र कल्याण के लिए समर्पण भाव से कार्य कर रही है। हम राज्य की चहुंमुखी प्रगति के लिए जनकल्याणकारी विकास योजनाओं का निर्बाध संचालन सुनिश्चित कर रहे हैं। इनमें विधिक कारणों से किसी प्रकार की रूकावट ना आए इसके लिए राज्य सरकार द्वारा न्यायालयों में लंबित मामलों में प्रभावी रूप से पक्ष रखा जा रहा है। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर न्यायालयों में लंबित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा कर रहे थे।

**■ मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि उच्चाधिकारी स्वयं भी नियमित रूप से अधिवक्ताओं के साथ चर्चा करें व उन्हें प्रकरण से संबंधित पहलुओं से अवगत करायें।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों में विभाग की तरफ से नियुक्त अधिकारीगण प्रकरणों की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें। ये अधिकारी न्यायालय में पैरवी के लिए राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधिवक्ता के साथ निरंतर संपर्क में रहते हुए उन्हें आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध करवाएं जिससे इन प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण हो सके। उन्होंने विभागों के शासन सचिवों को निर्देश दिए कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्चाधिकारी स्वयं भी नियमित रूप से अधिवक्ताओं के साथ चर्चा कर प्रकरण से संबंधित विभिन्न पहलूओं से उन्हें अवगत कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाना सरकार का लक्ष्य है। इसलिए न्यायालय में लंबित भर्ती संबंधी प्रकरणों का विधिवत परीक्षण करवाकर उनका शीघ्र निस्तारण करवाया जाए।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू आर साहू, महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, विभिन्न अतिरिक्त महाधिवक्तागण एवं संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

## मायावती ने भतीजे आकाश आनन्द को मुख्य नेशनल को-ऑर्डिनेटर बनाया

लखनऊ/दिल्ली, 18 मई। बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर अपने भतीजे आकाश आनंद पर भरोसा जताते हुए उन्हें पार्टी का मुख्य नेशनल को-ऑर्डिनेटर बनाया है। दरअसल, आकाश आनंद रविवार को एक बार फिर बुआ मायावती के साथ नजर आए। आज मायावती ने सेंट्रल ऑफिस, लोधी रोड, दिल्ली में बसपा की एक राष्ट्रीय स्तरीय बैठक बुलाई, जिसमें देश के हर राज्यों से आए पदाधिकारी शामिल हुए। उत्तर प्रदेश के सारे जिला अध्यक्ष, को-ऑर्डिनेटर भी शामिल हुए। बैठक में सारे नेशनल कॉर्डिनेटर, जनरल सेक्रेटरी एवं प्रदेशों के अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

## आरएसएस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लश्कर-ए-तैयबा का ऑपरेटिव था। लश्कर-ए-तैयबा ने भारत में हमलों की तैयारी करने के लिए टास्क दिया था। जिसके बाद वो नेपाल में कई सालों तक बेस बनाकर वहां से लगातार भारत में आतंकवादी हमले करवा रहा था। लेकिन बाद में वो नेपाल से भागकर पाकिस्तान में छिपा हुआ था और इंडिया का मोस्ट वांटेड आतंकी था।

# 'भाजपा, सेना के पराक्रम का चुनावी उपयोग नहीं करे'

## कांग्रेस ने रेलवे टिकट पर ऑपरेशन सिंदूर व मोदी के प्रचार पर आपत्ति की

भोपाल, 18 मई। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की। सरकार ने इसे बड़ी कामयाबी बताया और इसके प्रचार को व्यापक स्तर पर शुरू किया गया है। इसी के तहत, रेलवे टिकट पर ऑपरेशन सिंदूर का प्रचार किए जाने को लेकर मध्यप्रदेश में सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर सेना के शौर्य का राजनीतिक उपयोग करने का आरोप लगाया है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने कहा है कि जब से भारत की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान के दांत खट्टे किए हैं, तब से भाजपा की कोशिश यही है कि सेना के पराक्रम और वीर सैनिकों की बहादुरी को चुनावी राजनीति के लिए कैसे भुनाया जाए।

**■ पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मीडिया सलाहकार ने कहा कि भारत में सेना को राजनीतिक बहस से दूर रखने की स्वस्थ परम्परा है। भाजपा इस परम्परा को तोड़ सेना के अभियान को प्रचार सामग्री बना रही है।**

बबेले कहा कि भारत में हमेशा से एक स्वस्थ परंपरा रही है कि सेना को राजनीतिक बहस से दूर रखा जाता है, लेकिन भाजपा इस परंपरा को तोड़ते हुए सेना के अभियान को भी प्रचार सामग्री बना रही है। लेकिन, अब जब आप रेलवे टिकट बुक करते हैं, तो ऑनलाइन टिकट पर ऑपरेशन सिंदूर का विज्ञापन दिखाई देता है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर और उनका बयान छपा होता है। इससे यह साफ जाहिर होता है कि भाजपा आगामी बिहार चुनाव को देखते हुए सेना के शौर्य का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए कर रही है, यह गलत है। उन्होने कहा कि अगर ऐसे प्रयासों पर समय रहते प्रतिबंध नहीं लगा, तो यह देश के लिए एक गलत मिसाल बन जाएगी।

जवाब में भाजपा ने कहा कांग्रेस के पेट में दर्द क्यों? भाजपा प्रवक्ता सत्येंद्र जैन चौधरी ने कहा, कांग्रेस हमारे सेना के शौर्य का अपमान कर रही है। ऑपरेशन सिंदूर हमारी माता-बहनों के सिंदूर उजाड़ने का प्रतिशोध था। सेना ने 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया गया। यह न्यू नॉर्मल है। यह डिफेंस सिस्टम की विजय है। कांग्रेस को इससे दुख हो रहा है।

राहुल गांधी तो कहते रहे हैं कि भारतीय सेना चीन की सेना से पिट जाती है। कांग्रेस के पेट में दर्द होना स्वाभाविक है।

# पायलट सोमवार को छत्तीसगढ़ में "संविधान बचाओ यात्रा" में भाग लेंगे

## रायपुर में पायलट, पहलगाम आतंकी हमले में मृतक दिनेश मीरानिया के घर गये

रायपुर, 18 मई। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। सचिन पायलट रायपुर पहुंचते ही सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले में मृतक दिनेश मीरानिया के निवास पर गए। उनके साथ पूर्व उप मुख्यमंत्री सिंहदेव, पीसीसी प्रमुख दीपक बैज, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम भी थे। सभी ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और आतंकी घटना को लेकर चर्चा की।

सचिन पायलट ने आतंकी घटना की निंदा करते हुए ऑपरेशन सिंदूर में सेना के शौर्य को सराहा और साथ-साथ अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा सीजफायर की घोषणा को अपमानजनक बताया।

सोमवार को जांजगीर-चांपा जिले में छत्तीसगढ़ कांग्रेस "संविधान बचाओ यात्रा" निकालने वाली है जिसमें प्रभारी सचिन पायलट शामिल होंगे, इस यात्रा के माध्यम से केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग सहित कानून व्यवस्था के मुद्दे को आम जनता तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी।

**■ पायलट ने कहा कि इस यात्रा के द्वारा केन्द्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग सहित कानून व्यवस्था के मुद्दे को जनता तक पहुँचाने की कोशिश की जायेगी।**

मीडिया से चर्चा करते हुए पायलट ने कहा, हम चाहते हैं कि भविष्य में इस तरह की घटना को अंजाम देने वाली ताकतें हमेशा के लिए समाप्त हों। भारतीय सेना ने जो शौर्य का परिचय दिया है, पराक्रम दिखाया है उसका कोई सानी नहीं है, उन सबको हम सलूट करते हैं। हमें ऐसा कोई आश्वासन मिला है क्या कि भविष्य में पाकिस्तान ऐसा दुस्साहस फिर नहीं करेगा, ये एक बड़ा सवाल है।

उन्होंने कहा कि सीजफायर की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति कर रहे हैं, हमारा मुद्दा आतंकवाद है लेकिन जानबूझकर कश्मीर के मुद्दे को चर्चा में लाया गया जिसका मुझे खेद है अमेरिका के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री ने जब भी चर्चा की आतंकवाद की बात नहीं की।

पायलट ने कहा कि भारतीय सेना और हमारे डीएमओ ने जो जानकारी दी उस पर हमें भरोसा है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ टेरर फंडिंग को रोकने के लिए आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को रद्द करने के लिए जो करना चाहिए, हम सरकार के साथ हैं।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908